"IT IS A REPRODUCTION OF EARLIER EDITION OF BENGALI SCRIPT PUBLISHED IN THE YEAR 1955"

✽ श्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ✽

श्रीमत् महाकवि श्रील कविकर्णपूर गोस्वामि प्रभुपादविरचितः

श्रीश्रीअलङ्कारकौस्तुभः

श्रीहरिदास शास्त्री

* श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् *

श्रीमन् महाकवि श्रील-कविकर्णपूर गोस्वामि विरचितः

श्रीमदलङ्कारकौस्तुभः

श्रीवृन्दावनधामवास्तव्येन न्यायवैशेषिकशास्त्रि, नव्यन्यायाचार्य्य,
काव्यव्याकरणसांख्यमीमांसा वेदान्ततर्कतर्कतर्क
वैष्णवदर्शनतीर्थाद्युपाध्यलङ्कृतेन
श्रीहरिदासशास्त्रिणा
सम्पादितः ।

सद्ग्रन्थ प्रकाशक :
श्रीहरिदास शास्त्री
श्रीगदाधर गौरहरि प्रेस * श्रीहरिदास निवास
कालीदह, वृन्दावन, जिला-मथुरा
(उत्तर प्रदेश) पिन-२८११२१

मुद्रक—प्रकाशक :

श्रीहरिदास शास्त्री

श्रीगदाधर गौरहरि प्रेस * श्रीहरिदास निवास

कालीदह, वृन्दावन, जिला-मथुरा (उ० प्र०)

पिन : २८११२१

प्रकाशन-तिथि—२२-२-८८

"If any defect is found in this book,
please return the copy by V.P.P. to the Publisher
for exchange free of cost or postage"

प्रथम संस्करण—१०००

"This publication has been brought out with Financial assistance from Government of India Ministry of Human Resource Development"

Price : Rs. 77—. (Rupees Seventy Seven only.)

प्रकाशन सहायता—७७.००

※ श्रीश्रीगौरगदाधरौ जयतः ※

विज्ञप्तिः

कलियुग पावन स्व भजन विभजन प्रयोजनावतार श्रीश्रीभगवच्छ्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु कृपालब्ध कवित्व शक्ति सम्पन्न श्रीकवि कर्णपूर गोस्वामी रचित श्रीमदलङ्कार कौस्तुभ नामक अन्वर्थनामा अनवद्य ग्रन्थ प्रकाशित हुआ।

'परमानन्द सेन' कवि कर्णपूर का पूर्वनाम है, पुरीदास नामसे भी आप ख्यात हैं। श्रीमन् महाप्रभु प्रदत्त नाम ही कर्णपूर है। श्रीचैतन्यचरितामृत ग्रन्थके आदि १०।८२ में उक्त है।

"चैतन्यदास, रामदास, आर कर्णपूर। शिवानन्देर तीन पुत्र प्रभुर भक्तशूर"

आप का जन्म—१५२४ खृष्टाब्द में काञ्चन पल्ली—काँचड़ापाड़ा नामक वङ्ग प्रदेश में हुआ था। १४९४ शकाब्दा में इन्होंने श्रीचैतन्यचन्द्रोदय नाटक की रचना की उसके चार वत्सर के पश्चात् "श्रीगौरगणोद्देशदीपिका नामक ग्रन्थ प्रणयन किया, एवं क्रमशः आनन्दवृन्दावन चम्पू, श्रीचैतन्य चरितमहाकाव्य, आर्याशतक, कृष्णाह्लिक कौमुदी; अलङ्कार कौस्तुभ, श्रीमद् भागवत के दशमस्कन्ध की टीका, श्रीचैतन्य सहस्रनाम स्तोत्र प्रभृति ग्रन्थों की रचना की। पदावली साहित्य रचना में भी आपका दान अनवद्य है।

सात वत्सर वयस के समय सस्त्रीक शिवानन्द सेन जिस समय पुत्र परमानन्द सेन को पुरीधाम में अवस्थित श्रीचैतन्य महाप्रभु के समीप में उपस्थित किये थे उस समय आपने श्रीमन् महाप्रभु के पदाङ्गुष्ठ लेहन कर अपूर्व कवित्व पूर्ण एक श्लोक का विरचन इस प्रकार किया।

"श्रवसोः कुवलयमक्ष्णोरञ्जनमुरसो महेन्द्रमणिदाम।
वृन्दावनरमणीनां मण्डनमखिलं हरिर्जयति ॥

चैतन्य चरितामृत ग्रन्थके अन्त्य १६।१७-७५ में लिखित है—"आर दिन प्रभु कहेन पड़ पुरीदास' एक श्लोक करि तिंहो करिला प्रकाश, सात वत्सरेर शिशु; नाहि अध्ययन। ऐछे श्लोक करे लोके चमत्कृत हन।"

रस मात्र में ही काव्य का वैशिष्ट्य है, श्रीकृष्ण भक्ति विज्ञ व्यक्तिवृन्द उस रस को प्राकृत रस एवं भगवद् विषयक रस रूप में विभक्त करते हैं।

"प्राकृत विषया भगवद्विषयश्चास्मिन् मता भेदाः।
पूर्वे पुरुबीभत्साः स्फुटमपेर सर्वशर्म दातारः।
श्रीमद् भागवताख्यः पञ्चमवेदः प्रमाणं हि ॥

यथा—न यद्वचश्चित्र पदं हरेर्यशो जगत् पवित्रं प्रगृणीत कर्हिचित्।
तद् वायसं तीर्थमुशन्ति मानसा न यत्र हंसा निरमन्त्युशिक्क्षयाः।
नूनं दैवेन निहता ये चाच्युतकथासुधां।
हित्वा शृण्वन्त्यसद्गाथां पुरीषमिव विड्भुजः ॥

त्वक् श्मश्रु, रोमनख केशपिनद्धमन्त मांसास्थिरक्तकृमिविट्कफपित्त-वातं ।
जीवच्छवं भजति कान्तमतिर्विमूढ़ा याते पदाब्ज मकरन्दमजिघ्रती स्त्री ॥
निवृत्ततर्षैरुपगीयमानाद् भवौषधाच्छ्रोत्रमनोभिरामात् ।
क उत्तम श्लोक गुणानुवादात् पुमान् विरज्येत विना पशुघ्नात् । इत्यादि ।
तत् काव्यं पुंवदुद्दिष्ट दोषाद् दुष्ट गुणाद् गुणि ।
अलङ्कारादलङ्कारि क्रुराद् दोषाद् विनश्यति ।
रसा भागवतास्तेतु विज्ञातव्या रसामृतात् :
ते गम्या व्यञ्जनावृत्त्या यागम्या शब्दवृत्तिषु ॥"

प्राकृत में रस शब्द से निबिड़ वीभत्स रस का बोध होता है । किन्तु श्रीभगवद् विषयक रस तो प्राणि मात्र में आत्मीय बुद्धि उत्पन्न कर परम कल्याण प्रदान करता है, इस विषय में पञ्चम वेद स्वरूप श्रीमद् भागवत ही प्रमाण है । उक्त है—

सर्व सुलक्षणान्वित हृदय हारिणी वाणी भी यदि श्रीहरि के यशः वर्णन में प्रवृत्त नहीं होती है तो, उसको वायस तीर्थ कहते हैं । उच्छिष्ट गर्त्त में काक की प्रवृत्ति होती है, किन्तु कमनीय मानस सरोवर में विहरण रत हंसगण उसको सेवन नहीं करते हैं । अर्थात् समदर्शी श्रीहरि के गुण वर्णन रत मन कभी भी मांसलनायिका वर्णन में लुब्ध नहीं होता है ।

सर्व जन हित कारिता में जो हित है, वह हित दुःखद कृत्रिम भोग्यास्पद विषय सेवन से नहीं होता है । अतएव कथित है—जो लोक विड्भोजनकारी पशु के समान असत् वार्त्ता को सुनते रहते हैं, उन सब को देवने विनष्ट किया है, जानना होगा, कारण सर्वजन हितकर अमृतमय अच्युत की चरित्र कथा को परित्याग उन्होंने किया है ।

प्राकृत में आरोपित नश्वर कान्त कान्ता बुद्धि के द्वारा रसास्वादन होता है, किन्तु विवेकी व्यक्ति का कथन है—स्त्री वृन्द, त्वक् श्मश्रु, रोम, नख केश युक्त, मांस अस्थि रक्त, कृमि, विट्, कफ, पित्त, एवं वायु पूर्ण जीवित शव का भजन कान्त मति से करती रहती हैं, वे सब ही विमूढ़ा हैं, किन्तु जिन्होंने श्रीहरि के चरणारविन्द की सुगन्ध को प्राप्त किया है, वे वैसा नहीं करती हैं ।

पशु हत्याकारी निर्दय व्यक्ति एवं आत्मघाती व्यक्ति को छोड़कर उत्तम श्लोक के गुणानुवाद से कोई भी व्यक्ति विरत नहीं होता है, क्योंकि तृष्णा शून्य व्यक्तिगण उसका गान करते हैं । और वह गुणानुवाद भवौषध होते हुये भी मन श्रवण को मुग्ध करता है ।

मानव शरीर के समान मानव रचित काव्य भी दुष्ट होता है, और गुणों से गुणी होता है, अलङ्कार से अलङ्कृत होता है, अन्यथा क्रूरतादि दोष से वह व्यक्ति विनष्ट हो जाता है । रस शब्द से भागवत रस को ही कहा जाता है, उसका परिज्ञान भक्ति रसामृतसिन्धु से करना आवश्यक है, रस का जो अंश शब्द सङ्केत से ज्ञात नहीं होता है, उसका परिज्ञान भी व्यञ्जना वृत्ति से होता है ।

'विभावानुभाव व्यभिचारि संयोगाद्रसनिष्पत्तिः' भरत मुनिकृत इस सूत्र के अनुसार रस प्रक्रिया का वर्णन हुआ है । विभावयत्युत्पादयतीति विभावः कारणम्, अनुपश्चात् भावो भवनं यस्य सोऽनुभावः

कार्य्यम्, विशेषेण आभिमुख्येन चरितुं शीलं यस्येति व्यभिचारी सहकारी-एतेषां संयोगाद् सम्बन्धाद् रसस्य निष्पत्ति रभिव्यक्तिः कार्य्य कारण सहकारित्वेन लोके या रस निष्पत्ति सामग्री सैव काव्ये नाट्ये च विभावादि व्यपदेशा भवन्तीति सम्प्रदायः। कारणमत्र--निमित्तम्।

विभावानुभाव एवं सञ्चारिभाव के संयोग से अर्थात् सम्बन्ध से रस निष्पत्ति अर्थात् अभिव्यक्ति--साक्षात् कार होता है। लोक में कार्य्य कारण सहकारी शब्द से जिस को कहा जाता है, काव्य नाट्य में उसी को विभाव अनुभाव व्यभिचारी कहते हैं।

आलम्बन उद्दीपन भेद से विभाव द्विविध हैं, स्थायिभाव के आश्रय को आलम्बन विभाव, एवं जो उसकी उद्दीप्त करता है, उसको उद्दीपन विभाव कहते हैं।

एभिरेव व्यञ्जकैस्तु त्रिभिरुद्रेकमागतैः।
आस्वादाङ्कुरकन्दोऽसौ भावः स्थायी रसायते॥

व्यञ्जक जो विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारिभाव है, ये तीन उद्रिक्त होकर आस्वादाङ्कुर के बीज स्वरूप स्थायिभाव को रसरूप में परिणत करते हैं। अतएव वे सब रस के प्रति कारण नहीं हैं, किन्तु रसाभिव्यक्ति के प्रति कारण हैं। स्थायी की नित्यता हेतु उसके परिणाम स्वरूप रस की भी नित्यता सिद्ध है। स्थायिभाव का निरूपण यह है—

आस्वादाङ्कुर-कन्दोऽस्ति धर्मः कश्चन चेतसः।
रजस्तमोभ्यां हीनस्य शुद्ध सत्त्वतया सतः॥
स स्थायी कथ्यते विज्ञै विभावस्य पृथक्तया
पृथग् विधत्वं यात्येषां सामाजिकतया सताम्॥

रजोगुण एवं तमोगुण रहित शुद्ध सत्त्व नाम से अभिहित चित्त का एक धर्म ही स्थायिभाव है, रजस्तमोगुण से रहित होने के कारण सामाजिक गण अविद्या रहित होते हैं। अतएव उन सबके शुद्ध सत्त्व भी माया वृत्ति नहीं है, किन्तु चिद्रूप ही है, उन सब का रसास्वाद तत्तद्धर्म निष्ठ होने पर भी ह्लादिनी शक्ति की आनन्दात्मक वृत्ति ही है। किन्तु जड़ात्मक नहीं है। कारण जड़ परिणाम स्वरूप कभी भी आनन्द स्वरूप हो ही नहीं सकता।

स्थायिभाव एक होने पर भी आलम्बन उद्दीपणात्मक विभावद्वय के भेद से स्फटिक जवाकुसुम न्यास से विभिन्नाकार होते हैं, इस प्रकार स्थायि रूप धर्म--प्रपञ्चान्तर्गत सामाजिक को रसास्वादक होता है। किन्तु भगवत् पार्षद वृन्द का वा भगवत् पार्षद के अनुगत साधक वृन्द का रसास्वादक नहीं होता है, उन सब में स्वतः सिद्ध जो सब स्थायिभाव हैं, वे ही रसास्वादक होते हैं।

स्थायिभाव अष्टविध हैं, काव्य प्रकाश के मत से निर्वेद को स्थायिभाव मान कर शान्त रस नामक नवम रस होते हैं, भोजराज के मत में वत्सलता एवं प्रेम को मानकर एकादश रस होते हैं, वात्सल्य में ममकार, एवं प्रेम में चित्त द्रव स्थायी है। अतएव रसज्ञ व्यक्तिगण दृश्य एवं श्रव्य काव्य में एकादशविध रस को मानते हैं। भक्ति रसामृत सिन्धु कारके मतमें मुख्य गौण भेद से द्वादशविध रस हैं।

शृङ्गारे रतिरुत्साहो वीरस्याच्छोक विस्मयौ।

मुद्रक—प्रकाशक :

श्रीहरिदास शास्त्री

श्रीगदाधर गौरहरि प्रेस * श्रीहरिदास निवास

कालीदह, वृन्दावन, जिला-मथुरा (उ०प्र०)

पिन : २८११२१

प्रकाशन तिथि—२३-२-८६

"If any defect is found in this book,
please return the copy by V.P.P. to the Publisher
for exchange free of cost or postage"

प्रथम संस्करण—१०००

"This publication has been brought out with Financial assistance from
Government of India Ministry of Human Resource Development"

Price : Rs. 77—. (Rupees Seventy Seven only.)

प्रकाशन सहायता—७७.००

※ श्रीश्रीगौरगदाधरौ जयतः ※

विज्ञप्तिः

कलियुग पावन स्व भजन विभजन प्रयोजनावतार श्रीश्रीभगवच्छ्रीकृष्ण चैतन्य महाप्रभु कृपालब्ध कवित्व शक्ति सम्पन्न श्रीकवि कर्णपूर गोस्वामी रचित श्रीमदलङ्कार कौस्तुभ नामक अन्वर्थनामा अनवद्य ग्रन्थ प्रकाशित हुआ।

'परमानन्द सेन' कवि कर्णपुर का पूर्वनाम है, पुरीदास नामसे भी आप ख्यात हैं। श्रीमन् महाप्रभु प्रदत्त नाम ही कर्णपूर है। श्रीचैतन्यचरितामृत ग्रन्थके आदि १०।८२ में उक्त है।

"चैतन्यदास, रामदास, आर कर्णपूर। शिवानन्देर तीन पुत्र प्रभुर भक्तिशूर"

आप का जन्म १५२४ खृष्टाब्द में काञ्चन पल्ली-काँचड़ापाड़ा नामक वङ्ग प्रदेश में हुआ था। १४६४ शकाब्दा में इन्होंने श्रीचैतन्यचन्द्रोदय नाटक की रचना की उसके चार वत्सर के पश्चात् "श्रीगौर-गणोद्देशदीपिका नामक ग्रन्थ प्रणयन किया, एवं क्रमशः आनन्दवृन्दावन चम्पू, श्रीचैतन्य चरितमहाकाव्य, आर्य्याशतक, कृष्णाह्निक कौमुदी, अलङ्कार कौस्तुभ, श्रीमद् भागवत के दशमस्कन्ध की टीका, श्रीचैतन्य सहस्रनाम स्तोत्र प्रभृति ग्रन्थों की रचना की। पदावली साहित्य रचना में भी आपका दान अनवद्य है।

सात वत्सर वयस के समय सस्त्रीक शिवानन्द सेन जिस समय पुत्र परमानन्द सेन को पुरीधाम में अवस्थित श्रीचैतन्य महाप्रभु के समीप में उपस्थित किये थे उस समय आपने श्रीमन् महाप्रभु के पदाङ्गुष्ठ लेहन कर अपूर्व कवित्व पूर्ण एक श्लोक का विरचन इस प्रकार किया।

"श्रवसोः कुवलयमक्ष्णोरञ्जनमुरसो महेन्द्रमणिदाम।
वृन्दावनरमणीनां मण्डनमखिलं हरिर्जयति ॥

चैतन्य चरितामृत ग्रन्थके अन्त्य १६।७०-७५ में लिखित है—"आर दिन प्रभु कहेन पड़ पुरीदास' एक श्लोक करि तिंहो करिला प्रकाश, सात वत्सरेर शिशु, नाहि अध्ययन। ऐछे श्लोक करे लोके चमत्कृत हन।"

रस मात्र में ही काव्य का वैशिष्ट्य है, श्रीकृष्ण भक्ति विज्ञ व्यक्तिवृन्द उस रस को प्राकृत रस एवं भगवद् विषयक रस रूप में विभक्त करते हैं।

"प्राकृत विषया भगवद्विषया श्चास्मिन् मता भेदाः।
पूर्वे पुरुबीभत्साः स्फुटमपेर सर्वशर्म दातारः।
श्रीमद् भागवताख्यः पञ्चमवेदः प्रमाणं हि ॥

यथा—न यद्वचश्चित्र पदं हरेर्यशो जगत् पवित्रं प्रगृणीत कर्हिचित्।
तद् वायसं तीर्थमुशन्ति मानसा न यत्र हंसा निरमन्त्युशिक्क्षयाः।
नूनं दैवेन निहता ये चाच्युतकथासुधां।
हित्वा शृण्वन्त्यसद्गाथां पुरीषमिव विड्भुजः ॥

करुणाद् भुतयो हासो दास्यंप्रीति र्भयानकः।
जुगुप्सा बीभत्स संज्ञो कोपो रौद्र ऽष्टनाट्यगाः ॥

चित्त रञ्जक धर्म विशेष को रति कहते हैं, वह सुखभोग का आनुकूल्य करती है। उक्त चित्त रञ्जकता-प्रीति मैत्री, सौहार्द एवं भाव शब्द से अभिहित होती है।

प्रधानतः वह द्विविध हैं, सम्प्रयोग विषया, एवं असम्प्रयोग विषया, उसके मध्य में सम्प्रयोग विषय को रति शब्द से एवं असम्प्रयोग विषय को प्रीति शब्द से कहते हैं। यहाँ स्त्री पुरुष व्यवहार को बुधगण सम्प्रयोग कहते हैं। सखा की पत्नी में एवं पति के सखा में जो चित्त रञ्जकता है, उसको प्रीति कहते हैं। जिस प्रकार द्रौपदी एवं श्रीकृष्ण की पारस्परिक प्रीति है, स्त्री गण की सखी के सहित एवं पुरुष गण की सखा गण के सहित उक्त प्रीति को मैत्री कहते हैं।

रति श्चेतो रञ्जकता सुखभोगानुकूल्यकृत्।
सा प्रीति मैत्री सौहार्द भाव संज्ञां स गच्छति।
सम्प्रयोगः स्त्री पुरुष व्यवहारः सतां मतः।
असम्प्रयोग विषया सैव प्रीति निगद्यते।
सैव चेतो रञ्जकता।
सखि पत्न्यां पतिसखे द्रौपदी कृष्णयोर्यथा।
द्वयोः सखीषु सखिषु सैव मैत्री निगद्यते।
द्वयोः स्त्री पुरुषयोः स्त्रीणां सखीषु पुरुषाणां सखिषु।
मनोवृत्तिमयी प्रीति मैत्री स्पर्शादि कोचिता।
निर्विकारा सदैकभासा सौहार्द मितीष्यते।

देवता विषयक रति को भाव कहते हैं।

"सैव देवादि विषया रतिर्भवश्च कथ्यते"

वह चित्त रञ्जकता के विषय देवता, गुरु प्रभृति होने से भाव शब्द से अभिहित होती है। श्रीकृष्ण के प्रति देवत्व सर्व व्यापकत्व रूप से जो चित्त रञ्जकता रति है। वही भाव है, यही भक्ति रस होगा।

रति के अनन्तर श्रवण कीर्त्तनादि भजन पुनः पुनः होने से रति का जो उत्कर्ष होता है, वह प्रथम पाक से भाव रूप में परिणत होता है। यहाँ पाक शब्द से पुनः पुनः भजन को जानना होगा। पूर्वाचार्य्य वृन्द के मत में वह इस प्रकार है—

यथेक्षूणां रसो ह्यग्नेः पाकात् पाकान्तरे गुडः।
गुडोऽपि पाकतः पाके चरमे स्यात् सितोपला॥
सैव रतिर्भाव पूर्वराग रागाख्य पाकतः।
अनुरागः स प्रणय प्रेमाभ्यां पाक मागतः
स्नेह पाकमथो याति महारागोऽयमुच्यते॥

नैरन्तर्य्य भजन से भाव,—पूर्व राग, राग, अनुराग, प्रणय, प्रेम, स्नेह, एवं चरम अवस्था में महाभाव रूप में परिणत होता है। यही आनन्दोत्कर्ष की परमावधि रूप है।

निर्विकार चित्त में जो प्रथम विकार है— अर्थात् रति का प्रथम पाक है, वह भाव नाम से अभिहित होता है। इस प्रकार महाभाव, गोपिकागण में ही है, अपर भक्त वृन्द में नहीं है। अतएव भा० १०।४७।५९ में उद्धव ने "कृष्णे क्वचैव परमात्मनि रूढ़ भावः" शब्द से उन सब के भावोत्कर्ष का कीर्त्तन किया है। भा० १०।४७।६१ में तो उन्होंने "आसामहो चरणरेणु जुषामहं स्याम्" शब्द से गोपियों की चरण रेणु की प्रार्थना की है, किन्तु सान्निध्य में रहते हुये भी कभी भी रुक्मिणी लक्ष्मी प्रभृतियों की चरण रेणु की प्रार्थना नहीं की है। शास्त्र के किसी भी स्थल में यह देखने में नहीं आता है।

सितोपला—'मिश्री—मिसरी' मत्स्यण्डिका शब्द से ख्यात है, मत्स्यण्डिका का चरम पाक से उत्पन्न पश्चिम प्रदेश में प्रसिद्ध एक प्रकार सुमिष्ट पदार्थ सितोपला होती है। यहाँ विकार शब्द का अर्थ है— अपर विषय में आसक्ति रहित चित्त में ही प्रथम विक्रिया रूप भाव होता है। जिस की अभिव्यक्ति हेतु विभावादि को कारण कहा गया है?—उसको कहते हैं—

> बहिरन्तः करणयो र्व्यापारान्तर रोधकम्।
> स्व कारणादि संश्लेषिचमत्कारि सुखं रसः॥

बहिरिन्द्रिय एवं अन्तरिन्द्रिय सम्बन्ध में व्यापारान्तर का रोधक-अथ च स्वकारणीभूत विभावादि के सहित सम्मिलित चमत्कार जनक जो सुख है—उसको रस कहते हैं।

उत्तम प्रकृति अनुकार्य्य गण में यह रस स्वतः सिद्ध रूप से रहता है। काव्यादि में सामाजिक वृन्द में उक्त रस आविर्भूत होता है। उन में सर्वरसाभिव्यक्ति शाली आनन्द बीज स्वरूप एक मात्र चित्त धर्म विशेष स्थायी होता है

जिस प्रकार एक ही दधिवस्तु सिता, मरिच, कर्पूरादि के सहित मिलित होकर रसालानामकपेय वस्तु होती है, उसका आस्वादन के समय में विचित्र रस का प्रत्यक्ष होता है। उस प्रकार रसका भी आस्वादन होता है। यह रस उत्तम सम्पत्ति सम्पन्न अप्राकृत अनुकार्य्यों में एवं भक्तों में होता है।

रस—आनन्द धर्मा होने के कारण, वह एक प्रकार ही होता है। किन्तु भाव ही रति प्रभृति उपाधि भेद से विभिन्न प्रकार होते हैं। जिस प्रकार शरावगत सलिल समूह का तारतम्य होने पर भी उस में सूर्य्य का प्रतिबिम्ब एक प्रकार ही होता है, रस में भी उस प्रकार उपाधिगत भेद है, आनन्द गत किसी प्रकार भेद नहीं है।

> रसस्यानन्द धर्मत्वादेकध्यं भाव एव हि।
> उपाधिभेदान्नानात्वं रत्यादय उपाधयः॥

जिस प्रकार सितोपला का पाकान्तर नहीं होता है, जिस प्रकार महाराग का भी परमाश्रय स्वरूप होने के कारण—पाकान्तर नहीं है, उस प्रकार रस का भी जानना होगा। अतएव रस के विविध प्रकार नहीं हैं।

प्राकृत अप्राकृत एवं आभास भेद से यह रस त्रिविध होते हैं, प्राकृत अर्थात्—लौकिक, जिस प्रकार मालती माधव निष्ठ है। अप्राकृत—जिस प्रकार श्रीकृष्ण राधादि निष्ठ है।

अनौचित्यादि प्रवर्त्तित से ही आभास होता है, वह त्रिविध है—प्रसिद्ध, कृत्रिम, एवं सिद्धि।

यदुक्तम्—यद्यप्ययं रसाभासः परोढ़ रमणीरतिः।
तथापि ध्वनि वैशिष्ट्यादुत्तमं काव्यमेव तत्॥

रसाचार्य्य वृन्द के मत में यद्यपि परोढ़ रमणी विषयिणी रति से रसाभास होती है, तथापि ध्वनि वैशिष्ट्य हेतु वह उत्तम काव्य के मध्य में परिगणित होता है। तथापि 'रस एवं उभय का आभास एवं भाव शान्त्यादि का क्रम नहीं है। इस प्रकार कथन हेतु एवं 'आभास भी चमत्कार वशो में ध्वनि शब्द वाच्य होता है। इस प्रकार कथन हेतु प्राकृत स्थल में ध्वनि मर्यादा निबन्धन उसका उत्तम काव्यत्व होता है। औचित्य रीति के अनुसार उसकी उत्तमता नहीं होती है।

"अप्राकृते तु परोढ़ रमणी रतिरेव सर्वोत्तमतया भूयसी श्रूयते। न तस्या अनौचित्य प्रवर्त्तितत्वम्। अलौकिकत्व सिद्धे भूषणमेव, नतु दूषणमिति न्यायात्, तर्का गोचरत्वाच्च। तथा च (महाभारते उद्योग पर्वणि) 'अलौकिकाश्च ये भावा न तां स्तर्केण योजयेत्' इति च।

व्रज वधूनां कृष्णैक तान मानसत्वेन स्व पतिनिष्ठत्वाभावात्तेषाञ्च माया कलित तच्छायानुशीलनेन तदङ्ग सङ्गमात्, प्रत्युत केवलानुरागमात्रोपाधितया चेतोरञ्जक तायाः शुद्धत्वमेव॥"

अप्राकृत स्थल में परोढ़ रमणी रति ही सर्वोत्तम रूप से कीर्त्तित है। उक्त रति का अनौचित्य प्रवर्तितत्व नहीं है। कारण, नियम इस प्रकार है कि—अलौकिकत्व सिद्धि हेतु वह भूषण ही है, दोष नहीं है। विशेषतः उक्त प्रसङ्ग समूह तर्क गोचर नहीं हैं। जो सब भाव-अलौकिक हैं, मनुष्य मति प्रभव तर्क के द्वारा उन सब भावों की परीक्षा करना समीचीन नहीं है। महाभारत के उद्योग पर्व में इस प्रकार कथित हुआ है।

व्रजवधू वृन्द की श्रीकृष्ण में एकाग्र चित्तता हेतु स्वपतिनिष्ठता नहीं थी। एवं उन सब के माया ग्रहीत शरीर मात्र की अनुशीलन होने के कारण उन सब के पति वृन्द भी उन सब के सहित संसर्ग करने में अक्षम थे। अतएव केवल अनुरागमात्रोपाधि हेतु चित्त रञ्जकता भी विशुद्ध ही है।

शान्ति प्रभृति पञ्चविध रति के मध्य में श्रृङ्गार रति सर्वोत्तमा है। वह रति द्विविधा है। स्वकीया एवं परकीया। स्वकीया—रुक्मिण्यादि निष्ठा, एवं परकीया—व्रजसुन्दरी निष्ठा है। उक्त उभय प्रकार के मध्य में व्रजसुन्दरी की रति—सर्वोत्तमा है।

समस्त वेदेतिहास पुराणादि के मध्य में सारभूत श्रीमद् भागवत में श्रीकृष्ण ने कहा है। "न पारयेऽहं निरवद्य संयुजां" तुम सबके अनुरूप भजन करने में मैं असमर्थ हूँ। तुम सबने दुर्जर—गृह शृङ्खल को छेदन किया है। श्रीमदुद्धवने भी कहा है—जिन्होंने स्वजन एवं आर्य्यपथ को परित्याग करके भजन किया है।

श्रीमदुज्ज्वल नीलमणि ग्रन्थके नायक भेद प्रकरण १९ में श्रीरूप गोस्वामि पाद ने कहा है। "अत्रैव परमोत्कर्ष श्रृङ्गारस्य प्रतिष्ठितः' इत्यादौ महानुभावानां दृश्य श्रव्य काव्यादौ परकीया सर्वोत्तमतया भूयसी श्रूयते—इत्यर्थः।

रस ग्रन्थ में काव्य गत रस का विचार करना ही कर्त्तव्य है। काव्य—दृश्य एवं श्रव्य भेद से द्विविध है। दृश्य काव्य में विभावादि शब्दोपात्त एवं नटाश्रय एवं अभिनेय पदार्थाश्रय होते हैं, श्रव्य काव्य में केवल विभावादि केवल शब्दोपात्त होते हैं। अनुकार्य्य—अर्थात् नट जिसका अनुकरण करता

है, वह उसका जो रसग्रह होता है, इसकी सम्भावना क्या है ? अनुकर्त्ता अर्थात् अनुकरण कारी जो नट है, रस—तद्गत भी नहीं होता है, कारण, केवल शिक्षण एवं अभ्यासादि प्रकाश कौशल के द्वारा आस्वादकता ही नहीं हो सकती है।

कदाचित् यावतीय बाह्य वस्तु विषयक ज्ञान शून्यता दशा यदि अनुकर्त्ता में देखने में आती है तो उसको सामाजिक मान लेना चाहिये। किन्तु तादृश दशापन्न नटका उस प्रकार अनुकरण जीवन्मुक्त व्यक्ति के आहार विहार के समान प्राक्तन संस्कार से ही होता है। ऐसा कहना पड़ेगा। इस से प्रमाणित हुआ है कि—रसास्वाद सामाजिक को ही होता है।

नट वृन्द—जब अनुकार्य्य के चरित्रानुकरण करते हैं, तब उस चरित्र दर्शन श्रवण से इस प्रकार चमत् कारातिशय उत्पन्न होता है कि—उसके प्रभाव से पदार्थान्तर की उपलब्धि विलुप्त होने से तन्मात्र की स्फूर्त्ति होती रहती है। एवं रामसीता का रतिकला कौशल कैसा अद्भुत है, राम रावण का यह संग्राम कैसा विचित्र है। प्रेत पिशाचादि के ये सब कार्य्य कितने विस्मय कर हैं। इस प्रकार समस्त रसों में ही चमत् कार पूर्ण वैचित्र्यातिशय की स्फूर्त्ति होती रहती है। कारण—रस में चमत् कारातिशय ही सार पदार्थ है, जिसको छोड़कर रस--रस शब्द से अभिहित नहीं होता है। सर्वत्र ही उत्तम चमत्कार सार वस्तु रूप में प्रतीयमान होने पर समस्त रस ही उद्भूत होते हैं। विज्ञ रसज्ञ व्यक्ति वृन्द का कथन इस प्रकार ही है।

उक्त अद्भुतातिशय की स्फूर्त्ति के समय मिथ्या, संशय एवं सादृश्यादि प्रत्यय के अतिरिक्त इस प्रकार एक अनिर्वचनीय प्रत्यय विशेष का आविर्भाव होता है कि—कृत्रिम विभावादि भी अकृत्रिमवत् प्रतीयमान होते हैं। एवं चित्र लिखित रमणी की, प्रतिमादि में सुस्पष्ट प्रतीति होती है। यह रामसीता की मूर्त्ति है, यह रामचन्द्र--सीता शोक समाकुल हैं। यह है—दश कन्धर रावण, यह है—दाशरथि, यह जनोद्वेगकर भीषण व्याघ्र है। यह शव समूह के मांसादि भक्षणोन्मत्त पिशाचादि की नृत्य सङ्कुल श्मशान भूमि है।

उस समय सामाजिक गण के चित्तस्थित रजः तमोभाव--निज रस वासना से विघटित होने के कारण, उस स्वच्छतर चित्त में एक मात्र अनिर्वचनीय आनन्द का आविर्भाव होता है।

यहाँ प्रश्न हो सकता है कि—एक ही चित्त में रति, शोक, विस्मय प्रभृति यावतीय स्थायिभाव की स्थिति कैसे हो सकती है ? कारण, वे सब परस्पर इस प्रकार विसदृश होते हैं कि—उन सब की एकत्र अवस्थिति को सम्भावना ही नहीं है। एवं यति प्रभृति के चित्त में कैसे रतिस्थायी हो सकती है ? कारण, संयमी व्यक्ति वृन्द के चित्त में भय शोकादि की सत्ता ही कहाँ है ?

समाधान हेतु वक्तव्य यह है कि--आस्वादाङ्कुर के बीज स्वरूप जो अनिर्वचनीय चित्तधर्म है, वही यावतीय रसगत चमत्कारका ग्राहक है।

भयानक, बीभत्सादि काव्य एवं नाट्य में ही रस होते हैं, लौकिक में वे सब रस नहीं हैं। एतज्जन्य नाट्य में अष्टविध रसका उल्लेख किया गया है।

नाट्य व्यतीत लौकिक स्थल में जहाँ पूर्वोक्त रस लक्षण का योग है, उस प्रकार शृङ्गारादि कतिपय रसका हीं रसत्व सिद्ध होता है।

नाट्य समूह के मध्य में, शृङ्गार रस का आदित्व हेतु प्रथमतः उसको कहना उचित होने पर भी विशेष रूपसे उसका वर्णन अग्रिम ग्रन्थ में होगा। कारण, वह विस्तृत अङ्गका है, सूची कटाह न्याय से

वीर रस का वर्णन प्रथम हुआ है।

प्राकृत एवं अप्राकृत भेद से वीर रस द्विविध होने पर भी यहाँ अप्राकृत का ही उदाहरण प्रस्तुत होते, सजातीय एवं विजातीय प्रत्यालम्बन भेद से अप्राकृत वीर रस भी द्विविध होते हैं।

विजातीयालम्बन अप्राकृत वीर रस का उदाहरण—

"गुणं कर्णाक्रिष्टं कर किशलयं तूण शिखरे
धनुश्चक्रीभूतं निपतदिषुवृन्दं तत इतः।
रिपून् भूमौ सुप्तान् कलयति समं देवनिकरे—
जरासन्धस्थायी जयति भुजवीर्यं मुरभिदः॥"

जरासन्ध के युद्ध में भगवान् मुरवैरी के अपूर्व भुजवीर्य्य की जय हो, जिस भुजवीर्य्य के प्रभाव से युद्धदर्शी देवगण एक ही समय देखे थे कि—भगवान् के गुण-सर्वदा आकर्ण कृषित होकर है, कर पल्लव निरन्तर तूणाग्रभाग में विराजित है, शरासन सतत वक्रीभूत होकर है। बाण समूह-अनुक्षण इतस्तत निःक्षिप्त हो रहे हैं। शत्रु समूह भी निरन्तर भूतल में प्रसुप्त हो रहे हैं।

यहाँ उत्साह स्थायी है, एवं वह उभयनिष्ठ है, जरासन्ध आलम्बन विभाव है, एवं जरासन्ध के सम्बन्ध में श्रीकृष्ण भी आलम्बन विभाव है। परस्पर की वीरता उद्दीपन विभाव है। बाण प्रक्षेपण विषय में हस्त लाघव—अनुभाव है। गर्व, उग्रता, अमर्ष, चपलतादि – व्यभिचारिभाव है। उन सबों के द्वारा पुष्ट होकर स्थायी भाव रसत्व प्राप्त होता है, रस अनुकार्य स्वरूप प्रकृत श्रीकृष्ण में परोक्ष एवं काव्य श्रवण हेतु सामाजिक के पक्ष में प्रत्यक्ष है। इस प्रकार अन्यान्य स्थल में विचार करना आवश्यक है।

करुण रसका उदाहरण—

दो र्गुप्तायां मधुविजयिनो हा कथं द्वारवत्या—
मन्यायोऽस्यामयमुदभवद् धन्त निष्कल्मषायाम्।
जातं जातं सुतमपहरत्येष मेऽकालमृत्युः
को मां याता हरि हरि हहा हा हता हा हता स्मः॥

अत्र शोकः, स्थायी, एष एक निष्ठः। पुत्रनाशः, आलम्बनम्, पुत्रगत ममताद्युद्दीपनम्।, अनुभावः— शिरस्ताड़नादिः। व्यभिचारी—विषाद—दैन्य–ग्लान्यादिः। अयन्तु सामाजिक गतएव, नानुकार्य्य गतः परोक्षेऽपि। अयं सामाजिक गतोऽप्य प्राकृतः कृष्णाश्रयत्वात्।

हाय! मधुसूदन के बाहुबल के द्वारा रक्षिता, पापस्पर्श शून्या यह जो द्वारका नगरी है, इस में भी क्यों इस प्रकार अन्याय होने लगा है? जब ही मेरा पुत्र होगा, उसी समय क्या अकालमृत्यु उसको अपहरण कर ले जावेगी? हाय! इस विपद से कौन व्यक्ति मुझको उद्धार करेगा? मैं तो निहत हो गया।

यहाँ शोक स्थायी है, एवं यह एकनिष्ठ है। पुत्रनाश--आलम्बन है। पुत्रगत ममतादि--उद्दीपन है, मस्तक में कराघातादि अनुभाव हैं, दैन्य, ग्लानि, विषाद प्रभृति व्यभिचार भाव हैं।

यह रस सामाजिक गत है, यह अनुकार्य्यगत नहीं है। अनुकार्य्य का प्रत्यक्ष नहीं होता है, किन्तु सामाजिकगत होने पर भी कृष्णाश्रयता होने के कारण, यह अप्राकृत है।

अद्भुत रस का निदर्शन—

आलोकः सखि लोकलोचन मुदामुद्रेकमुद्भावयन्
सोमस्तोम निदाघधाम निवह प्रद्योत संद्योहरः।
मेघे माधवने मणावपि घृणानिर्वाहिको नीलिमा
सामानाधिकरण्यमत्र किमहो चित्रं तमस्तेजसोः ॥

अत्र विस्मयः स्थायी, एष एकनिष्ठः। आलम्बनं—श्रीकृष्णः, उद्दीपनं—तल्लावण्यादि, अनुभावः—रोमाञ्चादिः, व्यभिचारी—आवेग मति चापल्यादिः। अयं परोक्षोऽनुकार्य्यगतः, प्रत्यक्षः सामाजिक गतः, अयमप्राकृत एव।

हे सखि! यह अति विचित्र है कि—अन्धकार एवं तेजः, ये दो परस्पर विरुद्ध पदार्थ हैं। यह श्रीकृष्ण रूप—एक आधार में एक समय में अवस्थित है। देखो, इसकी अद्भुत नीलिमा, असंख्य सुधाकर एवं प्रभाकर की प्रभा को सहसा अपहरण करके एवं मेघ मण्डल तथा इन्द्रनीलमणि के प्रति भी घृणा उत्पादन पूर्वक लोक लोचन का अपूर्व प्रीति विस्तारकारी आलोक रूप में विराजित है।

यहाँ विस्मय स्थायी है, एकनिष्ठ है, आलम्बन—श्रीकृष्ण हैं, उद्दीपन—लावण्यादि हैं, अनुभाव—रोमाञ्चादि हैं, व्यभिचारी—आवेग मति—चापल्यादि हैं। यह परोक्ष—अनुकार्य्य गत है, प्रत्यक्ष—सामाजिक गत है, यह अप्राकृत ही है।

हास्य रस का दृष्टान्त—

उन्मत्ताभि वसन्तोत्सव रभस मदैर्गोदुहां कन्यकाभिः
क्षोदैः सिन्दूर चन्द्रागुरुमलयरुहां हा धिगन्धी कृतोऽस्मि।
जाड्यं गन्धाम्बुसेकैरजनि तत इतो धावितुं नास्मि शक्तो
व्यापद्येऽहं वयस्य प्रियसखमव मां मास्तिवह ब्रह्महत्या ॥

अत्र भगवद् सखो विदूषको ब्राह्मण वटु मधुमङ्गलो वक्ता। हासः स्थायी, एष बहु निष्ठः। आलम्बनं वसन्तोत्सवादि, उद्दीपनं विदूषकस्य वैकल्यम्, अनुभाव—नयने स्फारतादिः, व्यभिचारि—श्रम-मद-चपलता ग्लान्यादिः।

वसन्तोत्सव हेतु हर्ष एवं मदभर से उन्मत्त होकर गोपी कन्या गण—सिन्दूर कर्पूर एवं अगुरु चन्दन चूर्ण से मुझ को अन्धप्राय कर दिये हैं, अधिकन्तु अविरल सुगन्धि सलिल सिञ्चन से मुझ में जड़ता आ गई है। इतस्ततः धावित होकर पलायन करने की शक्ति भी मेरी नहीं है। हे सखा कृष्ण! मैं तुम्हारा प्रिय सखा हूँ, मेरी रक्षा करो, ब्रह्म हत्या न करो।

यहाँ विदूषक मधुमङ्गल वक्ता है, हास्य स्थायी भाव है, यह हास्य अनेक निष्ठ हैं, वसन्तोत्सव—आलम्बन है, विदूषक की विह्वलता उद्दीपन है, नेत्र विकासादि अनुभाव है, एवं श्रम, मद, चपलता ग्लानि प्रभृति व्यभिचारि भाव है।

स्मित, हास्य प्रहास, भेद से ये त्रिविध हैं। श्रेष्ठ व्यक्ति के हास्य को स्मित कहते हैं, जिस में अधरौष्ठ का स्वल्प विस्फारण होता है। दन्त श्रेणी लक्षित नहीं होती हैं। यह उत्तम है।

जिस में दशन द्युति का विकाश होता है, गण्ड स्थल में प्रफुल्लता उत्पन्न होती है, कण्ठ से किञ्चित कलस्वर निर्गत होता है, उस का नाम हास है। यह मध्यम है।

वीर रस का वर्णन प्रथम हुआ है।

प्राकृत एवं अप्राकृत भेद से वीर रस द्विविध होने पर भी यहाँ अप्राकृत का ही उदाहरण प्रस्तुत होते, सजातीय एवं विजातीय प्रत्यालम्बन भेद से अप्राकृत वीर रस भी द्विविध होते हैं।

विजातीयालम्बन अप्राकृत वीर रस का उदाहरण—

"गुणं कर्णाक्रिष्टं करकिशलयं तूण शिखरे
धनुश्चक्रीभूतं निपतदिषुवृन्दं तत इतः।
रिपून् भूमौ सुप्तान् कलयति समं देव निकरे
जरासन्धस्यांजौ जयति भुजवीर्यं मुरभिदः॥"

जरासन्ध के युद्ध में भगवान् मुरवैरी के अपूर्व भुजवीर्य की जय हो, जिस भुजवीर्य के प्रभाव से, युद्धदर्शी देवगण एक ही समय देखे थे कि—भगवान् के गुण-सर्वदा आकर्ण कर्षित होकर है, कर पल्लव निरन्तर तूणाग्रभाग में विराजित है, शरासन सतत वक्रीभूत होकर है। बाण समूह-अनुक्षण इतस्तत निःक्षिप्त हो रहे हैं। शत्रु समूह भी निरन्तर भूतल में प्रसुप्त हो रहे हैं।

यहाँ उत्साह स्थायी है एवं वह उभयनिष्ठ है, जरासन्ध आलम्बन विभाव है, एवं जरासन्ध के सम्बन्ध में श्रीकृष्ण भी आलम्बन विभाव है। परस्पर की वीरता उद्दीपन विभाव है। बाण वर्षण विषय में हस्त लाघव—अनुभाव है। गर्व, उग्रता, अमर्ष, चपलतादि—व्यभिचारिभाव है। उन सबों के द्वारा पुष्ट होकर स्थायी भाव रसत्व प्राप्त होता है, रस अनुकार्य स्वरूप प्रकृत श्रीकृष्ण में परोक्ष एवं काव्य श्रवण हेतु सामाजिक के पक्ष में प्रत्यक्ष है। इस प्रकार अन्यान्य स्थल में विचार करना आवश्यक है।

करुण रसका उदाहरण—

दो र्गुप्तायां मधुविजयिनो हा कथं द्वारवत्या
मन्यायोऽस्यामयमुदभवद् धन्त निष्कल्मषायाम्।
जातं जातं सुतमपहरत्येष मेऽकालमृत्युः
को मां याता हरि हरि हहा हा हता हा हता स्मः॥

अत्र शोकः, स्थायी, एष एक निष्ठः। पुत्रनाशः, आलम्बनम्, पुत्रगत ममताद्युद्दीपनम्। अनुभावः—शिरस्ताडनादिः। व्यभिचारी—विषाद-दैन्य-ग्लान्यादिः। अयन्तु सामाजिक गतएव, नानुकार्य्य गतः परोक्षेऽपि। अयं सामाजिक गतोऽप्य प्राकृतः कृष्णाश्रयत्वात्।

हाय! मधुसूदन के बाहुबल के द्वारा रक्षिता, पापस्पर्श शून्या यह जो द्वारका नगरी है, इस में भी क्या इस प्रकार अन्याय होने लगा है? जब ही मेरा पुत्र होगा, उसी समय क्या अकालमृत्यु उसको अपहरण कर ले जावेगी? हाय! इस विपद से कौन व्यक्ति मुझको उद्धार करेगा? मैं तो निहत हो गया।

यहाँ शोक स्थायी है, एवं यह एकनिष्ठ है। पुत्रनाश--आलम्बन है। पुत्रगत ममतादि--उद्दीपन है, मस्तक में कराघातादि अनुभाव हैं, दैन्य, ग्लानि, विषाद प्रभृति व्यभिचार भाव हैं।

यह रस सामाजिक गत है, यह अनुकार्य्यगत नहीं है। अनुकार्य्य का प्रत्यक्ष नहीं होता है, किन्तु, सामाजिकगत होने पर भी कृष्णाश्रयता होने के कारण, यह अप्राकृत है।

अद्भुत रस का निर्वर्णन—

आलोकः सखि लोकलोचन मुदा-मुद्रैक-मुद्भावयंन्
सोमस्तोम निदाघधाम निवह-प्रद्योत-संद्योहरः।
मेघे माघवने मणावपि घृणानिर्वाहिको नीलिमा
सामानाधिकरण्यमत्र किमहो चित्रं तमस्तेजसोः ॥

अत्र विस्मयः स्थायी, एष एकनिष्ठः। आलम्बनं—श्रीकृष्णः, उद्दीपनं—तल्लावण्यादि, अनुभावः—रोमाञ्चादिः, व्यभिचारी—आवेग मति चापल्यादिः। अयं परोक्षोऽनुकार्य्यगतः, प्रत्यक्षः सामाजिक गतः, अयमप्राकृत एव।

हे सखि! यह अति विचित्र है कि—अन्धकार एवं तेज;, ये दो परस्पर विरुद्ध पदार्थ हैं। यह श्रीकृष्ण रूप—एक आधार में एक समय में अवस्थित है। देखो, इसकी अद्भुत नीलिमा, असंख्य सुधाकर एवं प्रभाकर की प्रभा को सहसा अपहरण करके एवं मेघ मण्डल तथा इन्द्रनीलमणि के प्रति भी घृणा उत्पादन पूर्वक लोक लोचन का अपूर्व प्रीति विस्तारकारी आलोक रूप में विराजित है।

यहाँ विस्मय स्थायी है, एकनिष्ठ है, आलम्बन—श्रीकृष्ण हैं, उद्दीपन—लावण्यादि हैं, अनुभाव—रोमाञ्चादि हैं, व्यभिचारी—आवेग मति—चापल्यादि हैं। यह परोक्ष—अनुकार्य्य गत है, प्रत्यक्ष—सामाजिक गत है, यह अप्राकृत ही है।

हास्य रस का दृष्टान्त—

उन्मत्ताभि र्वसन्तोत्सव रभस मदैर्गोदुहां कन्यकाभिः
क्षोदैः सिन्दूर चन्द्रागुरुमलयरुहां हा धिगन्धी कृतोऽस्मि।
जाड्यं गन्धाम्बुसेकैरजनि तत इतो धावितुं नास्मि शक्तो
व्यापद्येऽहं वयस्य-प्रियसखमिव मां मास्त्विह ब्रह्महत्या ॥

अत्र भगवद् सखो विदूषको ब्राह्मण वटु मधुमङ्गलो वक्ता। हासः स्थायी, एष बहु निष्ठः। आलम्बनं वसन्तोत्सवादि, उद्दीपनं विदूषकस्य वैक्लव्यम्, अनुभाव—नयन स्फारतादिः, व्यभिचारि—श्रम-मद-चपलता ग्लान्यादिः।

वसन्तोत्सव हेतु हर्ष एवं मदभर से उन्मत्त होकर गोप कन्या गण—सिन्दूर कर्पूर एवं अगुरु चन्दन चूर्ण से मुझ को अन्धप्राय कर दिये हैं, अधिकन्तु अविरल सुगन्धि सलिल सिञ्चन से मुझ में जड़ता आ गई है। इतस्ततः धावित होकर पलायन करने की शक्ति भी मेरी नहीं है। हे सखा कृष्ण! मैं तुम्हारा प्रिय सखा हूँ, मेरी रक्षा करो, ब्रह्म हत्या न करो।

यहाँ विदूषक मधुमङ्गल वक्ता है, हास्य स्थायी भाव है, यह हास्य अनेक निष्ठ हैं, वसन्तोत्सव—आलम्बन है, विदूषक की विह्वलता उद्दीपन है, नेत्र विकासादि अनुभाव है, एव श्रम, मद, चपलता ग्लानि प्रभृति व्यभिचारि भाव है।

स्मित हास्य प्रहास, भेद से ये त्रिविध हैं। श्रेष्ठ व्यक्ति के हास्य को स्मित कहते हैं, जिस में अधरोष्ठ का स्वल्प विस्फारण होता है। दन्त श्रेणी लक्षित नहीं होती हैं। यह उत्तम है।

जिस में दशन द्युति का विकाश होता है, गण्ड स्थल में प्रफुल्लता उत्पन्न होती है, कण्ठ से किञ्चित कलस्वर निर्गत होता है, उस का नाम हास है। यह मध्यम है।

जिस हास्य से शरीर घूर्मित एवं नयन रक्तवर्ण एवं अश्रुपूर्ण होते हैं, उत्कट कटु शब्द के सहित मुख गह्वर विस्तृत होता है, एवं दन्त पङ्क्ति प्रकाशित होती है, उसको प्रहास कहते हैं। यह अधम है।

अधरौष्ठ स्फारितास्तु सृक्कण्योरेव विस्फुरत्

अलक्षित द्विजं धीरा उत्तमानां स्मितं विदुः।

विकसद् दशन ज्योतो गण्डा भोरे प्रफुल्लता

किञ्चित् कल कण्ठरवो यत्र हासः स मध्यमः।

सधर्मः साश्रुताम्राक्षः स्फुट घोर कटुस्वनः।

व्यात्ताननो व्यक्त दन्तः प्रहासो ग्राम्य उच्यते॥

भयानकः—दंष्ट्रा कोटि कठोर कूट कटुता ब्रह्माण्ड भाण्डस्थितं

सर्वं चर्वयतीव हन्त वदनेनोद्गीर्ण पूर्णार्चिषा।

जिह्वाग्रेण समग्रमुग्रमहसा लेलिह्यसे रोदसी

त्रस्तं मामिह पाहि पाहि भगवन् पार्थोऽद्य पार्थोऽभवम्॥

अत्र अर्जुनस्य भयं स्थायी, सचैकनिष्ठः। आलम्बनं—विश्वरूप प्रदर्शकः श्रीकृष्णः, उद्दीपनं—तद्गत दंष्ट्रादि, अनुभावः—पाहि पाहीति कातर्यम्, व्यभिचारी—अपार्थोऽभवमिति [illegible]। एष च कृष्णात् ला-नत्वात् सामग्रोत्साहिष्येनानुकार्येऽपि रसता प्राक् प्राप्त एव। अत्र भयेऽपि कृष्ण स्फूर्त्तस्तत् सम्बन्धादानन्द एवेत्यप्राकृत एव, न तु शार्दूलाद्यालम्बने मर्कटादेर्यथा भयं विनानन्दः। सति शौर्ये उत्साह एव स्थायी भवति। तेन कदाचित् भयं जायते, न भयकः। तेन प्राकृते न रसता॥

भयानक रस का दृष्टान्त—तुम्हारे जो वक्त्र मण्डल—कठोर पर्वत शृङ्ग के समान दन्ताग्र भाग के द्वारा उत्कट है, जिस में पूर्ण ज्योतिः उद्गीर्ण हो रही है, उस के द्वारा ब्रह्माण्ड भाण्डस्थित पदार्थ जैसे चर्वित हो रहे हैं, और उग्र दीप्ति इस प्रकार है, जिस के द्वारा समस्त स्वर्ग मर्त्य लोक जैसे लेहित हो रहे हैं। हे भगवन्! मेरी रक्षा करो, रक्षा करो, मैं नितान्त भीत हूँ। मेरा 'पार्थ' नाम आज व्यर्थ हो गया।

यहाँ अर्जुन का भय स्थायी है, वह एक निष्ठ है। विश्वरूप प्रदर्शक श्रीकृष्ण आलम्बन हैं, तदीय दंष्ट्रादि—उद्दीपन हैं, रक्षा करो, रक्षा करो, यह कह कर जो कातरता प्रकटित हुई है, वह अनुभाव है। मेरा पार्थत्व व्यर्थ हुआ है इस वाक्य से जो दैन्य प्रतीत होता है, वह व्यभिचारि भाव है।

यहाँ श्रीकृष्ण आलम्बन होने के कारण, हेतु समूह का सन्निधान होने से अनुकार्य रूप अर्जुन में प्रथम ही रसत्व हुआ है। भय में भी कृष्ण स्फूर्ति होने के कारण, कृष्ण सम्बन्ध में आनन्दोदय हुआ है, सुतरां उसका अप्राकृत कहना होगा। शार्दूलादि स्थल में शार्दूलादि आलम्बन के द्वारा भय व्यतीत मर्कट में आनन्दोत्पत्ति नहीं हुई है। शूरता की विद्यमानता में उत्साह ही स्थायी होता है। उस में कदाचित् भयत्व की उत्पत्ति हो सकती है। भयस्थल में वैसा सम्भव नहीं है। अतएव प्राकृत स्थल में उसका रसत्व नहीं है।

अथ वीभत्सः—वैद्येन्द्रणामथित वपुषामन्त्र मेदोऽस्थि मज्जा

मांसासृक्स्थपुट पटलीस्वाद मोद प्रमत्ताः

कौमोदकया मधुविजयिनः कीर्त्तिमुत् कीर्त्तयन्तः
सार्द्धं गृध्रै विदधति मुदं प्रेतरङ्का विशङ्काः ॥

अत्र देवासुर संग्रामावसानमालोकयतां व्योम चारिणां जुगुप्सा स्थायी, स चैक निष्ठः। शवशरीराद्या-लम्बनम्, प्रेतरङ्काद्युद्दीपनम्, अनुभावः—मुख वक्रत्यादिः, व्यभिचारि—ग्लानि दैन्यादिः। एतैः परिपुष्टा जुगुप्सा जुगुप्सैव यद्यपि, तथापि भगवतः कृतिरियमिति भगवत् स्मरणादेवानन्दः। प्राकृते तु न ह्यानन्दः, अपि तु नट व्यापारं दर्शनात् सामाजिकानामिव तत्र रसः।

बीभत्स रस का निदर्शन—कौमोदकी गदा का आघात से मथित देह दैत्येन्द्र वृन्दका, अन्त्र, मेद होने के कारण—दरिद्र प्रेतवर्ग निर्भय से अस्थि, मज्जा मांस, शोणित, त्वक्, नाडी ग्रन्थि प्रभृति का स्वाद ग्रहण पूर्वक आनन्द से उन्मत्त होकर मधु सूदन की कीर्त्ति का कीर्त्तन करते करते गृध्र कुलके सहित महा आनन्द प्रकाश कर रहे हैं।

इस में देवासुर संग्राम समाप्ति के समय संग्राम दर्शन कारी गगन विहारीओं में जुगुप्सा स्थायीभाव है। यह एक निष्ठ है। शव शरीरादि—आलम्बन है। प्रेतवृन्द—उद्दीपन है, मुख विकृति प्रभृति—अनुभाव हैं, ग्लानि दैन्यादि व्यभिचारी हैं।

उक्त सामग्री समूह के द्वारा परिपुष्ट जो जुगुप्सा है—वह जुगुप्सा है—वह जुगुप्सा व्यतीत अपर कुछ भी नहीं है। तथापि वह भगवान् का कार्य्य होने के कारण अन्यका स्मरण से आनन्दोदय हुआ है। प्राकृत स्थल में उस प्रकार आनन्द नहीं हो सकता है। वहाँ नट के प्रयत्न को देखकर सामाजिक में रसाविर्भाव होता है।

अन्य उदाहरण यह है—

दृशैव करुणार्द्रया सह चरान् समुज्जीवय
न्नघस्य जठरं गतो गरल जातवेदो व्यसून्।
तदन्त्र धमनी वसा रुधिरमज्जलालादिभिः।
प्लुतोऽप्यनवलिप्तवच्छुचिरुचिः स जीयाद्धरिः॥

अत्र भगवत एवानन्दत्वात्तदन्त्रादि दर्शनेनाप्यानन्द एव लीलावताम्,
तथात्वाद्भक्तानाञ्च सामाजिकानाञ्च तस्य स्फुर्त्तावेव॥

विषाग्नि के द्वारा जिन सब सहचर का जीवनान्त हुआ था, करुणार्द्र दृष्टि पात से ही उन सबको उज्जीवित करके अघासुर के जठर के मध्य में प्रवेश पूर्वक जो भगवान् उस असुर के अन्त्र, धमनी, वसा, रुधिर, मज्जा, लालादि द्वारा आप्लुत होकर भी उन सब को द्वारा अस्पृष्ट के समान निर्मल कान्ति से प्रकाशित हुये थे, उन श्रीभगवान् की जय हो।

यहाँ भगवान् की आनन्द रूपता हेतु अन्त्रादि को देखकर लीला परायण पार्षदवृन्द में भी आनन्दोदय हुआ था। कारण, वे सब भी आनन्दमय हैं। भक्तिमय्येण सामाजिक की आनन्दस्फूर्त्ति के स्थल में ही रसाविर्भाव होता है।

अथ रौद्रः—"स्पर्शनापि न वेद्य एव भवता मृत्योर्मुखं गच्छता

कि दोर्मण्डलचण्डिमैव भवते विज्ञापनीयो मया ।
येनाखण्डलशौण्डर्य खण्डन कृता गेण्डूकृतोऽयं गिरि:
किं रे कष्टमरिष्ट दुष्ट तनुषे गोष्ठस्य न तिष्ठ रे ॥"

अत्र कोपः स्थायी, एष एकनिष्ठ उभय निष्ठश्च, अत्र तूभय निष्ठ एव । आलम्बनमन्योऽन्यम् । उद्दीपनम्—अन्योन्यविक्रमः, अनुभाव:-वागाडम्बरादिः, व्यभिचारी—गर्वादिः । एवं स्फुटोऽयं रसः । स च भगवति परोक्षः, सामाजिके प्रत्यक्षः । आद्ये विजातीयालम्बनोऽप्राकृतः, द्वितीयेऽप्राकृत एव ॥

रौद्र रस का दृष्टान्त यह है—है दुरात्मन् अरिष्ट ! तु हमारे गोष्ठ का उत्पीड़न कर रहा है ? मुहूर्त्त काल अपेक्षा कर, अथवा, तू स्पर्श मात्र से ही मर जायेगा । तू मुझको कैसे जानेगा ? मेरे बाहु मण्डलकी प्रचण्डता का अनुभव तेरे को कैसे कर ऊँगा ? इस भुजदण्ड से आखण्डल का पराक्रम खण्डित हुआ था। इस के प्रभाव से ही गोवर्द्धन गिरि कन्दुकवत् उत्क्षिप्त हुआ था।

यहाँ कोप स्थायी है, वह एकनिष्ठ एवं उभयनिष्ठ है। यहाँ उभय निष्ठ है। उभय ही उभय का आलम्बन है। परस्पर का आलम्बन-उभय ही हैं। परस्पर का विक्रम- उद्दीपन है, वागाड़म्बरादि- अनुभाव है, गर्वादि व्यभिचारी है, इस रीति से यह रस परिपुष्ट हुआ।

यह रस भगवान् में परोक्ष एवं सामाजिक में प्रत्यक्ष है। प्रथमोक्त एक निष्ठता स्थल में वह विजातीय आलम्बन भी अप्राकृत है। द्वितीयोक्त स्थल में वह अप्राकृत नहीं है।

अथ शान्तः—वयोजीर्णं हाधिक् तदपि नहि जीर्णो मदभरः
श्लथं चर्म्माङ्गेयस्तदपि नहि रागः श्लथ इव ।
रदाः शीर्णाः शीर्णस्तदपि नहि मोह कथमयं
जनः कंसारातेश्चरणकमलाय स्पृहयतु ॥

अत्र निर्वेदः स्थायी, सचैक निष्ठः, आलम्बनं—संसार दुःखम्, उद्दीपनं--पुण्य तीर्थादि, अनुभावः-विषयासक्तित्यागः, व्यभिचारी—मति- स्मृति-धृत्यादि । एष रसोऽनुकार्य्ये परोक्षः, सामाजिके प्रत्यक्षः। चमत्कारी चायम् ।

शान्त रस का उदाहरण—वयस जीर्ण हुआ, किन्तु मदका प्राबल्य कुछ भी जीर्ण नहीं हुआ। प्रत्येक अङ्ग के चर्म्म शिथिल हुआ, किन्तु विषय राग शिथिल नहीं हुआ। दन्त समुह शिथिल हो गये, किन्तु मोह अणुमात्र भी शिथिल नहीं हुआ। यह अधम व्यक्ति, कैसे कंस ध्वंस कारी श्रीकृष्ण के पादपद्म के प्रति स्पृहाशील होगा ?

यहाँ निर्वेद स्थायी है, यह एक निष्ठ है। संसार दुःख--आलम्बन है, पुण्य तीर्थादि--उद्दीपन है, विषयासक्ति त्याग—अनुभाव है। मति धृति--स्मृति--व्यभिचारि भाव है। यह रस--अनुकार्य में परोक्ष, एव सामाजिक में प्रत्यक्ष है, अति चमत्कार-जनक भी है। महाभारत मे लिखित है—

"यच्च काम सुखं लोके यच्च दिव्यसुखं महत् ।
तृष्णाक्षय सुखस्यैते नार्हतः षोड़शीं कलाम् ॥"

इस में चमत्कारातिशय के अतिशय्य हेतु आनन्द का आतिशय्य होता है। एवं कृष्ण भक्ति में

उपयोग होने से यह रस अप्राकृत होता है । जिस प्रकार निर्वेद व्यभिचारी होकर भी शान्तिरस स्थायिता प्राप्तकर रस रूप होता है । उस प्रकार उक्त रति देवादि विषया होने से भाव शब्द से अभिहिता होती है। इस वाक्य में उल्लिखित पारिभाषिक भाव ही स्थायित्व को प्राप्तकर उस विभावादि सामिग्री सम्मिलन से भक्ति रस में परिणत होता है। उक्त भक्ति रस--श्रीकृष्णाश्रित होकर रत्यादि विविध स्थायिभाव के सहित मिलित होकर दशविध होते हैं । उक्त भेद समूह का उदाहरण— ग्रन्थान्तर में देख लेना चाहिये ।

अथ वात्सल्यम् —"आराञ्जानुकरोपसर्पण परो जातस्मितं सत्वर

शङ्कारोह मनाप्लुवन् रुरुदिषा विम्लानचन्द्राननः ।

अभ्यासार्थमुपेक्षितोऽपसरण प्रक्रान्तया सत्वरं

कण्ठेकृत्य यशोदया न ननेत्याश्वासि बालो हरिः ॥"

वात्सल्य का उदाहरण— बालक श्रीकृष्ण, सम्प्रति जानु एवं हस्त के द्वारा समीप देश में सञ्चरण करने में समर्थ होने के कारण, एकदिन सामने यशोदा को देखकर उनके क्रोड़ में आरोहणार्थ हँसकर धावित हुये, यशोदा पुत्र का गमन अभ्यासार्थ उनको अङ्क में लेने में उपेक्षा करके पश्चाद् भाग में अपसरण करने लगीं । उस समय बालक जननी के क्रोड़ में आरोहण कर न पाने से म्लान मुख से रोदन करने का उपक्रम किये थे । यह देखकर जननी सत्वर उनको कण्ठ में स्थापन किये एवं ना, ना, ना, तुमको कया अनादर कर सकती हूँ । इत्यादि वाक्यों से आश्वास प्रदान करने लगीं।

यहाँ ममता स्थायी है। यह एक निष्ठ है । श्रीकृष्ण आलम्बन है, कर चरण के द्वारा तदीय सञ्चरण उद्दीपन है, कण्ठ में ग्रहण एवं आलिङ्गनादि अनुभाव है । हर्षादि व्यभिचारी है । यह रस व्रजेश्वरी निष्ठ होकर परोक्ष है, एवं सामाजिक निष्ठ होकर प्रत्यक्ष होता है । उभय प्रकार ही अप्राकृत हैं।

यहाँ प्रेम रस का विशेष वर्णन है । उदाहरण यह है—

"प्रेयांस्तेऽहं त्वमपि च मम प्रेयसीति प्रवाद

स्त्वं मे प्राणा अहमपि तवास्मीति हन्त प्रलापः ।

त्वं मे ते स्यामहमिति च यत्तच्च नो साधु राधे

व्यवहारे नौ नहि समुचितो युष्मदस्मत् प्रयोगः ॥"

अत्र चित्तद्रवः स्थायी, स चोभय निष्ठः । आलम्बनमन्योऽन्यम्, उद्दीपनमन्योन्य गुणपरिमलः, अनुभावः—विशिष्ट निर्वचनाभावः, व्यभिचारी—मत्यौत्सुकादि । परोक्षः श्रीकृष्ण राधयोः, सामाजिकानां प्रत्यक्षः, प्रेमरसे सर्वे रसा अन्तर्भवन्तीति प्रेमाङ्गं शृङ्गारयोरऽङ्ग मिति विशेषः ।

केषाञ्चिन्मते श्रीराधा कृष्णयोः शृङ्गार एव रसः । तन्मतेऽप्येत दुदाहरणं न सङ्गतम् । शृङ्गारोऽङ्गी प्रेमाङ्गम्, अङ्गस्यापि क्वचिदुद्रिक्तत्वं यदन्तु प्रेमाङ्गी— शृङ्गारोऽङ्गमिति विशेषः।

तथा च—उन्मज्जन्ति निमज्जन्ति प्रेमण्यखण्ड रसत्वतः ।

सर्वे रसाश्च भावाश्च तरङ्गा इव वारिधौ ॥

हे राधे ! मैं तुम्हारा प्रियतम हूँ, तुम मेरी प्रेयसी हो, ये सब उक्ति, अथवा तुम मेरा जीवन हो,

मैं तुम्हारा जीवन हूँ, ये सब वाक्य प्रलापमात्र हैं, और तुम मेरी, मैं तुम्हारा, इस प्रकार जो प्रयोग है, वह साधु प्रयोग नहीं है, कारण—हम दोनों के कथोपकथन में युष्मद् एवं अस्मद् शब्द का प्रयोग कभी हो ही नहीं सकता।

यहाँ चित्तद्रव स्थायी है, वह उभय निष्ठ है। उभय ही परस्पर के आलम्बन है। परस्पर गुणोत्कर्ष उद्दीपन है, जिसका विशेष कहना होगा, उसका निर्वचन करने में असमर्थ होने पर अनुभाव होता है, मति औत्सुक्यादि व्यभिचारी है

यह श्रीकृष्ण; एवं राधा के पक्ष में परोक्ष है, एवं सामाजिक के पक्ष में प्रत्यक्ष है, समस्त रस इस में अन्तर्निविष्ट होने पर इस के अङ्गादि अति विस्तृत हैं।

विज्ञ व्यक्ति के मत में श्रीकृष्ण राधा के सम्बन्ध में शृङ्गार ही रस है, इस मत में भी शृङ्गार अङ्गी है, एवं प्रेम अङ्ग है। सुतरां यह उदाहरण असङ्गत नहीं होगा, कारण, अङ्गी की अपेक्षा अङ्ग का कदाचित् आधिक्य भी होता है, किन्तु हमारे मत में तो प्रेम ही अङ्गी है, शृङ्गार उसका अङ्ग है।

प्रेम में अखण्ड रस की सत्ता विद्यमान होने के कारण—समुद्र में तरङ्ग के समान यावतीय रस एवं भाव उस में सर्वदा आविर्भूत एवं तिरोभूत होते रहते हैं।

अथ भक्ति रसः—"जय श्रीमद् वृन्दावन मदन नन्दात्मज विभो,
प्रियाभीरी वृन्दारिक निखिल वृन्दारकमणे।
चिदानन्दस्यन्दाधिकपदरविन्दाखिल निधो
नमस्ते गोविन्दाखिल भुवनैककन्दाय महते ॥"

अत्र देव विषयत्वाच्चेतो रञ्जकता रतेरेव भावः। स एव स्थायी, आलम्बनम्—श्रीकृष्णः, उद्दीपनम्—तन्महिमादि, अनुभावः; हृदये द्रवादि, व्यभिचारी—निर्वेद दैन्यादिः। परोक्षो भक्तानाम्, सामाजिकानान्तु प्रत्यक्षः।

यद्यपि भगवान् सर्व रस कदम्ब सम्बलितः, तथापि मूर्त्त शृङ्गार एव, सावर्ण्यात् तद्दैवत वाच्च तथाहि 'रसः शृङ्गार नामायं श्यामलः कृष्ण दैवतः' इति। एवञ्च सर्वेषामेव रसानां वर्णा देवताश्च बोद्धव्याः।

भक्ति रस का दृष्टान्त— हे विभो! श्रीवृन्दावन मदन नन्दनन्दन: तुम्हारी जय हो, प्रियतमा गोपाङ्गना ही तुम्हारी सुराङ्गना के सदृश है। तुम निखिल सुरवृन्द के शिरोभूषण हो, तुम्हारे चरणारविन्दमकरन्द चिदानन्द धारा से भी मधुर है। हे गोविन्द! निखिल विश्ववीज स्वरूप अति महान् स्वरूप को मैं पुनः पुनः नमस्कार करता हूँ।

यहाँ देवता विषयक होने के कारण चित्तरञ्जकता रति ही भाव है। वही यहाँ स्थायी है। श्रीकृष्ण—आलम्बन है, तदीय महिमादि उद्दीपन हैं, हृदय द्रवादि अनुभाव हैं। निर्वेद दैन्यादि व्यभिचारी हैं। भक्त वृन्द के पक्ष में यह परोक्ष है, सामाजिक के पक्ष में प्रत्यक्ष है।

यद्यपि भगवान् सर्व रस सम्बलित हैं, तथापि आप ही शृङ्गार रस के देवता हैं, एवं उस रस का वर्ण उनके वर्ण के समान होने के कारण, आप मूर्त्तिमान् शृङ्गार हैं।

कथित है—शृङ्गार नामक यह रस श्यामवर्ण है, एवं शृङ्गार रस के देवता श्रीकृष्ण ही हैं। इस प्रकार समस्त रसों का भी वर्ण एवं देवता हैं—

श्रीकृष्णे ही सर्व रसात्मक हैं, उदाहरण यह है। ५।३७

> शृङ्गारी राधिकायां सखिषु सकरुणः क्ष्वेडदग्धेष्वघाहे
> बीभत्सो तस्य गर्भे व्रजकुल तनयाचेल चौर्ये प्रहासी।
> वीरो दैत्येषु रौद्रो कुपितवति तुरासाहि हैयङ्गवीन
> स्तेये भीमान् विचित्रो निजमहसि, शमी दामबन्धे स जीयात्॥"

जो राधिका के प्रति शृङ्गार रस शाली हैं, सखागण-अघासुर के विषानल दग्ध होने पर उन सब के प्रति करुण हैं, अघासुर के उदर में प्रवेश के समय बीभत्स रसमय हैं। व्रजकुललनावृन्द के वस्त्रहरण समय में हास्यरस परायण हैं, दुर्दान्त दैत्य दलन में वीररसाश्रयी हैं, क्रुद्ध सुरपति के प्रति रौद्र रसावतार हैं, हैयङ्गवीन हरण में भीति विह्वल हैं, निज तेजः दर्शन कर विस्मय निमग्न हैं। दामबन्धन में शान्त रस सम्पन्न हैं, उन भगवान् वासुदेव की जय हो।

यह ग्रन्थ दशम किरणों से (अध्यायों से) विभक्त है।

प्रथम किरण में—"ध्वनि नाद ब्रह्म का निर्णय है, एवं योग शास्त्र की रीति से 'परा पश्यन्ती' प्रभृति नादों का सर्वोत्कर्ष प्रतिपादित हुआ है।

ध्वनि की काव्य प्राणता प्रतिपन्न करने के पश्चात् रसापकर्षकदोष रहित-गुण सम्भक् गुणालङ्कार एवं रसात्मक शब्दार्थद्वय का ही काव्यत्व निर्णय हुआ है। कवि लक्षण में—कहा गया है—स बीज ही कवि है, अलङ्कारादि शास्त्रज्ञ, सरस, प्रतिभा शाली होना भी आवश्यक है, 'बीज' शब्द से प्राक्तन संस्कार विशेष को जानना होगा, जिस से काव्य निर्माण एवं काव्यास्वादन में योग्यता होती है। काव्य भी त्रिविध हैं।) उत्तम--(विशिष्टध्वनियुक्त) मध्यम--(मध्यम ध्वनि युक्त) एवं अधम—(अस्पष्ट ध्वनियुक्त), ध्वनि से ध्वन्यन्तर उत्पन्न होने से वह काव्य उत्तमोत्तम संज्ञा मण्डित होता है।

द्वितीय किरण में—वर्णित विषय—स्फोट वाद—प्रसङ्ग में अन्तर एवं वाहि स्फोट द्वय का निर्णय, वर्णात्मक शब्द के साधु एवं असाधु, भेद, जाति, क्रिया, गुण एवं द्रव्य भेद से उसके चातुर्विध्य, मुख्य, लाक्षणिक एवं व्यञ्जक भेद से शब्द त्रिविध एवं रूढ, योगरूढ एवं यौगिक भेद से वे त्रिविध हैं—

समास शक्ति के बहु विधत्व निरूपण पूर्वक अभिधादि वृत्तित्रय का प्रतिपादन हुआ है। विविध अर्थ शक्ति विशिष्ट शब्द का प्रकृतार्थ बोध का निर्धारक हैं—संयोग, वियोग विरोध, साहचर्य, अन्य शब्द का सान्निध्य, देश, काल, सामर्थ्य, औचित्य, लिङ्ग अर्थ प्रकरण व्यक्ति प्रभृति।

अर्थ का भी व्यञ्जकत्व निर्धारक है—बोद्धव्य, वक्ता, प्रकृति, काकु प्रकरण, देश एवं कालादिका वैशिष्ट्य।

तृतीय किरण में—ध्वनि का वर्णन है। रस रूप ध्वनि व्यतीत अन्य ध्वनि—काव्य का प्राण है, किन्तु रसाख्य ध्वनि ही आत्मा है। ध्वनि भेद— लक्षणा मूलक ध्वनि अविवक्षित वाच्य है, यह दो प्रकार, (१) अर्थान्तरोपसंक्रान्त एवं (२) अत्यन्त तिरस्कृत वाच्य। अभिधा मूलक ध्वनि--विवक्षित वाच्य—एवं लक्ष्य क्रमव्यङ्ग्य (२)एवं अलक्ष्य क्रम व्यङ्ग्य, भेद से द्विविध हैं। इन सब के ५१ प्रकार भेद के लक्षण एवं उदाहरण सन्निविष्ट है, प्रभृति प्रत्ययादि से उत्पन्न वस्त्वलङ्कारादि व्यङ्ग्य वाच्य का उदाहरण प्रदर्शन पूर्वक त्रिविध सङ्कर का वर्णन हुआ है। ध्वनन—एवं अनुध्वनन रूप में ध्वनि के व्यापार द्वय हैं, जहाँ केवल ध्वनन है, वह उत्तम काव्य है, किन्तु जहाँ ध्वनन एवं अनुध्वनन है, वही उत्तमोत्तम काव्य है।

चतुर्थ किरण में—अर्थात् गुणीभूत व्यङ्ग्य निर्णयात्मक इस किरण में ध्वनि वैशिष्ट्य के अष्ट भेद प्रदर्शित हुये हैं (१) स्फुट, (२) अपराङ्ग, (३) वाच्य प्रबोधक (४) कष्ट गम्य, (५) सन्दिग्ध प्राधान्य (६) तुल्य प्राधान्य, (७) काकु गम्य, एवं (८) अमनोज्ञ।

पञ्चम किरण में—रस भाव एवं उसका भेद निरूपित है। भरत मुनि के मत में विभावानुभावादि रस निष्पत्ति के ज्ञापक हैं। रति, रस, रसाभासादि—सामाजिक की रसास्वादन पद्धति—वर्णित है। रस का सार ही चमत्कार है। शृङ्गार, वीर, करुण, अद्भुत हास, भयानक, बीभत्स, रौद्र, शान्त, वात्सल्य, प्रेम,—दृश्य एवं श्रव्य काव्य के एकादश रस हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ कार के मत में प्रेमरस में ही समस्त रसों का अन्तर्भाव है। भक्तिरस शृङ्गार के सम्भोग एवं विप्रलम्भ दो भेद होते हैं। पूर्वराग की अभिलाष, चिन्तादि दश अवस्था हैं। भावी, भवन् एव भूत भेद से विरह तीन प्रकार होते हैं। मान, भी द्विविध होते हैं—

ईर्ष्यासम्भूत एवं प्रणय सम्भूत।

परस्पर अवलोकनादि मधुपानान्त सम्भोग की विवृति, संप्रपञ्च विरह एवं मानादि नायक भेद एवं तदीय गुण समूह, नायिका भेद, अभिसारिकादि अष्ट अवस्था, भावहावादि अलङ्कार समूह, सखी दूती प्रभृति, उद्दीपन विभाव, अनुभाव, सात्त्विक एवं व्यभिचारि प्रभृति, एवं भावोदय प्रभृति विषयों का सुस्पष्ट निरूपण है।

गुण विवेचनात्मक षष्ठ किरण में—माधुर्य्यादि गुण त्रय निरूपण, अर्थ व्यक्ति, उदारतादि सप्त अतिरिक्त गुणों के उदाहरणादि हैं।

शब्दालङ्कार निरूपणात्मक सप्तम किरण में—वक्रोक्ति, श्लेष, अनुप्रास, यमक, भाषाश्लेषादि एवं चित्र काव्य का वर्णन है।

अर्थालङ्कार निरूपणात्मक अष्टम किरण में—उपमादि अलङ्कारों के लक्षण, भेद एवं विस्तृत उदाहरण हैं। अवशेष में शब्दालङ्कार के दोषादि वर्णित हैं।

रीति निरूपणात्मक नवम किरण में—वैदर्भी प्रभृति रीति चतुष्टय का निरूपण है।

दोष निर्णयात्मक दशम किरण में—पद, पदांश, वाक्य, अर्थ एवं रस गत दोषों का निर्द्धारण हुआ है। प्रस्तुत ग्रन्थ में श्रीविश्वनाथ चक्रवर्ति कृत "सुबोधिनी" टीका संलग्न है। काव्यालङ्कार विवेचन में श्रीमदलङ्कार कौस्तुभ नामक ग्रन्थ अतीव उपादेय है।

हरिदास शास्त्री

※ श्रीश्रीगौरगदाधरौ जयतः ※

श्रीमदलङ्कारकौस्तुभीय-

कारिकाणां स्वरूपम्

[प्रथमकिरणः]

१। शरीरं शब्दार्थौ ध्वनिरसव आत्मा किल रसो
गुणा माधुर्याद्या उपमितिमुखोऽलङ्कृतिगणः।
सुसंस्थानं रीतिः स किल परम, काव्यपुरुषो
यदस्मिन् दोषः स्याच्छ्रवणकटुतादिः स न परः॥

२। कविवाङ्निर्मितिः काव्यं निपुणं कविकर्म तत्॥

३। सबीजो हि कविर्ज्ञेयः स सर्वागमकोविदः।
सरसः प्रतिभाशाली यदि स्यादुत्तमस्तदा॥

४। बीजं प्राक्तनसंस्कारविशेषः काव्यरोहभूः॥

५। प्रज्ञा नवनवोल्लेखशालिनी प्रतिभा मता॥

६। उत्तमं ध्वनिवैशिष्टो मध्यमे तत्र मध्यमम्।
अवरं तत्र निस्पन्द इति त्रिविधमादितः॥

७। ध्वनेर्ध्वन्यन्तरोद्गारे तदेव ह्युत्तमोत्तमम्।
शब्दार्थयोश्च वैचित्र्ये द्वे यातः पूर्वपूर्वताम्॥

८। यशः प्रभृत्येव फलं नास्य केवलमिष्यते।
निर्म्माणकाले श्रीकृष्णगुणलावण्यकेलिषु॥

९। चित्तस्याभिनिवेशेन सान्द्रानन्दलयस्तु यः।
स एव परमो लाभः स्वादकानां तथैव सः॥

—※—

[द्वितीयकिरणः]

१। आकाशस्य गुणः शब्दो वर्ण-ध्वन्यात्मको द्विधा॥

२। सच्चिदानन्दविभवात् सकलात् परमेश्वरात्।

आसीच्छक्तिस्ततो नादस्तस्माद्विन्दुसमुद्भवः ।
नादो विन्दुश्च बीजञ्च स एवं त्रिविधो मतः ॥

३ । भिद्यमानात् पराद्विन्दोरुभयात्मा रवोऽभवत् ।
स रवः श्रुतिसम्पन्नः शब्दब्रह्माभवत् परम् ॥

४ । साध्वसाधुतयाद्योऽपि साधवश्च चतुर्विधाः ।
जाति-क्रिया-गुण-द्रव्यैः मुख्यो लाक्षणिकस्तथा ॥

५ । व्यञ्जकश्चेति सङ्केत ईशेच्छा तत्र तत्त्वकृत् ॥

६ । योगरूढाश्च रूढाश्च यौगिकाश्चेति ते त्रिधा ॥

७ । वृत्तित्रयात् पुनस्त्रेधा वृत्तयस्त्वभिधादयः ॥

८ । यस्योच्चारणमात्रेण सहजं यत् प्रतीयते ।
तस्य तत्र तु या वृत्तिः साभिधा लक्षणा पुनः ॥

९ । मुख्यार्थ-बाधे शक्यस्य सम्बन्धे याऽन्यधीर्भवेत् ।
रूढ्या प्रयोजनेनापि सा द्विधा भिद्यतेऽथ सा ।
सारोपा सारोप्यमाण आरोपविषयोऽपि च ॥

१० । यत्र व्यक्तौ आदिनान्तर्निगीर्णे चरमे सति ।
भवेत् साध्यवसाना सा भिदे द्वे द्विविधे इमे ॥

११ । गौणे शुद्धे च सादृश्यात् सम्बन्धान्तरतोऽपि च ।
सादृश्यहेतुका तूक्ता सम्बन्धान्तरहेतुका ॥

१२ । पराक्षेपः स्वसिद्ध्यर्थं परस्मिन् स्व-समर्पणम् ।
ययोस्ते लक्षणे शुद्धे प्रागुपादान-लक्षणे ॥

१३ । पूर्वैश्चतुर्भिर्भेदैः सा तुल्यमाभ्यो च षड्विधा ।
गूढव्यङ्ग्या गतव्यङ्ग्या व्यक्तव्यङ्ग्येति सा त्रिधा ॥

१४ । अभिधा-लक्षणाक्षेप-तात्पर्याणां समाश्रितः ।
व्यापारो ध्वननादिर्यः शब्दस्य व्यञ्जना तु सा ॥

१५ । अर्थोऽपि व्यञ्जको ज्ञेयो नानार्थानाञ्च भेदकाः ।
संयोगाद्या अर्थार्थिनो व्यञ्जकत्वस्य हेतवः ॥

१६ । बोद्धव्य-वक्तृप्रकृति-काकुप्रकरणैः सह ।
देश-कालादयश्चार्थे वैशिष्ट्याद्व्यङ्ग्य प्रबोधकाः ॥

[तृतीयकिरणः]

१ । शब्दार्थादिभिरण्यैश्च ध्वन्यतेऽसाविति ध्वनिः ॥

२ । रसो भावस्तदाभासो वस्त्वलङ्कार एव च ।
भावानामुदयः शान्तिः सन्धिः शबलता तथा ।
सर्वं ध्वनिस्तज्जनित्वे काव्यञ्च ध्वनिरुच्यते ॥

३ । उभयोरभिधामूल-लक्षणामूलयोस्तयोः ।
अविवक्षितवाच्योऽन्यस्तत्र वाच्यं द्विधा भवेत् ॥

४ । अर्थान्तरोपसंक्रान्तमत्यन्तं वा तिरस्कृतम् ।
ध्वनिर्यस्त्वभिधामूलस्तत्र वाच्यं विवक्षितम् ॥

५ । तथापि व्यङ्ग्यनिष्ठं स्यात् स च द्वैविध्यमृच्छति ।
कोऽपि लक्ष्यक्रमव्यङ्ग्योऽलक्ष्यव्यङ्ग्यक्रमोऽपरः ॥

६ । रसो भावस्तदाभासो भावशान्त्यादिरक्रमः ॥

७ । यत्रानुध्वनिना व्यङ्ग्यं लक्ष्यते क्रमपूर्वकम् ।
स तु लक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यः शब्दार्थोभयशक्तिभूः ॥

८ । आद्यो द्विधैवालङ्कारवस्तुनोर्द्योतनाद्भवेत् ॥

९ । अर्थशक्त्युद्भवोऽर्थस्तु व्यञ्जकः स्वयमुद्भवी ।
कवेः प्रौढोक्तिनिष्पन्नो वक्तुस्तत्कल्पितस्य च ॥

१० । वस्तुत्वालङ्कृतित्वाभ्यां ते द्वैविध्येन षट् स्मृताः ॥

११ । वस्तुना वस्त्वलङ्कारावलङ्कारेण तेषु चेत् ।
व्यज्येते अप्यलङ्कारवस्तुनी द्वादशापि तत् ॥

१२ । शब्दार्थभूरेक एव वाक्येऽष्टादशधा त्विमे ॥

१३ । वाक्य एव द्विशक्त्युत्थः पदे सप्तदशापरे ॥

१४ । पञ्चत्रिंशत्ततो भेदाः प्रबन्धेऽप्यर्थशक्तिभूः ।
सप्तचत्वारिंशदतः पञ्चाशाद्यो रसादिकैः ।

१५ । तेन तस्य त्रयो भेदाः प्रबन्धेऽपि स कथ्यते ॥

१६ । भेदास्तेनैकपञ्चाशत्ते तावद्भिः पृथक् पृथक् ।
गुणनीयास्तेन चन्द्र-व्योमर्तु-पक्ष-संख्यकाः (२६०१) ॥

१७। सङ्करेण त्रिरूपेण संसृष्ट्या चैकरूपया ।
चतुर्गुणे कृते वेद--ख-वेद-ककुभः (१०४०४) स्मृताः ॥
१८। शुद्धभेदैर्युतास्ते स्युः शरेषुयुगखेऽन्दवः (१०४५५)
१९। इति पूर्वविलिखितं न सर्वेषामुदाहृतिः ।
भवेदयोग्यत्वमात्रत्वादाधिक्यमपि गम्यते ॥
२०। संशयास्पदतानुग्राह्यानुग्राहकतापि च ।
एकव्यञ्जक-संश्लेषः सङ्करस्त्रिविधो मतः ॥

—※—

[चतुर्थकिरणः]

१। स्फुटमपराङ्गं वाच्य-,प्रपोषकं कष्टगम्यञ्च ।
सन्दिग्धप्राधान्यं, तुल्यप्राधान्य-काकुगम्ये च ।
अमनोज्ञञ्चेति गुणी,-भूतव्यङ्ग्यस्य भेदाः स्युः ॥
२। प्रागुक्तध्वनिसंख्या, एभिर्गुणितास्तथाष्टाभिः ।
खयुगर्तु वह्नि-वसवो, ध्वनिसाङ्कर्यात् पुनर्द्विधा ॥
३। व्योमविङ्नागपक्षार्क-हयर्तु-रजनीकराः ।
गुणीभूतव्यङ्ग्यभेदा विज्ञेयाः सूक्ष्मबुद्धिभिः ॥

—※※—

[पञ्चमकिरणः]

१। विभावो द्विविधः स्यादालम्बनोद्दीपनाख्यया ।
आलम्बनं तदेव स्यात् स्थायिनामाश्रयो हि यत् ।
यत्तानेवोद्दीपयति तदुद्दीपनमिष्यते ॥
२। एभिरेव व्यञ्जकैस्तु त्रिभिरुद्रेकमागतैः ।
आस्वादाङ्कुरकन्दोऽसौ भावः स्थायी रसायते ॥
३। आस्वादाङ्कुरकन्दोऽस्ति धर्मः कश्चन चेतसः ।

रजस्तमोभ्यां हीनस्य शुद्धसत्त्वतया सतः ॥

४। स स्थायी कथ्यते विज्ञैर्विभावस्य पृथक्तया।
पृथग्विधत्वं यात्येष सामाजिकतया सताम् ॥

५। शृङ्गारे रतिरुत्साहो वीरे स्याच्छोक-विस्मयौ।
करुणाद्भुतयोर्हासो हास्ये भीतिर्भयानके।
जुगुप्सा बीभत्स-संज्ञे कोपो रौद्रेऽष्ट नाट्यगाः ॥

६। रतिश्चेतोरञ्जकता सुखभोगानुकूल्यकृत्।
सा प्रीति-मैत्री-सौहार्द-भावसंज्ञाश्च गच्छति ॥

७। या सम्प्रयोगविषया सा रतिः परिकीर्तिता।
सम्प्रयोगः स्त्रीपुरुष- व्यवहारः सतां मतः।
असम्प्रयोगविषया सैव प्रीतिर्निगद्यते ॥

८। सखिपत्न्यां पतिसखे द्रौपदीकृष्णयोर्यथा।
या ध्वज वज्रादि लक्षणा चरणतलस्य, ध्वजादिचिह्नम्, असौ ध्वजादि लाञ्छना मदाले राधिकायाः 'खिड़की' इति प्रसिद्धे पक्षद्वारान्ते सदा विद्यमाना सती पद्वानां पद्धति मार्ग रूपा भवति। तथा च मुनीनां वन्द्यं श्रीकृष्णस्य चरणचिह्नमस्मदादयः सर्वे जनास्तवाऽऽगमनागमनं कुर्वन्तीत्यर्थः विपक्षां प्रति ललितायां उक्तिरियमिति ज्ञेयम् ॥३४४॥

मदनेन सौचिकेन मेघोपरि स्यूता प्रोतां चपलां इव ॥३४५॥

काञ्ची-वेगवशतः विश्लथ होकर पाद पद्म में संलग्न होने से एक कामिनी मृणाल संरुद्धा राजहंसी के समान वशापन्न होकर श्रीकृष्ण समीप में गमन करने लगी ॥३४०॥

चित्र फलक में लिखित-श्रीकृष्ण-मूर्त्ति का निरीक्षण किसी नवीना बाल इस प्रकार अनिमिष-नयन से कर रही थी कि सखी गण उसको ही आकाशपट में लिखित मूर्त्ति मानकर अवलोकन करने लगी ॥३४१॥

हे सखि! यामिनी का प्रथम याम तो अतीत हुआ, वाम प्रकृति श्यामसुन्दर का तो आगमन नहीं हुआ। देखो, रजनी नाथ उदित हुआ, और अनाथाके समान मेरा हृत जीवित भी अवसन्न होने लगा ॥३४२॥

औत्सुक्य का निदर्शन—सखि! वे सब अतिधन्य हैं, जो श्रीहरि को स्वप्न में देखते हैं, हाय! मेरा किस दोष को देखकर निद्रा भी मेरे प्रति पराङ्मुखी हो गई ॥३४३॥

गर्व का उदाहरण—जो ध्वज वज्रादिचिह्न मुनीन्द्र गणों का वन्दनीय हैं, वे सब चिह्न मदीय सखी के पक्ष द्वार के प्रान्त भाग में सतत विद्यमान रहकर पदवी के आकार में परिणत हो गये हैं ॥३४४॥

विमर्शः,—श्रितः किमन्यां किं वास्य सङ्केतस्थले विस्मृतिः ।
किं वाहमिव विक्लान्तः प्रेम्णेति विममर्श सा ॥३४६॥

सुप्तम् (४६ श्लोके) 'पाअ अदि पिबदि चासुसं' इत्यादि । निद्रा सुप्तयोरयं भेदः ।

कोपः अवहित्था च, यथा—
उत्तिष्ठ मुच्यतां कृष्ण चरणग्रह निग्रहः ।
नैवास्मि कुपिता हासि भवान् मय्यपराध्यति ॥३४७॥

उग्रता—धिक् प्रेमभवतः कृष्ण वक्षसः सहजः सखा ।
यत् पादालक्तकैस्तस्याः कौस्तुभोऽप्यधरीकृतः ॥३४८॥

उन्मादः—इतस्ततस्त्वां पश्यामि यद्यप्यत्र न लभ्यते ।
किमिन्द्र जालं जानासि राधे, किंवा मम भ्रमः ॥३४९॥

अयन्तु बहुधा भवति ।

सन्निकटगमेन समर्थे पथि कोमप्यन्यामनुरोचितो श्रितो वा किं वास्य श्रीकृष्णस्य सङ्केत स्थलस्य विस्मृतिर्जाता किं वा यथाहं त्वद् विच्छेदे प्रेमणा विवशा भवामि, तथैव मद्विच्छेदे सोऽपि प्रेम्णा विवशः सन् यत्र कुत्रापि भ्रमति । सुप्तौ पाययति पिबति चेति स्वप्नायितं वर्त्तते, निद्रायां तन्नास्तीति भेदो ज्ञेयः ।३४६।
हे कृष्ण ! मम चरण ग्रहण रूपो निग्रहस्त्वया मुच्यताम् ॥३४७॥
काचिन् मालिनी कुपितासती श्रीकृष्ण माह—हे कृष्ण ! मत् प्रतिपक्ष गोपी विषयकं भवतः प्रेम धिक् । यद् यस्मात् प्रेम्णो हेतु भूतात् त्वया तस्याः पादालक्तकैः करणे सर्व श्रेष्ठ कौस्तुभोऽपि नीचीकृतः । कथम्भूतम् ? वक्षः स्थलस्य सहजः स्वभाव सिद्धः सखा,—सदा तत्र धृतत्वात् ॥३४८॥

श्रीराधा सुरत श्रान्ता होकर श्यामसुन्दर के वक्षः स्थल में निद्रित है । प्रतीत होता है कि—जैसे रतिपति सौचिक मूर्त्ति धारण कर चञ्चला सौदामिनी को जलद के ऊपर सीवन 'सिलाई' कर, स्थापित किया है ॥३४५॥

विमर्श का उदाहरण—कृष्ण क्या अन्य स्त्री में आसक्त हो गया है, अथवा सङ्केत स्थल को भूल गया है, किंवा मैं जिस प्रकार तदीय विरह में प्रेमभर से विवश हो गई हूँ, वह भी इस प्रकार विवश हो गया है, श्रीराधा चिन्ता कुल चित्त से इस प्रकार विविध वितर्क करने लगी ।

सुप्ति का उदाहरण—जो स्वप्नावस्था में कहती है—अयि ललिते ! प्रियतम मुझ को स्वकीय मुख चन्द्र को पान करा रहे हैं, इत्यादि पूर्व श्लोक है । निद्रा एवं सुप्ति का यही भेद है ॥३४६॥

कोप एवं अवहित्था का उदाहरण—हे कृष्ण ! उठो, उठो, चरण ग्रहण रूप निग्रह को परित्याग करो, मैं तो कुपिता नहीं हूँ, तुमने भी तो मेरे निकट कोई अपराध नहीं किया है ॥३४७॥

उग्रता का दृष्टान्त—हे कृष्ण ! उस पामरी के प्रति तुम्हारा यह प्रेम को धिक्कार है, जिस प्रेम के वश होकर तुमने उसके चरण तल के अलक्तकरस के द्वारा निज वक्षःस्थल के सहज सुहृद् कौस्तुभ मणि को भी अधरीकृत किया है ॥३४८॥

अयन्तु बहुधा भवन्ति । तथा च—

भावान्तरसमावेशादुक्तिवैचित्र्यतोऽपि च ।
उत्तरङ्गतयाङ्गित्वादुन्मादो बहुधा मतः ॥३५०॥

तत्र प्रलाप आलापः संलापो विप्रलापकः ।
अनुलापः सुप्रलापः परिलापो विलापकः ।
अपलापः प्रतीलापो वैचित्र्यं दशधा गिराम् ॥३५१॥

ऊह्यान्युदाहरणानि ॥

व्याधिः,—भ्रमोदाहस्तथोन्मादो वर्धन्ते यदनुक्षणम् ।
आधिरेवावियुक्तोऽपि व्याधिरस्याः स्फुटोऽभवत् ॥३५२॥

मतिः,—गोकुलेन्द्र कुमार स्त्वं गुणरत्नाकरः स्वयम् ।
वक्तुं कर्त्तुमभिज्ञोऽसि त्वयि का चतुरायताम् ॥३५३॥

विरह जन्योन्मादेन व्याकुलः श्रीकृष्णः स्फूर्त्ति प्राप्तां राधामुद्दिश्याह इतस्तत इति ॥३४९॥

भावान्तरमिलनायुक्ति वैचित्र्याच्च प्रलापालापादि रूपोत्कृष्टतरङ्ग तथा हेतुना उन्मादो बहुधा मतः ॥३५०॥

प्रलापादि दशधा गिरां वैचित्र्यम् ॥३५१॥

अस्या अनुक्षणं भ्रमादयो वर्धन्ते । अस्या अवियुक्तोविच्छेद रहितोऽप्याधि र्मनः पीड़ेव देह सम्बन्धि व्याधिः सन् स्फुटोवहिर्व्यक्तोऽभवत् । श्लेषेण, वि उपसर्गेणायुक्तोऽप्याधिर्व्याधिरभवदिति विरोधालङ्कारो ज्ञेयः ॥३५२॥

उन्माद का उदाहरण—विरह जन्य उन्माद से व्याकुल श्रीकृष्ण, स्फूर्त्ति प्राप्त राधा को कहते हैं,—इतस्ततः तुमको निरीक्षण कर रहा हूँ, किन्तु हस्त के द्वारा तुम को स्पर्श करने में असमर्थ हूँ। तुम क्या इन्द्रजाल विद्या को जानती हो, अथवा यह मेरा ही मति भ्रम है ॥३४९॥

यह उन्माद अनेक प्रकार होते हैं। कथित है—भावान्तर के समावेश हेतु एवं उक्ति वैचित्र्य हेतु उत्कृष्ट तरङ्ग के निमित्त अङ्गित्व प्राप्त होकर उन्माद अनेक प्रकार होते हैं ॥३५०॥

उसके मध्य में प्रलाप, आलाप, संलाप, विप्रलाप, अनुलाप, सुप्रलाप, परिलाप, विलाप, अपलाप एवं प्रतिलाप–ये दशविध वाक्य वैचित्र्य होते हैं। उदाहरण समूह श्रीमद् भागवत के भ्रमर गीतमें हैं ।३५१।

व्याधि का उदाहरण—भ्रम, दाह, एवं उन्माद जब अनुक्षण वर्द्धित होते रहते हैं, तब इनके अवियुक्त आधि ही व्याधि रूप में परिस्फुट होता है। इस श्लोक में उक्त, अवियुक्त शब्द का अर्थ वियोगरहित अर्थात् निरन्तर है, पक्षान्तर में अवियुक्त अर्थात् वि उपसर्ग शून्य आधि भी व्याधि रूप में आविर्भूत हुआ इस प्रकार विरोधाभास अलङ्कार को जानना होगा ॥३५२॥

मति का उदाहरण—तुम अशेष गुण रत्नाकर गोकुलेन्द्र कुमार हो, वक्तृता एवं कार्य्य क्षमता में अद्वितीय हो, तुम्हारे समक्ष में चातुर्य्य प्रकाश करने में कौन सुदक्ष होगा ? ३५३॥

वितर्कः,—किं पीयूषं किमु विषं किं हिमं किमु वानलः ॥
अभूत् कृष्णानुरागोऽस्यां विरोधिद्वयधर्मकः ॥३५४॥

त्रासः,—उच्चै र्गर्ज्जति मेघौघे राधा चकित लोचना ।
त्रस्यन्ती माधवं कण्ठे भुजाभ्यां परिषस्वजे ॥३५५॥

अथैषामङ्गाङ्गिभावत्वे दिग् दर्शनम् । यथा—

आगच्छन्मामभूः कृष्ण परासक्तः पथीति मीम् ।
केवलं नायशः प्रति त्वां चेत्याशङ्कि मे मनः ॥

अत्र पूर्वार्धे ग्लानि भावोऽङ्गी, शङ्काऽङ्गम् ॥३५६॥

एवम्—सर्वत्र समवर्त्तित्वं युक्तमेव महात्मनाम् ।
मय्येव समवर्त्तित्वं नान्यत्र पुरुषोत्तम ॥

अत्र मतिभावोऽङ्गी असूयाङ्गम् ।
एवमेकस्याङ्गिनो बहुन्यङ्गानि भवन्ति ॥३५७॥

अस्यां कृष्णानुरागो विरोधिद्वयधर्मको भवति, यथा आनन्द दायकत्वेन पीयूष धर्मत्वम् विच्छेद जन्य दाहकत्वेन विष धर्मकत्वञ्चेत्यर्थः ॥३५४॥

हे कृष्ण ! मन्निकटे आगच्छन् त्वं पथि अन्यस्यामसक्तोऽभूरित्ययशः केवलं मां न प्रति, न प्राप्नोति, अपितु, त्वामपि, इत्याशङ्कि मे मन इत्याशङ्का युक्तं बभूवेत्यर्थः ॥३५६॥

काचिन्मानिनी श्रीकृष्णमाह—हे पुरुषोत्तम ! महात्मनां सर्वत्र समवर्त्तित्वमेव युक्तम् । त्वन्तु सर्वत्र समवर्त्तित्वं विहाय मय्येव समवर्त्ती, नान्यत्र । श्लेषेण, दुःखदत्वात् समवर्त्ती यमः, "समवर्त्ती परेतराट्" इत्यमरः ॥३५७॥

वितर्क का उदाहरण—श्रीराधा का श्रीकृष्णानुराग—अमृत है कि गरल है, वा हिम है, अथवा अनल है, जो भी हो, परस्पर विरोधि धर्मद्वय विशिष्ट हुआ है ॥३५४॥

घनघटा गम्भीर गर्जन करने पर श्रीराधा ने त्रास से चकित नयना होकर बाहु युगल के द्वारा श्रीकृष्ण के कण्ठ देश को आलिङ्गन किया ॥३५५॥

ये सब अङ्गाङ्गि भावों का उदाहरण दिङ्मात्र प्रदर्शित हो रहा है—हे कृष्ण ! तुम मेरे पास आते आते ही पथ में दूसरी रमणी में आसक्त हो गये हो, यह अयश केवल मुझ को ही स्पर्श नहीं करेगा, तुम को भी स्पर्श करेगा, मेरा मन इस प्रकार शङ्का कर रहा है। इस श्लोकके पूर्वार्द्ध में ग्लानि भाव अङ्गी है, एवं शङ्का अङ्ग है ॥३५६॥

हे पुरुषोत्तम ! महात्मावृन्द का सर्वत्र समवर्त्तित्व ही उपयुक्त है, किन्तु तुम मेरे प्रति ही समवर्त्ती हो अपर के प्रति नहीं, यही दुःख की बात है ।

यहाँ समवर्त्ति शब्द से श्लेष-पक्ष में यम को जानना होगा । अर्थात् अत्यन्त दुःख प्रदत्व हेतु यम तुल्य है, यही तात्पर्य्य है। इस श्लोक में मतिभाव अङ्गी है, एवं असूया अङ्ग है। इस प्रकार एक अङ्गी

यथा—इयं गाढ़ोत्कण्ठा विषम विषदिग्ध बहृदि मे
प्रसूनेषोर्भग्ना विशिख फलिकेव स्थितवती ।
अतो मे प्रत्यङ्गं ज्वलयति तुदत्याकुलयते
धुनीते मुष्णीते जड़यति च सञ्चर्वयति च ॥

अत्र स्मृति भावोऽङ्गी, मोह चपलता ग्लानि जड़ता प्रभृतिर्ण्यङ्गानि, अङ्गत्वेन नैतद् भाव शावल्यम् ॥३५८॥

अथ भावो दयादि, तत्र भावोदयो यथा
आली जनैर्मण्डनकेलि काले, विभूष्यमाणा वृषभानु पुत्री ।
उरोगते नीलमणीन्द्रहारे, स्विन्ना सकम्पा पुलकाकुलासीत् ॥३५९॥
अत्र हर्षोदयः ।

प्रशमो यथा—म्लानासि किं प्रेयसि मानकीनं
हृत पृच्छ पृच्छामितदित्युरोऽस्याः ।

इयं श्रीकृष्ण विषयक गाढ़ोत्कण्ठा विषमः विषेण दिग्धा लिप्तेव मम अङ्गं प्रत्यङ्गं ज्वलयति । कथम्भूता ? कन्दर्प सम्बन्धि वाणस्य भग्ना लोहमयी फलिकेव मे हृदि स्थितवती अभग्नायाः फलिकायाः कदाचिद् वाणं निष्काशनात् तस्यापि हृदयाद् वहिर्निःसरणं सम्भवति । भग्नायास्तु सर्वथा नेति ज्ञेयम् । धुनीते कम्पयति, मुष्णीते—चोरयति, मां देहानुसन्धान रहितां करोतीत्यर्थः । मोहादीनामङ्गत्वेन परस्पर प्राधान्याभावादे तेषां न भाव शावल्यमिति ज्ञेयम् ॥३५८॥

नीलमणीन्द्र हारे वक्षःस्थल गते सति श्रीकृष्ण स्मरणात् स्विन्नेत्यादि ।३५९।

हे प्रेयसि राधे ! कथं त्वं म्लानासि ? श्रीराधाह—मानकीनं हृद्यानस पृच्छ । श्रीकृष्णस्तु इच्छन् हृदय वाचिक्यमभिप्रेत्याह—तत् तव हृदयं पृच्छामीत्युक्त्वा अस्या राधाया वक्षः स्थलं स्पृशन्नाह—इदं

के अनेक अङ्ग होते हैं ॥३५७॥

श्रीकृष्ण विषयिणी यह गाढ़ोत्कण्ठा, पुष्पवाण के विषम विषदिग्ध भग्नवाण के समान हृदय में सतत अवस्थान कर मेरे प्रत्येक अङ्ग को ज्वलित, व्यथित, आकुलित, कम्पित, अपहृत, जड़ीकृत एवं संचवित कर रही है । इस श्लोक में स्मृति भाव अङ्गी, मोह, चपलता, ग्लानि जड़ता प्रभृति अङ्ग है । उक्त विषयों की अङ्गता हेतु यहाँ भाव शावल्य नहीं कहा जा सकता है ॥३५८॥

भावोदयादि का उदाहरण—तन्मध्य भावोदय—मण्डन केलि समय में सखी गण वृषभानु नन्दिनी को भूषण परिधान करा रही थीं, क्रमशः इन्द्रनीलमणि निर्मित हार लता तदीय वक्षःस्थल में स्थापित होने पर उसी समय आप स्वेद, कम्प, एवं पुलक से समाकुला हो गई ।

यहाँ हर्ष का उदय हुआ है ॥३५९॥

प्रशम का दृष्टान्त—प्रेयसि ! तुम क्यों म्लान हो रही हो ? क्यों म्लान हुई हूँ—मेरा हृदय को पूछो ।

स्पृशन्निदं स्वस्थमिति स्म कृष्णो,

ब्रबीति स नम्रमुखो बभूव । अत्रविषादप्रशमः ॥३६०॥

शावल्यं यथा —क्रोधान्धा गुरवोजनास्तरलितं दुर्वारमेतन्मनो

मर्मच्छेद करी खलोक्तिरचना रम्यः स वंशीस्वनः ।

कीनाशो भवनेश्वरस्त्रिजगतीलावण्यलक्ष्मीपतिः

प्रेमानन्द रसः स एष तनुमान् कृष्णः किमीहे सखि ॥३६१॥

अत्र भय चपलता शङ्का हर्षाऽसूयौत्सुक्यानि पृथक् पृथगेव स्थितानि ।

अथ सन्धिः—'म्लानासि किं प्रेयसि' इत्यादौ चतुर्थ पादार्धे 'सा नम्रमुखी बभूव' इति विषादनिर्गमे लज्जागमः, अनयोः सन्धिः ।

यथा वा—सुचिर मनुचरीभिः पाठितं कृष्ण गाथां,

सदसि शुक बधूभिः शृण्वतीगीयमानाम् ।

तत्र हृदयं स्वस्थमिति ब्रबीति ॥३६०॥

भवनेश्वरो गृह पतिः स्वामी, कीनाशः कृषक इत्यसूया । त्रिजगद्वर्त्ति लावण्य सम्पत्तीनां पतिः श्रीकृष्णः साक्षात्तनुमान् प्रेमानन्द रस एव । तस्मात् हे सखि ! अहं किमीहे—किं चेष्टे, किं करोमिति यावत् । क्रोधान्धेत्यनेन भयमित्येवं रीत्या सर्वत्र यथासंख्येन सम्बन्धो ज्ञेयः। एतानि पृथक् पृथगेव स्थितानि, नत्वङ्गाङ्गिभावतया । अतः भाव शावल्यमिति बोध्यम् ॥३६१॥

सखीनां सदसि शुकबधूभिः पक्षिरूपाभिर्गीयमानां श्रीकृष्ण गाथां शृण्वती सा तासु शुक बधूषु सदय मेकं नेत्रं विन्यस्यति, अन्यन्नेत्रं भयत्रसितं गुरुणां मुखे विन्यस्यति । एते उक्त प्रकारा व्यभिचारिभावाः

प्रश्न के उत्तर में हृदय शब्द से 'वक्षः स्थल' इस प्रकार अर्थ के अभिप्राय से श्रीकृष्ण बोले, उत्तम है, वही कर रहा हूँ । यह कह कर उनके वक्षः स्थल को स्पर्श करके उन्होंने कहा—यह तो सुस्थ ही है । तब राधा लज्जा से नम्र मुखी हो गई । यहाँ विषाद का प्रशम हुआ है ॥३६०॥

शवलता का दृष्टान्त—गुरुजन वृन्द क्रोधातिशय से अन्ध हैं, यह अन्तः करण अति तरल एवं दुर्वल है, खलजनों की रचना भी मर्म्मच्छेदकरी है, वंशीरव भी अति रमणीय है, गृह पति—कीनाश तुल्य है, त्रिभुवन वर्त्ति लावण्य लक्ष्मी का अद्वितीय अधीश्वर श्रीकृष्ण भी मूर्त्तिमान् प्रेमानन्द रस, स्वरूप हैं, हे सखि ! यहाँ अवला का कर्त्तव्य क्या है ? तुम्हीं विचार कर कहो ।

इस श्लोक में भय, चपलता, शङ्का, हर्ष, असूया एवं औत्सुक्य ये सब पृथक् पृथक् भाव से अवस्थित हैं ॥३६१॥

सन्धि का उदाहरण - प्रेयसि, तुम क्यों म्लान हुई हो' इत्यादि जो श्लोक इस के पहले लिखित हुआ है, उसके अन्त भाग में "श्रीराधा-लज्जा भरसे नम्र मुखी हो गई" यहाँ विषाद के अपगम से लज्जा का आगमन होने से उक्त उभय की सन्धि हुई है ।

प्रणयसदयमेकं तासु विन्यस्यतीयं,
चकितचकितमन्यन्नेत्रमास्ये गुरूणाम् ॥३६२॥
असौत्सुक्य त्रासयोः सन्धिः ॥

एतेचोक्त प्रकाराः स्वयं व्यङ्ग्या अपि भावान्तर व्यञ्जकाः स्युः ।
यथा (चतुर्थकिरणे षष्ठ. श्लोकः) "क्वाहं गोपवधूः"
यथा वा—नाभ्यञ्जनीयं सखि मे भवत्या, नोद्वर्त्तनीयञ्च वपुः कदापि ।
न सावधाना स्वनखेष्वसीति, ननान्दुरग्रे निजगाद गोपी ॥

अत्र स्वगात्र लग्न नखक्षत गोपनं प्रत्यवहित्था व्यङ्ग्या, तथा च न मे गृहपतेः सङ्ग कदाप्यभूत येनैतत् सम्भावनीयम् । तेन कृष्ण सङ्गजमेवेति व्रीडा । तेनैते व्यङ्ग्या व्यङ्ग्यान्तर व्यञ्जकाश्च भवन्तीति ॥३६३॥

स्वयं क्वाहं गोपवधूरित्यादि पद्व्यङ्ग्याः । एतेषामपि व्यङ्ग्योऽवहित्थाव्यभिचारी, इदन्तु वस्तु व्यङ्ग्य वस्तूत्तमोत्तमकाव्यं भवतीति ज्ञेयम् ॥३६२॥

स्वगात्रेति—ननान्दृ प्रभृति गुरुजनं प्रति नखक्षत गोपनमवहित्था । तथा चावहित्थया सखीं प्रति न मे कदापि गृहपतेः सङ्गस्त्वया ज्ञायते एव, येन स्वामि सङ्गेनेव तन्नखक्षतं स्वयासम्भावनीयम् तस्मादिदं नखक्षतं श्रीकृष्ण सङ्ग जन्यमिति व्रीडोदयः ध्वनेर्ध्वन्यन्तरोद्गारादिदमुत्तमोत्तमं काव्यं भवतीति भावः ॥३६३॥

मानिन्याह—हे कृष्ण ! पादं मुञ्च, श्रीकृष्ण आह—त्वं रोषं मुञ्च । पुनर्मानिन्याह—मे रुट् रोषो गतेति त्वं जानीहि । अत्र हेतुः—श्रीगोपेन्द्रेति । इत्यन्योन्य कथासु सतीषु श्रीकृष्णे भूयः पुनरपि तस्याः

उदाहरणान्तर यह है—सहचरी वृन्दने सुचिर कालसे जिसे कृष्ण गाथा को पढ़ाई थी, सभास्थल में उस कृष्ण गाथा का गान शुक वधुओंने किया । यह सुनकर श्रीराधा प्रणय वशतः सदय भाव से एक चक्षुः उन सबके प्रति एवं चकित चकित भाव से अन्य चक्षुः गुरु जनके मुखके और निक्षेप किया ।

यहाँ औत्सुक्य एवं त्रास की सन्धि हुई है ॥३६२॥

उक्त प्रकार व्यभिचारि भाव समूह स्वयं व्यङ्ग्य होकर भी भावान्तर के व्यञ्जक होते हैं । जिस प्रकार वर्णित है—"गोप रमणी मैं कहाँ" इत्यादि श्लोक में पद व्यङ्ग्य दैन्यादि व्यभिचारि भाव कर्त्तृक अवहित्थाभाव व्यञ्जित हुआ है ।

यथा वा—श्रीराधा ननान्दु प्रभृति के सम्मुख में सखी को कहने लगी, हे सखि ! मेरा शरीर में अभ्यङ्ग वा उद्वर्त्तन तुमको कुछ करना नहीं पड़ेगा । तुम निज नखर के सम्बन्ध में सतर्क नहीं हो ।

इस श्लोक में निज गात्र संलग्न नख क्षत गोपन के सम्बन्ध में अवहित्था भाव व्यङ्ग्य हुआ है, एवं "गृह पतिका संसर्ग मेरा कभी भी नहीं हुआ है, जिससे उस प्रकार नखक्षत होना सम्भावनीय है, अतएव यह निश्चय ही कृष्ण-संसर्ग जनित" इस प्रकार व्रीड़ा भी उक्त अवहित्था कर्त्तृक व्यञ्जित हुई है । सुतरां ये सब स्वयं व्यङ्ग्य होकर भी व्यङ्ग्यान्तर के व्यञ्जक हुये हैं ॥३६३॥

अथ प्रस्तार प्रकारेणोक्तानां षोड़शविधानां शावल्यानां भेदानाह। तत्रसन्ध्युत्तराः,

उप्रशस—पादं मुञ्च विमुञ्च मानिनि रुषं प्रत्येहि रुण्मे गता

श्रीगोपेन्द्र सुते स्वभाव कुटिले का रोष आकाङ्क्षति ?

इत्यन्योऽन्य कथासु केशिमथने भूयः पदं धित्सति

श्रद्धाधिक्य धृतेन तत् करयुगेनास्यं हृदेत्यप्यधात् ॥

अत्र पादं मुञ्चेत्यमर्षोदयः। विमुञ्च मानिनि रुषमिति कृष्ण वाक्याकर्णेन रुण्मे गतेति रोषप्रशमः। ततः श्रीगोपेन्द्रसुते इति मतिः, स्वभावकुटिल इत्यसूया, 'का रोषमाकाङ्क्षति' इत्यवहित्था, एभिः शावल्यम्। श्रद्धेत्यादिनौत्सुक्यम्, रुदतीति दैन्यम्—अनयोः सन्धिः।३६४।

अथ शउप्रस—हे मुग्धाक्षि परिष्वजस्व कठिना वज्रादपि त्वं गुणा

स्ते ते ते क्वगता इतिक्षणमभूत्तूष्णीं ततो निर्वृतः।

स्फूरर्यानन्दलयेन तेन महता स्वाभाविकेनाप्यहो

तद्विच्छेदद्रवोष्मणा च युगपद् द्वेधाभिभूतो हरिः।

अत्र परिष्वजस्वेत्यौत्सुक्यम्, कठिनेत्याद्यसूया, ते ते गुणा इति स्मृतिः—त्रिभिः शवलता।

पदं धित्सति धर्तुमिच्छति सति, सा मानिनी रुदती सती श्रद्धाधिक्यात् स्वेन धृतेन श्रीकृष्णस्य कर युगेन करणेन स्वमुखमप्यधात् आच्छादितवती।।३६४।।

मानिनीं श्रीराधिकां प्रति तस्या विच्छेदेनातिव्याकुलः श्रीकृष्ण आह—हे मुग्धाक्षि ! तव ते ते गुणाः सम्प्रति क्व गताः ? इत्युक्त्वा विच्छेद जन्य दुःखेन जड़ीभूतः सन् क्षणं तूष्णीमभवत्। ततस्तदनन्तरं

सम्प्रति प्रस्तार प्रकार से उक्त षोड़श विध शावल्य- के भेद समूह का वर्णन करते हैं—उसके मध्य में सन्ध्युत्तर,—शावल्य यह है—उ, प्र, श, स।

"कृष्ण ! मदीय चरण को परित्याग करो" "मानिनि ! तुम तव रोष को परित्याग करो" मैंने रोष को परित्याग किया, यह विश्वास करो। देखो, स्वभाव कुटिल गोकुल नन्दन के प्रति कौन रोष करने का इच्छुक है ? परस्पर के इस प्रकार कथनोपकथन के समय श्रीकृष्ण—पुनर्वार चरण धारण हेतु उद्यत होने पर श्रीराधाने अतिशय श्रद्धा के सहित तदीय कर युगल धारण पूर्वक उसके द्वारा ही अश्रुधारा-प्लुत स्वकीय मुख मण्डल को आच्छादित किया।

इस श्लोक में "चरण परित्याग करो" यहाँ रोषोदय मानिनि ! तुम रोष परित्याग करो, यहाँ रोष प्रशम है। "गोपेन्द्र नन्दन" यहाँ मति, "स्वभाव कुटिल" यहाँ असूया, कौन रोष प्रकट कर सकता है ? यहाँ अवहित्था है, इन सबों का शावल्य हुआ है, एवं श्रद्धातिशय—यहाँ औत्सुक्य एवं अश्रुधारा-प्लुत' यहाँ दैन्य है, यहाँ उभय की सन्धि भी हुई है।।३६४।।

—अनन्तर श, उ, प्र, स, का, उदाहरण प्रस्तुत करते हैं—अयि सुलोचने ! मुझ को आलिङ्गन करो, तुम क्या वज्र से भी अधिकतर कठिना हो गई हो ? तुम्हारे वे सब गुण—अब कहाँ चले गए ? यह कह

तूष्णीमिति जड़तोदयः, ततः स्फूर्त्या निर्वृत इति पूर्व पूर्व भाव प्रशमः। ततः स्फूर्त्यनन्तरमानन्दलयेन विच्छेद दवोष्मणा च द्वेधाभिभूत इति हर्ष विषादयो सन्धिः। ३६५॥

प्रशउस— गतो मे सन्तापो भवति हि मनस्यागत इव।
प्रियस्ते हा कष्टं मनसि कथमद्यागत इति।
पुर पश्चात् पार्श्वे मनसि च सदैवेति पुलकि--
न्यभूद्राधा पश्चादमृतविषनद्योः किमविशत् ॥

अत्र स्फूर्त्या स्वास्थ्यानुभवे 'गतो मे सन्तापः' इति ग्लानेः प्रशमः, ततः सखी वाक्यानन्तरं हा कष्टमिति विषादः, 'मनसि कथमित्यादि सखीं प्रत्यसूया, पुरः पश्चादि-त्युन्मादः एभिः शावल्यम्। पुलकिनीति हर्षोदयः। अमृतविषनद्योरिति हर्ष--मोहयोः सन्धिः ॥३६६॥

स्फूर्त्ति प्राप्तया तयासह मानसालिङ्गनेन निर्वृत स्तथा चागन्तुकानन्दजन्य—लय सात्त्विकेनेवं स्वाभाविकेन महता विच्छेद दावोष्मणा च युगपदं कस्मिन्नेव काले हृष्टो विषण्णश्चेति द्वेधाभिभूतो हरिर्बभूवेति।३६५।

माथुर विरहेणात्यन्त व्याकुलचित्ता श्रीराधिका सखीं प्रत्याह—मयाद्य श्रीकृष्णोदृष्टः, अतो मम सन्तापो गतः। सखी आह—हे भवति राधे! ते तवे प्रियोमनस्यागत इव, कुतस्तस्य साक्षाद् दर्शनमिति सखी वाक्यानन्तरं साह—हा कष्टमिति विषादः पश्चादुन्मादस्यातिशय प्राबल्योदयेन सखी वाक्यम यथार्थं मत्वा कुप्यन्ती सती आह—सखि! मम मनस्येव श्रीकृष्ण आगत इति त्वया कथमुक्तम्? स तु मम मनस्येव श्रीकृष्ण आगत इति त्वया कथमुक्तम्? स तु मम पुरोऽग्रे पश्चात् पार्श्वेऽपि, मनसि च सदा तिष्ठत्येव। तद्द दर्शनमपि मया प्राप्यत एव, इत्यागन्तुकानन्देन कदाचिदमृतनद्यां तस्याः प्रवेशः। साहजिक विरह स्फूर्त्या च विषनद्यां प्रवेशः। सन्धिरिति उन्मादावसानेऽर्धवाह्ये ॥३६६॥

कर विच्छेद जनित दुःखोदय से जड़ीभूत होकर श्रीकृष्ण क्षण काल मौन धारण कर रह गये।

अनन्तर स्फूर्त्ति प्राप्त श्रीराधा के आलिङ्गन से निर्वृत होकर आनन्दलय वशतः एवं तदीय विच्छेद दावानल का प्रबल सन्ताप वशतः युगपत् द्वि प्रकार से अभिभूत हो गये।

इस श्लोक में 'आलिङ्गन करो' यहाँ औत्सुक्य, अधिकतर कठिना' इत्यादि स्थल में असूया, वे सब गुण' यहाँ स्मृति, इन तीनों की शवलता हुई है।

'मौन धारण कर' यहाँ जड़ता का उदय, अनन्तर 'स्फूर्त्ति प्राप्त एवं निर्वृत' यहाँ पूर्व पूर्व भाव का प्रशम हुआ है। 'आनन्द लय वशतः एवं विच्छेद दावानल का प्रबल सन्ताप वशतः युगपत् द्वि प्रकार से अभिभूत' यहाँ हर्ष विषाद की सन्धि हुई है॥३६५॥

"आः—मेरा सन्ताप चला गया" "सखि! तुम्हारे हृदय में प्रियतम आये हैं, प्रतीत होता है" 'हा कष्ट! प्रियतम केवल मेरे हृदय में आये हैं, कह रही हो? मैं उनको सम्मुख में पश्चाद् भाग में, पार्श्व में हृदय में, सर्वत्र ही तो सर्वदा निरीक्षण कर रही हूँ" यह कह कर विरह कातरा श्रीराधा सहसा पुलकिताङ्गी हो गई एवं परक्षण में ही जैसे अमृतमयी एवं गरलमयी नदी में निमग्न हो गई।

प्रउशस—पश्चादेत्य शनैररिष्ट मथनस्तां सस्वजे साहसा
तत् संस्पर्शरसेन सा स्मितमुखी सद्योऽविचारादभूत् ।
आलीभ्यः परिशङ्कयाऽरुणमुखी धिग् धूर्त्ततां धूर्त्तते
धिङ्मेति त्वरयाऽपसारिततनु र्व्यावृत्य तूष्णीं स्थिता ॥

अत्र स्मितमुखीत्यमर्ष प्रशमः, आलीभ्यः परिशङ्कयेति शङ्कोदयः अरुणमुखीति धिग् धूर्त्ततामिति धिङ् मेति पुनरमर्षोग्रताग्लानिभिः शावल्यम्, त्वरयापसारिततनुरिति चपलता, व्यावृत्य तूष्णीं स्थितेति धैर्यम्, अनयोः सन्धिः एतेसन्ध्युत्तराश्चत्वारः ॥३६७॥

सउप्रश—अक्रूरोऽद्यागतइतिमुखग्लानि हृत् कम्पभाजः
स्तम्भोजातश्चिरमथ सखी सान्त्वनैं बोध आसीत् ।

अविचार विचारोत्थौ यौ संयोग—वियोगौ तज्जन्ययोर्हर्षविषादयोः सन्धिरित्यर्थः, अयामानो गतप्राय एव, किन्तु सखीनामनु रोधेन मानाभास एव वर्त्तते इति दूती वाक्येन जातो यः साहस स्तस्मात्श्री कृष्णस्तां सस्वजे। अविचारादिति—अहं मानिनी, मम स्मितमनुचितमिति विचार विनैवेत्यर्थः। हे धूर्त्त ! ते धूर्त्ततां धिक्। मामां धिगिति त्वरया अपसारिता। श्रीकृष्णाद् वियुक्ता कृता तनुर्यया तथाभूता सती व्यावृत्य श्रीकृष्णे पृष्ठं दत्वास्थिता ॥३६७॥

मुखम्लानादिमांजस्तस्याश्चिरकालं व्याप्य स्तम्भो जातः। प्रातः कृष्णो मथुरामित्येव, ननु यास्यतीति अपूर्णे जनानामुक्ते सति प्रत्यावृत्तः पुनरागते, स्त्रिभिर्मु ख ग्लानिहृत् कम्पस्तम्भभावैः सा

इस श्लोक में स्फूर्त्ति का उदय से स्वास्थ्यानुव होने पर मेरा सन्ताप विगत हुआ" इस वाक्य में ग्लानि का प्रशम, सखी का वाक्यावसान होने पर 'हा कष्ट!" इत्यादि वाक्य में विषाद का उदय, "केवल हृदय में आये हैं; कह रही है ?" इस वाक्य से सखी के प्रति असूया, "सम्मुख में पश्चाद् भाग में" इत्यादि स्थलमें उन्माद-ये सब शावल्य हुये हैं, एवं "पुलकिताङ्गी" यहाँ हर्षोदय, "अमृतमयी एवं गरलमयी नदी में निमग्न" यहाँ हर्ष एवं मोह की सन्धि हुई है ॥३६६॥

प्र. उ श, स, का उदाहरण—अरिष्टासुर मर्दन श्रीकृष्ण पश्चाद् दिक् से धीरे धीरे आकर साहस पूर्वक झटिति श्रीराधाको आलिङ्गन किया, उससे श्रीराधा तदीय स्पर्श रस भरसे सहसा कुछ विचार करने में अक्षम होकर हँसमुखी हो गई, अनन्तर सन्निहित सखी वृन्द को शङ्कासे अरुण वदना हो गई, एवं 'हे धूर्त्त! तुम्हारी धूर्त्तता को धिक्कार, मुझ को भी धिक्कार 'यह कह कर सत्वर वहाँ से आत्मशरीर अपसारण पूर्वक पराङ्मुखी होकर मौन भावसे अवस्थान करने लगीं।

इस श्लोक में "हास्यमुखी" यहाँ अमर्ष का प्रशम, "सखी वृन्द की शङ्कासे" यहाँ शङ्का का उदय, मुझको भी धिक् अरुण वदना, धूर्त्तता को धिक्कार यहाँ अमर्ष, उग्रता एवं ग्लानि का शावल्य एवं "सत्वर यहाँ से 'आत्मशरीर अपसारण पूर्वक' यहाँ चपलता एवं "पराङ्मुखी होकर "मौन भाव में अवस्थान" यहाँ धैर्य, उभय की सन्धि हुई है, सन्ध्युत्तर चारों का उदाहरण प्रस्तुत किया गया ॥३६७॥

अक्रूर का आगमन हुआ है,—इस संवाद से श्रीराधा के मुख में ग्लानि, हृदय में कम्प एवं बहुक्षण व्यापी स्तम्भ उपस्थित हुआ। अनन्तर सखीगण के सान्त्वना वाक्य से प्रबोध प्राप्त हुई, किन्तु "अहह !

प्रातः कृष्णोऽप्यहह मथुरामित्यपूर्णे जनोक्ते
प्रत्यावृत्तैस्त्रिभिरथ पुनः सैव पूर्णा बभूव ॥

अत्र मुखग्लानि हृत्कम्पभाजे इति ग्लानि-शङ्कयोः सन्धिः, ततः स्तम्भो जात इति जड़तोदयः, सखी सान्त्वनैरिति तत् प्रशमः, प्रत्यावृत्तैस्त्रिभिरिति ग्लानि-शङ्का जाड्यैः शावल्यम् ॥३६८॥

सप्रश्रु—मेघालोके पुलकित तनुर्विद्यु दालोकने सा
व्याभुग्न भ्रूस्तदुपशमने सुप्रसन्नाननेन्दुः ।
भूयो विद्युद् वलय कलने लोहिताक्षी मृगाक्षी
धारापाते रुदित मलिनीभाव मूर्च्छाः प्रपेदे ॥

मेघालोके कृष्णागमन भ्रमात् पुलकिततनुत्वेन हर्षः, विद्युदालोकनेन विपक्षरमणी बुद्ध्या-असूया-अनयोः सन्धिः । तदुपशमने सुप्रसन्नेति असूया प्रशमः, भूय इत्यादिना लोहिताक्षीत्यमर्षोदयः, धारापाते सति मेघ एवायमिति रुदितेति विषादः, मलिनी भावेति ग्लानिः, मूर्च्छेति मोहः—एभिः शावल्यम् ॥३६९॥

पुनः पूर्णा बभूव ॥३६८॥

मेघालोके श्रीकृष्ण ज्ञानात् पुलकित तनुस्तत्र विद्युदालोके सति प्रतिपक्षरमणी ज्ञानेन कोपाद् व्याभुग्नभ्रूः, तस्या विद्युदुपशमने क्रोधाभावात् सुप्रसन्नाननेन्दुः, भूयः पुनरपि विद्युदालोकेन पूर्ववत् लोहिताक्षी, धारापाते सति नायं कृष्णः, किन्तु मेघ एवेति ज्ञानात् रुदितं मलिनी भावो मूर्च्छा च, एतान् व्यभिचारिभावान् प्रपेदे ॥३६९॥

श्रीकृष्ण प्रभात में ही मथुरा में" इस प्रकार असम्पूर्ण जनरव श्रवण से पुनर्वार श्रीराधा उस प्रत्यावृत्त भावत्रय से परिपूर्णा हो गई ।

इस श्लोक में "श्रीराधा की मुख ग्लानि, हृत्कम्प" इस स्थल में ग्लानि एवं शङ्का की सन्धि, "बहुक्षण व्यापी स्तम्भ उपस्थित हुआ" यहाँ जड़ता का उदय, "सखी गण के सान्त्वना वाक्य में"—यहाँ जड़ता का प्रशम, "उस प्रत्यावृत्त भावत्रय में" यहाँ ग्लानि, शङ्का एवं जड़ता का शावल्य हुआ है ॥३६८॥

मेघावलोकन कर श्रीराधा की तनुलता पुलकिता हुई. अनन्तर विद्युद् दर्शन से उनके भ्रू युगल कुटिल हो गये। उस समय विद्युत् प्रणाश होने पर मुख चन्द्र प्रसन्न हुआ। किन्तु पुनर्वार विद्युत् वलय अवलोकन से मृगाक्षी लोहिताक्षी हो गई एवं तत् पश्चात् धारापात को देखकर रोदन एवं मालिन्य एवं मूर्च्छित हो गईं।

इस श्लोक में मेघावलोकन से श्रीकृष्ण के आगमन भ्रम से तनुलता पुलकित होने से हर्ष एवं विद्युद् दर्शन से विपक्ष रमणी बोध होने से 'असूया' इस भावद्वय की सन्धि हुई है। विद्युत् प्रणाश से मुखचन्द्र सुप्रसन्न हुआ। यहाँ असूया का प्रशम हुआ है। "पुनर्वार विद्युद्वलय विलोकन से "लोहिताक्षी" यहाँ अमर्ष का उदय, धारापात निरीक्षण से "यह निश्चय ही मेघ" यहाँ अमर्ष का उदय हुआ है। धारापात

प्रउसश—असाक्षादेव त्वं भवसि नहि साक्षादिति रुषे
प्रकुप्यन्ती कृष्णे गतवति निरागस्यपि पदम् ।
त्वरातङ्कव्यग्रा कपटमिति तस्मिन् विदितव
त्यहो नाना भावव्यतिकरवतीयं विजयते ॥

अत्र साक्षान्नभवसीति प्राग् जातस्यामर्षस्य प्रशमः, ततोरुषे कूप्यन्तीति रुषं प्रति कोपोदयः, पश्चात् कृष्ण पाद पतने त्वरातङ्कव्यग्रेति चपलता शङ्कयोः सन्धिः, ततो नाना भाव व्यतिकरेति व्रीडामद--स्मृति--शङ्का--त्रासादिभिः शावल्यम् ॥३७०॥

उप्रसश—गण्डे कुण्डल पद्मरागमहसो विम्ब प्रति प्रेयसः
पारक्योऽधर राग इत्यरुणितापाङ्गी चल वीक्ष्यतम् ।
स्निग्धाक्षी दयितो रुषं विदितवान्नो वेति दोलायिता
स्यश्वद्वृक्तया विचार्य च मृषा मानं दधे राधिका ॥

काचित् स्वक्रोधं प्रत्याह—श्रीकृष्णस्यासाक्षादेव त्वं प्रादुर्भवसि, ननु तस्य साक्षादिति रुषे स्वक्रोधाय प्रकुप्यन्ती सा निरागसि निरपराधे श्रीकृष्णे स्वपादं गृहीतेसति त्वरातङ्काभ्यां व्यग्राबभव । स्वकर्तृक पाद ग्रहणे सति तस्या वैयग्र्यदर्शनेनाहो नाहं मानो न क्रोधजन्यः, अपितु कपटमिति तस्मिन् कृष्णे विज्ञापिते सतीयं व्रीडामदादि नानाभाव समूहवती विजयते ॥३७०॥

प्रेयसः श्रीकृष्णस्य गण्डे कुण्डलस्थ पद्मराग कान्ते रक्त प्रतिविम्बं पारक्योऽधरं राग इति मत्वा कत् प्रतिपक्षरमण्यधरं सम्बन्धि ताम्बूल राग इति मत्वेत्यर्थः । आदौ क्रोधेनारुणापाङ्गी पश्चात्तं प्रति विम्बं

निरीक्षण से "यह निश्चय ही मेघ है" इस प्रकार निश्चय होने से "रोदन" यहाँ विषाद एवं "मालिन्य यहाँ ग्लानि एवं मोह प्रभृति का शावल्य हुआ है ॥३६९॥

श्रीकृष्ण के असाक्षात् में तुम प्रादुर्भूत होते हो, श्रीकृष्णके साक्षात्कारके समय तो तुम्हारा दर्शन ही नहीं होता है, यह कह कर श्रीराधिका क्रोध के ऊपर क्रोध कर रही थी, इस समय निरपराध श्रीकृष्ण उपस्थित होने पर उनके चरणोपान्त में पतित हुये । ऐसा होने पर श्रीराधा व्यग्रता एवं आतङ्क से नितान्त व्याकुला हो गई । एवं 'ये सब कपट मात्र हैं, वास्तविक क्रोध हेतु मान नहीं है" श्रीकृष्ण—यह अवगत होने पर भाविनी श्रीराधाने जो कितने प्रकार भावों का आविर्भाव किया, वह वाग् विभव का अतीत है ।

इस श्लोक में "साक्षात् कार के समय तुम्हारा दर्शन नहीं होता है । यहाँ पूर्वजात रोष का प्रशम, तत् पश्चात् "क्रोध के ऊपर क्रोध कर रही थी । यहाँ रोषके प्रति कोपोदय, पश्चात् श्रीकृष्ण का पाद पतन से त्वरा एवं आतङ्क से व्याकुला, यहाँ चपलता एवं शङ्का की सन्धि हुई है । तत् पश्चात् "भाविनी कतिविध भाव का आविर्भाव किया" यहाँ व्रीड़ा, मद, स्मृति, शङ्का, त्रासादिका शावल्य है ।३७०।

उ,प्र,स,श का दृष्टान्त—प्रियतम के गण्डस्थल में तदीय कुण्डलस्थित पद्मरागमणि की किरणच्छटा

अत्र गण्ड इत्यादिना अमर्षोदयः, चलं वीक्ष्येति तस्य प्रशमः, कथं विदितवान्नोवेति शङ्का वितर्काभ्यां सन्धिः, न्यञ्चद् वक्त्रतयेति व्रीड़ा, विचार्य्येति मतिः, मृषा मानमिति अवहित्था, एभिः शावल्यम् । एतेचत्वारः शवलोत्तराः ॥३७१॥

उशसप्र—प्रियालोके दृष्टिं नमयति तमन्यां प्रति लसद्
दृशं स्निग्धारक्तप्रचल नयना पश्यति वधूः ।
पुनः पश्यत्यस्मिन् स्मित पुलकसङ्गोपनपरा
हठात्तेनाश्लिष्टा सपदि गत वाम्या समभवत् ॥

अत्र दृष्टिं नमयतीति व्रीड़ोदयः, स्निग्धारक्त प्रचलनयनेति औत्सुक्यं क्रोध चपलतानां शावल्यम्, मामनादृत्यान्यां पश्यतीति क्रोधः, स्मित पुलकेति मद हर्षयोः, सपदि गतवाम्येति क्रोधादि प्रशमः ॥३७२॥

चलं वीक्ष्य 'अहो नायमधर रागः, किन्तु प्रतिविम्बः' इति ज्ञानात् क्रोधाभावेन स्निग्ध क्षी । श्रीकृष्णो मदीय क्रोधं जानाति, न वेति दोलायित चित्ता सती अहो अज्ञाताज्ञातोऽपि मत् क्रोधः श्रीकृष्णेन ज्ञात एवेति लज्जयाधोमुखत्वेन च विचार्य्य अहो स्वप्रतिज्ञा रक्षार्थं पुना मया किं कर्त्तव्यम् ? किन्तु कृत्रिममान ग्रहणमेव समोपायः इति विचारं कृतेत्यर्थः ॥३७१॥

प्रियकर्त्तृक स्व कर्मकालोके सति तल्लज्जया दृष्टिं नमयति, पश्चात्सम्मुखीं दृष्ट्वा तां विहाय अस्याः प्रतिपक्षामन्यां प्रति लसन्ती दृक् यस्य तथाभूतं श्रीकृष्णं सा वधूः, पश्यति । कथम्भूता ? आदौ श्रीकृष्ण दर्शनस्यायं स्वभावो यत् क्रोधादि सहस्र प्रति-बन्धकमप्य गणयित्वावश्यमेवानन्दं जनयतीत्यानन्देन स्निग्धनयना, पश्यान्मामनादृत्यान्यां पश्यतीति क्रोधेन रक्तनयना चपलनयना च । पुनः श्रीकृष्णे प्रतिपक्षां विहाय तां पश्यति सति श्लोकस्थ रक्त पद व्यङ्ग्य क्रोधस्य बीजमाह—मामनादृत्येति ॥३७२॥

में प्रतिविम्ब को देखकर वह अपर रमणी का अधर राग है, यह मानकर वराङ्गी श्रीराधिका रोष से लोहितापाङ्गी हो गई, पश्चात् उस प्रतिविम्ब को चञ्चल देखकर वह वास्तव प्रतिविम्ब बोध होने से मृगाक्षी स्निग्धाक्षी हो गई. तत् पश्चात् दयित मदीय कोप को जान गये हैं, अथवा नहीं, इस प्रकार सन्देह से दोलायित चित्त होकर—विदित होने की अधिक सम्भावना है, यह मान कर नत मुखी हो गई। अनन्तर विचार पूर्वक स्व प्रतिज्ञा रक्षार्थ मिथ्या मान ग्रहण किया ।

इस श्लोक में 'प्रियतम के गण्डस्थल में' इत्यादि वाक्य में अमर्ष का उदय, प्रतिविम्ब की चपलता देखकर' यहाँ अमर्ष का प्रशम, "मदीय रोष विदित हुये हैं, अथवा नहीं" यहाँ शङ्का एवं वितर्क की सन्धि "नम्रमुखी हो गई" यहाँ व्रीड़ा, "विचार पूर्वक" यहाँ मति । "मिथ्यामान" यहाँ अवहित्था, इन सबों का शावल्य हुआ है । शवलोत्तर के चार दृष्टान्त प्रस्तुत हुये हैं ॥३७१॥

उ, श, स, प्र, का दृष्टान्त—प्रियतम के दर्शन से दृष्टि को अवनत किया, उस समय प्रियतम अन्य रमणी के प्रति कटाक्ष निक्षेप करने से स्निग्धाक्षी रोष से चञ्चल लोहिताक्षी होकर उनके प्रति नयन सञ्चालन किया, पुनर्वार श्रीकृष्ण प्रणय सतृष्ण भाव से दृष्टि पात करने से श्रीराधिका तत्क्षणात् सञ्जात

सउशप्र—यदालोके पूर्वं भुजग इति सम्भ्रान्त चकिता

प्रियाग्रे तामेव स्रजमुरसि सद्यो विदधती ।

सखीषु स्मेरासु भ्रुकुटितरलारक्त नयना

परिष्वक्तातेन द्रुतविशदचित्ता समजनि ॥

अत्र सम्भ्रान्त चकितेति त्रासु चपलाभ्यां सन्धिः, 'प्रियाग्रे तामेव स्रजमुरसि सद्योविदधती' इति औत्सुक्योदयः, भ्रुकुटि तरलारक्तनयनेति भ्रुकुटि रित्यसूया, तरलेति चपलता, आरक्तेति क्रोधस्तैः शावल्यम्, द्रुतविशद चित्तेति प्रशमः ॥३७३॥

असउप्र—मां पश्यन्त्यास्तव किमरुणाभुग्न-भ्रान्ता दृगन्ता-

निष्पन्द्रेऽप्यधर-किसलये गूढ़-लक्ष्या विवक्षा ।

हासो जाताङ्कुर इव कियत्तेन चित्ते प्रमोदो

वामत्वं ते वहिरिति हरेर्वाचि राधा जहास ॥

प्रिये कर्त्तृक स्वकर्म्मालोकेसति लज्जया दृष्टि नमयति, पश्चान्निम्रमुखी दृष्ट्वा तां विहाय अरयाः प्रतिपक्षामन्यां प्रति लसन्तीं स्व यस्य तथा भूतं श्रीकृष्णं सा बधू पश्यति । कथम्भूता ? आवौ श्रीकृष्ण दर्शनस्यायं स्वभावो यत् क्रोधादि सहस्र प्रतिबन्धकमध्येमणयित्वावश्यमेवानन्दं जनयतीत्यानन्देन स्निग्ध नयना, पश्चन्निमामनादृत्यान्यां पश्यतीति क्रोधेन रक्त नयना चपलनयना च । पुनः श्रीकृष्णो प्रतिपक्षां विहाय तं पश्यति सति श्लोकस्य रक्तं पदं उपलक्ष्य क्रोधस्य बीजमाह-मामनादृत्येति ॥३७३॥

स्मित एवं पुलकके सङ्गोपन करने में व्यग्र हो गई एवं उस समय दयित कर्त्तृक आलिङ्गित होने से उनका वाम भावका सम्पूर्ण अभाव हुआ।

इस श्लोक में "दृष्टि अवनत किया" यहाँ ब्रीड़ा का उदय, "स्निग्धाक्षी रोष से चञ्चल लोहिताक्षी हो गई। यहाँ औत्सुक्य, क्रोध एवं चपलता का शावल्य, मुझ को अनादर कर अपर के प्रति दृष्टिपात कर रहे हैं, अतः श्रीराधिका का क्रोध, "स्मित एवं पुलक" यहाँ मद हर्ष की सन्धि, वाम भावका सम्पूर्ण अभाव हुआ" यहाँ क्रोधादि का प्रशम हुआ है ।

स उ श प्र का उदाहरण—पूर्व में उत्कण्ठित दशामें जिसको अवलोकन कर भुगजभ्रम से सम्भ्रम चकिता हुई थी, अद्य प्रियतम के सम्मुख में सहसा उस मालाको ही वक्षः स्थल में लम्बित करते देखकर सखी मण्डली को हँसमुख होने से श्रीमतीके नयन युगल भ्रकुति तरल एवं आरक्त उठे थे, किन्तु अविलम्ब हो में दयित कर्त्तृक आलिङ्गित होने के कारण उनका कोप कलुषित चित्त शीघ्र हीं सम्पूर्ण सरस एवं सुविमल हुआ ।

इस श्लोक में सम्भ्रम चकिता, यहाँ त्रास एवं चपलता की सन्धि, "प्रियतम के सम्मुख में सहसा उस माला को ही' इत्यादि वाक्य में औत्सुक्य का उदय, "नयन युगल भ्रकुटि तरल एवं आरक्त" यहाँ भ्रकुटि पदसे असूया, तरल, पद से चपलता एवं आरक्त पद से क्रोध—इन तीनों का शावल्य हुआ है । सरस एवं सुविमल हुआ " यहाँ प्रशम हुआ है ।।३७३।।

निष्पन्दत्व गूढ़ अत्रारुणेति कोपः, आभुग्नेत्यसूया, भग्नेति त्रपा, ताभिः शावल्यम्। निष्पन्दत्व गूढ़ विवक्षाभ्यां धृति चपलतयोः सन्धिः, हासोजाताङ्कुर इति हर्षोदयः, जहासेति कोप प्रशमः ॥३७४॥

स श उ प्र—त्वं मे प्राणाः कथमिव विभो त्वां विनानैव वर्त्ते,
नाहं याते वसति हृदये संवते प्राण हेतुः।
त्वं मे नित्यं वससि हृदये नाननेत्यश्रुपूर्णा
कृष्णो दोर्भ्यां हृदि विनिदधे सा विसस्मार वाम्यम् ॥

अत्र कथमिवेति वितर्कः, विभो इत्यसूया—द्वाभ्यांसन्धिः। नाहमिति दैन्यम्, याते वसति हृदये संवेत्यसूया, प्राण हेतुरित्युग्रता—एभिः शावल्यम्। अश्रु पूर्णामित्यौत्सुक्योदयः, वाम्यं विसस्मारेति कोप प्रशमः। एतेप्रशमोत्तराश्चत्वारः ॥३७५॥

हे राधे! तव कटाक्ष आभुग्ना-ईषत्-कुटिला, एवं भग्ना-लज्जया मुद्रितास्तथा तव निष्क्रियाधरे विवक्षा वक्तुमिच्छागूढ़ा, अतएव लक्ष्या यत्नेन लक्षयितुं शक्या। तवहासः किंयज्जाताङ्कुर इव। किंचिदिति जनिक्रिया विशेषणम्। तेन हेतुना तवचित्ते आनन्दः, वाम्यन्तु वहिः कालैवनिकम् ॥३७४॥

पुनः श्रीकृष्ण आह—श्रीकृष्ण आह त्वमिति। मानिनी आह—हे विभो! कथं केन प्रकारेण त्वामिति। साह—नाहमिति। श्रीकृष्ण आह-त्वं मे हृति। साह नेति ॥३७५॥

स स उ प्र का—दृष्टान्त—अयि, राधे! मुझ को देखकर तुम्हारा अपाङ्ग क्यों अरुणित, आभुग्न एवं लज्जा से भग्न प्राय हुआ? स्पन्द हीन अधर पल्लव में कथनाकाङ्क्षा जैसे गूढ़ भाव से लक्षित हो रही है, हास्य भी जैसे उसमें किञ्चित अङ्कुरित हुआ है। अतएव मैं विचार करता हूँ तुम्हारे चित्त में प्रफुल्लता एवं वहिर्भाग में वामता विराजित है। श्रीकृष्ण के इस प्रकार वचन-चातुर्य को सुनकर श्रीराधा हास्य मुखी हो गई। यहाँ "अरुण" पद से को, "आभुग्न" पद से असूया, "भग्न" पद से व्रीड़ा है, इन सबों का शावल्य हुआ है, अधर की निष्पन्दता एवं विवक्षा की गूढ़ लक्ष्यता हेतु धृति एवं चपलता की सन्धि हुई, "हास्य जैसे किञ्चित अङ्कुरित हुआ है" यहाँ हर्षोदय हुआ है। "हास्य मुखी हो गई" यहाँ कोप का प्रशम हुआ है ॥३७४॥

"प्रियतमे! तुम्हीं मेरा प्राण स्वरूप हो" हे विभो! कैसे में तुम्हारा प्राण स्वरूप हुई, "देखो, तुम को छोड़कर मैं मुहूर्तमात्र भी वर्त्तमान रह ही नहीं सकता हूँ। 'ना, ना, वह मैं क्यों? जो तुम्हारे हृदय में निवास करती है, वही तुम्हारे प्राण हेतु है।" "क्यों तुम्हीं तो सतत मदीय हृदय में निवास करती हो, "ना, ना, मैं सतत तुम्हारे हृदय में, क्यों रहूँगी?" यह कह कर मानिनी अश्रु पूर्णाक्षी होने से श्रीकृष्ण उनको बाहु युगल के द्वारा हृदय में धारण किये थे, श्रीराधा भी समस्त अभिमान भूल गई।

इस श्लोक में "कैसे में तुम्हारा प्राण स्वरूप" यहाँ वितर्क एवं "विभो!" इस पद से असूया, इन दोनों की सन्धि, 'नहीं नहीं मैं क्यों? यहाँ दैन्य, "जो तुम्हारे हृदय में निवास करती है, वही" यहाँ

सशप्रउ—कीदृग् वेणुमवीवदो व्रजपुरीत्यापृष्ट एव प्रियो
रुक्मिण्या व्रजकेलि कौतुक कथा संवेदना संविदोः ।
सन्धौ बन्धुरमानसः पुनरहो रोमाञ्चनेत्राम्बुनी
संवृण्वन् प्रकृतौ बभूव स पुनः—पारि–प्लवमानोऽभवत् ।।

अत्र 'व्रजकेलि कौतुक कथा संवेदना संविदोः सन्धौ' इति स्मृति जडतयोः सन्धिः, रोमाञ्चेति हर्षः 'नेत्राम्बु' इति विषादः, संवृण्वन्निति अवहित्था— तैः शावल्यम् प्रकृतौ बभूवेति तत्तत् प्रशमः पारिप्लवात्मत्यौत्सुक्योदयः ।।३७६।।

ससप्रउ—लिखिष्यामीत्यग्रे स्फुरदभिनिवेशात्त तरला
ततोऽश्रुस्नाताक्षी धिगिति विधिनिन्दां विदधती ।
अवष्टभ्य स्वान्तं प्रकृतिमिव याता क्षणमसौ
लिखन्ती प्राणेशं क्षणमिव विसस्मार सकलम् ।।

हे कृष्ण ! त्वं व्रजभूमौ कीदृक् वेणुमवीवदः इति रुक्मिण्या आपृष्टः श्रीकृष्णो व्रज सम्बन्धि केलि कथायाः संवदनं ज्ञानम्, एवं जडतावशादसंविद् ज्ञानाभावस्तयोः सन्धौ बन्धुर मानसः सन् पुनरहो जाते रोमाञ्चनेत्र जले संवृण्वन् प्रकृतः स्वस्थो बभूव स श्रीकृष्णः पुनश्च पारिप्लवमानः चञ्चल चित्तोऽभवत् ।।३७६।।

माथुर विरहेणात्यन्त व्याकुला काचित् स्वचित्तस्य क्षणिकविनोदार्थं मग्ने प्रथमतः श्रीकृष्णं लिखिष्यामीति स्फुरदभिनिवेशो यस्याः सा, पश्चाद्वार्ता तरला अश्रुस्नाताक्षी चाभवत् च ततश्च लिखने

असूया, "प्राण हेतु" यहाँ उग्रता, इन सबों की शबलता हुई है। एवं अश्रु पूर्णाक्षी" यहाँ औत्सुक्य का उदय एवं "समस्त अभिमान विस्मृत हुई" यहाँ क्रोध का प्रशम हुआ है ।

ये चतुर्विध प्रशमोत्तर के उदाहरण हैं ।।३७५।।

स,श, प्र, उ का उदाहरण—व्रज में आप किस प्रकार वेणु वादन करते ? प्रियतमा रुक्मिणी इस प्रकार जिज्ञासा करने पर सहसा व्रजपुरी सम्बन्धिनी केलि कौतुक कथा का स्मरण होने से एवं उसी समय उक्त कथा समूह का स्मरण हेतु जड़ता उपस्थित होने पर ज्ञान एवं अज्ञान का सम्मिलन से श्रीकृष्ण प्रथम नितान्त अव्यवस्थित चित्त एवं पुनर्वार रोमाञ्च एवं वाष्प वारि संवरण पूर्वक प्रकृतिस्थ हो गये । किन्तु परक्षण में ही पुनर्वार चञ्चल चित्त हो गये थे ।

इस श्लोक में "व्रज पुरी सम्बन्धिनी केलि कौतुक कथा का स्मरण, एवं उसी समय उसको स्मरण हेतु जड़ता का उदय" यह जड़ता का सन्धि, "रोमाञ्च" यहाँ हर्ष "वाष्पवारि" यहाँ विषाद, "संवरण पूर्वक" यहाँ अवहित्था, इन सब का शावल्य, "प्रकृतिस्थ हुये थे" यहाँ उसका प्रशम, "चञ्चल चित्त" औत्सुक्योदय हुआ है ।।३७६।।

माथुर विरह में नितान्त व्याकुला किसी भामिनी क्षणकाल चित्तविनोदन के अभिप्राय से प्रियतम

अत्रस्फुरदभिनिवेशेति स्मृतिः, आर्त्तेति आवेगः, तरलेति औत्सुक्यम्–एभिः शावल्यम्। अश्रुस्नाताक्षीति विषादः, धिगिति विधिनिन्दामित्यसूया, तयोः सन्धिः, अवष्टभ्य स्वान्तमित्यादि प्रशमः,–विसस्मार सकलमिति मोहोदयः ॥३७७॥

प्रसशउ—विश्रान्तः सखि संशयः-स रमते नैकापि तस्य क्षपा
व्यर्थेत्यालपन प्रयोग समये कृष्णं विलोक्या गतम्।
हृष्टा किं-श्रुतमश्रुतं किमथ वेत्याशङ्कमानानमद्
वक्त्रा तेन विचुम्बिताथ सुमुखी स्पन्देन मन्दाभवत्।

अत्र विश्रान्तः सखि संशय इति वितर्क प्रशमः, स रमत इत्यसूया, नैकापि तस्य क्षपा व्यर्थेत्यमर्षः, अनयोः सन्धिः। हृष्टा इति हर्षः, श्रुतमश्रुतं वेति वितर्कः आशङ्कमानेति शङ्का, नमद्वक्त्रेति व्रीड़ा, एभिः शावल्यम्। स्पन्देन मन्दाभवदिति जड़तोदयः ॥३७८॥

:विध्नं दृष्ट्वा उपायान्तरमपश्यन्ती विघ्ननिर्मातु विधेर्निन्दां विदधती स्वान्तमवष्टभ्य मनः स्थिरी कृत्य क्षणं प्रकृति" स्वभावं प्राप्ता असौ सुस्था भूत्वा प्राणेशं लिखन्ती लिखन् समये मूर्च्छोदयेन सकलं विसस्मार। शिव शिवेति खेदे ॥३७७॥

हे सखि! संशयो विश्रान्तो गत इत्यर्थः। स श्रीकृष्ण स्त्रीयो सह रमते, तस्यैकापि रात्रि स्तया सह रमणं विना न व्यर्थ,। स्पन्देन मन्दा रहिता जड़ाभूदित्यर्थः ॥३७८॥

को प्रतिमूर्त्ति अङ्कण करने में प्रथमतः अत्यन्त अभिनिवेशवती होकर नितान्त आर्त्ता एवं तरला हो गई, एवं परक्षण में ही अश्रुधाराप्लुत होकर धिक्कार पूर्वक विधि को धिक्कार देने में प्रवृत्ता हो गई। अनन्तर अन्तः करण को संयम करके एक मुहूर्त्त प्रकृतिस्थ होकर जब प्राणेश्वर को प्रतिकृति लिखने में प्रवृत्त हुई, हरि हरि! उस समय उसके समग्र स्मरण ज्ञान ही अन्तर्धान हो गये।

उस श्लोक में "अत्यन्त अभिनिवेशवती' यहाँ स्मृति "आर्त्ता" यहाँ आवेग, एवं 'तरला' यहाँ ओत्सुक्य, इन सबों का शावल्य हुआ है, "अश्रुधाराप्लुत नयना यहाँ विषाद एवं धिक्कार पूर्वक विधाता निन्दन" यहाँ असूया, इन दोनों की सन्धिः, 'अन्तः करण संयमन करके' इत्यादि वाक्य में प्रशम' "समग्र स्मरण ज्ञान ही अन्तर्धान हो गये। यहाँ मोह का उदय हुआ है ॥३७७॥

प्रसशउ—का दृष्टान्त हे सखि! मदीय संशय विदूरित हुआ है। निश्चय ही श्रीकृष्ण किसी कामिनी के सहित रमण प्रवृत्त है, एक रजनी भी उनको वृथा अतिवाहित नहीं होती है। इस प्रकार कथोपकथन समय में सहसा श्रीकृष्ण को समीप में उपस्थित देखकर सुन्दरी प्रथमतः हृष्टा एवं तत् समकाल में ही उन्होंने उक्त कथोपकथन को सुना है, अथवा नहीं, इस प्रकार शङ्कासे आकुल होकर नम्रमुखी हो गई, अनन्तर प्रियतम उसको ईदृश दशापन्ना देखकर परिचुम्बन करने पर वह सुमुखी भावोदय से स्पन्दन शक्ति शून्या हो गई।

इस श्लोक में संशय विदूरित हुआ है।" यहाँ वितर्क प्रशम, "अन्यत्ररमण प्रवृत्त हैं। यहाँ असूया "एक रजनी भी उनको वृथा अतिवाहित नहीं होती' यहाँ अमर्ष, एतदुभय की सन्धि, "प्रथमतः हृष्टा"

उग्रसश—मनो रागज्ज्वालाज्ज्वरकवलितं भस्मतु चिरा

दय प्रेम्णे बद्धोऽञ्जलिरजनि दुःखस्य विगमः।

गुरूणामाक्षेपः खलहसितमप्येतु पृथुता

मिति स्वालीवृन्दे रुदति समरोदीदथ वधूः।

अत्र रागेत्युत्कण्ठा, ज्वालेति ग्लानिः, कवलितमितिमोहः, "भस्मतु भस्मेवाचरतु' इति दैन्यम्—एभिः शावल्यम्, अथ प्रेम्णे बद्धोऽञ्जलिरजनि दुःखस्य विगम इति औत्सुक्य प्रशमः, गुरूणामाक्षेप इति शङ्का, खलहसितमित्यसूया-अनयोः सन्धिः, समरोदीदिति विषादोदयः। एते उदयोत्तरश्चत्वारः, ॥३७६॥

अथालङ्कार साङ्कर्यस्य ये प्रकारा भवन्ति, तेषामपि दिग्दर्शनम् तदुक्तं (२४३ श्लोके) 'हं मातः' इति त्रासः धूर्त्तयमित्यसूया, आप प्रियमित्यवहित्था, अत्र शावल्य, मौग्ध्यालङ्कार सङ्कीर्णम्। तेषामपि सेङ्गित-निरिङ्गितत्वेन पुनर्यद् द्वैविध्य मुक्तम्, तत्र निरिङ्गितः मुदाहृतम्, सेङ्गितस्य दिग् दर्शनं क्रियते।

तत्र (२७७ श्लोके) "बाहु-दक्षिण मालिकण्ठवलये' इत्यादौ सेङ्गितो विलास

काचित् स्वस्य देह त्यागं निश्चिन्वती सखीः सनिश्चयमाह—मन इति। अनुराग ज्वालारूप ज्वरेण ग्रस्तं मनश्चिरकालं व्याप्य भस्मतु, भस्मेवाचरतु, अहन्तु न जीविष्यामीति ध्वनिः। प्रेम्णेऽपि मयायमञ्जलिर्बद्धः। देहं त्यक्ष्यन्त्या मम दुःखस्यापि विगमोऽजनि। पृथुतां विस्तारतामेतु, प्राप्नोतु इति श्रुत्वा, आलीवृन्दे रुदति सति ॥३८६

यहाँ 'सने हैं, अथवा नहीं "यहाँ वितर्क, इस प्रकार शङ्का से व्याकुल होकर" यहाँ शङ्का एवं 'नम्रमुखी हो गई" यहाँ व्रीडा, इन सबों का शावल्य एवं "स्पन्दन शक्ति शून्या हो गई' यहाँ जड़ता का उदय हुआ है ॥३७८॥

श,प्र,स,उ, का उदाहरण— हे सखि! अनुराग ज्वालारूप ज्वर से कवलित इस चित्त चिरकाल के निमित्त भस्मसात् हो जाय, प्रेम के निकट मैंने अञ्जलि बन्धन पूर्वक उसको विसर्जन किया, मेरा दुःख भी विदूरित हुआ। अधुना गुरुजन के आक्षेप वाक्य का एवं खल जनों के उपहास वाक्यों का भरि प्रचार हो, प्राण त्याग हेतु कृत निश्चय कामिनी का इस प्रकार करुण वाक्य को सुनकर निज सखि वृन्द रो उठने से वह भी अत्यन्त कातर होकर उससे भी अधिक जोर जोर से रोने लग गई।

इस श्लोक में "अनुराग" इस पद में उत्कण्ठा, "ज्वाला' इस पद से ग्लानि "कवलित" पद से मोह, "भस्मसात हो" यहाँ ग्लानि, इन सबों का शावल्य हुआ है। प्रेम के निकट अञ्जलि बन्धन इत्यादि दुःख का विगम हुआ, इस वाक्य से औत्सुक्य प्रशम, "गुरुजन का आक्षेप वाक्य," यहाँ शङ्का एवं खल जनका उपहास वाक्य" यहाँ असूया, एतदुभय की सन्धि एवं 'रोदन करने लगी' यहाँ विषाद का उदय हुआ है। ये चार उदयोत्तर के उदाहरण हैं ॥३७६॥

नामालङ्कारः। तत्र च प्रौढमनोजविभ्रमभरैः, श्रान्तेव विभ्राजत इति श्रम गर्वयोः सन्धिः। एवमुदय शावल्यादीनां दिग्दर्शनम्।

यथा—निश्चितं परिसमापितमेव, प्रेमशास्त्र परिशीलनमालि।
श्यामनाम कथमद्य गृहीतं, वृत्तयो यदखिलाः समुदीयुः॥

अत्राखिला वृत्तय इति सर्व एव प्रागनुभूताः निर्वेद विषाद व्याधिग्लान्युन्मादामर्षासूयादयः समान कालमुदितवन्तः। एवं "श्यामनाम्नि विरता भवशान्तिं, यान्तु हन्त हृदयस्य विकाराः इति प्रशमशावल्यम्॥३८०॥

एवं सन्धि शावल्यं यथा—

उन्माद मोहावपि दैन्यचिन्ते, वितर्क शङ्के समकालमेव।
द्विशो द्विशस्तस्य कथा प्रसङ्गे पूर्वानुभूत्या कुरुतेऽतिदुःखम्॥

अत्र भावशावल्यम् मौग्ध्यालङ्कारेण सङ्कीर्णं भवति। तेषामलङ्काराणामपि प्रेमशास्त्र परिशीलनं मया समापितमपि त्वदग्रे निश्चितं कृत्वा बहुधोक्तमपि हे आलि! तथापि मदग्रे श्यामनामः त्वया कथं गृहीतम्, यतः कृष्णनाम्नो हेतु, भूयः सुम ग्लान्य व्याप्रोऽखिलाः वृत्तयः समुदीयुः 'एवमिति—पूर्व श्लोकस्यैवोत्तरार्धस्थाने यदि 'श्यामनाम्नि विरताः भवशान्तिम्' इत्याद्यर्थं पद्यं पठ्यते तदा प्रशम शावल्यं भवतीत्यर्थः॥३८०॥

अलङ्कार साङ्कर्य्य हेतु जो भेद होता उसका भी दिग् दर्शन करते हैं—पूर्वोक्त २५३ श्लोक में उक्त है—यह कौन है—जो तुम्हारे अन्तर से बाहर हो रहा है, यहाँ त्रास, यह कोई धूर्त्त होगा' यहाँ असूया एवं "भय प्राप्त हुआ" यहाँ अवहित्था है।

इस रीति से यहाँ मौग्ध्यालङ्कार का सङ्कर हेतु शावल्य हुआ है।

सेङ्गित एवं निरिङ्गित भेद से जो द्वैविध्य उक्त है, उसके मध्य में निरिङ्गित का उदाहरण प्रस्तुत हुआ है, सम्प्रति सेङ्गित का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

पूर्वोक्त २७७ श्लोक में उक्त हैं—किसी गोपी दक्षिण बाहु क्रीड़ालस भावसे सखी के कण्ठ देश में विन्यास पूर्वक यहाँ सेङ्गित विलास नामक अलङ्कार एवं "स्मरविभ्रम हेतु परिश्रान्ता के समान शोभा पाने लगी। यहाँ श्रम एवं गर्व की सन्धि हुई है। इस प्रकार उदय शावल्यादि का दिग् दर्शन यह है—हे सखि! मैंने प्रेम शास्त्र का अनुशीलन निश्चय ही समापन किया है। तुमने क्यों अद्य श्याम नाम का उच्चारण किया? देखो, उस नाम के उच्चारण से मेरी अखिल वृत्ति समुदित हो गई

इस श्लोक में अखिल वृत्ति अर्थात् विषाद, व्याधि, ग्लानि, उन्माद, अमर्ष, एवं असूयादि पूर्व में जिसका अनुभव हुआ था, वे सब ही एक समय में उपस्थित हुये थे। इस प्रकार प्रतीत होता है।

एवं 'श्याम नाम्नि विरता भवशान्ति" सम्प्रति श्याम नाम ग्रहण से विरत हो जाओ' 'हाय! मदीय हृदय के समस्त विकार शान्त हो। इस श्लोक में प्रशम शावल्य हुआ है॥३८०॥

द्विशो द्विश इत्यवस्था भेदात् । तथा हि विरहे उन्माद–मोहौ, विप्रलब्धावस्थायां दैन्य चिन्ते, वासकसज्जावस्थायां वितर्कशङ्के दुःखमेव कुरुतः, तत्तत् प्रसङ्गं त्यजतेत्यर्थः ।३८१।

एवं स्वबुद्धि कौशलादनुमेयाः सुबुद्धिभिः ।
ग्रन्थ गौरव भीत्यैव मयानोदाहृताः परे ॥३८२॥

अनेनैव हि मार्गेण कवयो भावकोविदाः ।
विदध्युर्भाव काव्यानि तेनायं प्रक्रमः कृतः ॥३८३॥

इति श्रीमदलङ्कारकौस्तुभे रसभाव--तद्भेद निरूपणो नाम
पञ्चमः किरणः ॥५॥

— ✻✻ —

तस्य कथा प्रसङ्गे उन्माद मोहाविति द्वौ द्वौ मम दुःखं कुरुतः । अतस्तत् प्रसङ्गं त्यजत इत्यर्थः ।३८१।

सन्धि शावल्य का उदाहरण—


हाय ! प्रियतम के कथा प्रसङ्ग में पूर्वानुभव का उदय होने के कारण उन्माद एवं मोह, दैन्य एवं चिन्ता, वितर्क एवं शङ्का, ये सब दो दो करके चित्त में उपस्थित होकर निदारुण दुःख को उद्दीप्त करते रहते हैं। अर्थात् विरह में उन्माद एवं मोह, विप्रलब्धावस्था में दैन्य एवं चिन्ता, एवं वासक सज्जावस्था में वितर्क एवं शङ्का इस प्रकार अवस्था भेद से दो दो करके उपस्थित होकर दुःख को उद्दीप्त करते हैं, अतएव तदीय प्रसङ्ग को तुम सब परित्याग करो, यही अभिप्राय है ॥३८१॥

सखी वृन्द निज निज बुद्धि कौशल के अनुसार इस प्रकार उदाहरण समूह संग्रह करें, ग्रन्थ गौरव भय से मैंने समस्त उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया ॥३८२॥

भाव कोविदकविवृन्द—मत् प्रदर्शित पथ के पथिक होकर भाव प्रधान काव्यरचना में सक्षम होंगे, इस उद्देश्य से ही यह प्रथम भाव प्रबन्ध विवृत हुआ ॥३८३॥

इति श्रीमदलङ्कारकौस्तुभे श्रीहरिदासशास्त्रिकृतानुवादे रसभाव--
तद्भेदनिरूपणो नाम पञ्चमः किरणः ॥

— ✻✻ —



षष्ठः किरणः

अथ गुणविवेचनम्—

अथ (प्रथम किरणे १म श्लोके) 'गुणा माधुर्य्याद्याः' इति कृतोद्देशस्य गुणस्य लक्षण परीक्षे करिष्यन् प्रथमतो लक्षण माह,—

> रसस्योत्कर्षकः कश्चिद्धर्मोऽसाधारणो गुणः ।
> शौर्य्यादिरात्मन इव वर्णास्तद्व्यञ्जका मताः ॥

आत्मन इति यथा शौर्य्यादिकमात्मन एव, नाकारस्य, तथा माधुर्य्यादिकं रसस्यैव, नत्वाकार रूपयः शब्दार्थयोः । नह्ययमाकारः शूरः, स्थलत्वादितिसद्धेतुः, अस्थूलस्यापि शूरत्वदर्शनात्, यथा महा मतङ्गज पञ्चाननयोः ।

यत्तु वीरसू-सुतयोः शिशु यूनोरगकारगत शूरत्वम्, तच्च वयः कृतमेव, तेनसव्यभिचार दोषादाकारस्य शौर्य्यादि गुणो न भवति, किन्तु तस्य व्यञ्जक आकारः, वर्णमयत्वात् अत

अथ गुणविवेचनम्—

अथ गुण रूप पदस्योद्देश लक्षण परीक्षेति त्रय एव व्यवहाराः । तत्र काव्यरूप पुरुष वर्णन प्रसङ्गे गुणा माधुर्य्यादया इत्यनेन गुणस्योद्देशः कृतः । संक्षेपतो नाममात्रेण कथन मुद्देशः । उदाहरणं परीक्षा, सा अग्रे वक्ष्यते । अधुना गुणस्य लक्षणं करोतीत्याह—अथेत्यादिना । यथा जीवात्मान उत्कर्षजनक आत्म निष्ठः कश्चिद् धर्म्म विशेष एव माधुर्य्यम् । यथा नानाविधासाधारण गुण क्रिया एवं आत्मन शौर्य्य व्यञ्जका स्तथा कठोर वर्णा भिन्नाः सुकुमार वर्णा एव रसनिष्ठ माधुर्य्य व्यञ्जका भवन्तीत्याह- वर्णा इति । तस्य माधुर्य्यस्य ।

नन्वनुमानादेव शौर्य्यमपि देह धर्म एव भवदित्याह—नहीति । नहि सद्धेतुरिति । तत्र हेतुः—यतोऽस्थुलस्य सिंहस्य शौर्य्यम्, तथास्थूलस्य मतङ्गजस्य न सिंहवत् शौर्य्यम्, वीरं सूते इति वीरसूस्तस्याः पुत्रयो शिशु यूनोर्मध्ये शिशोरपेक्षया युवा शूर इत्यत्र यद् देहगतं शूरत्वम्, तत्तु वयः कृत मेव, नतु गुणकृतमित्यतो निर्गुण कृतशौर्य्यमवात्र दृष्टान्तो बोध्यः । तेन स्थूलत्व रूप हेतो व्यभिचार दोषात् स

माधुर्य्यादि गुण हैं—यह कह कर प्रथम किरण में गुणका नामोल्लेख किया गया है । अधुना उसका लक्षण--एवं परीक्षा करने के निमित्त प्रथमतः लक्षण का निर्देश करते हैं ।

आत्मा का उत्कर्ष जनक शौर्य्यादि वत् रसका उत्कर्षाधायक किसी असाधारण धर्म गुण नाम से अभिहित होता है । वर्ण समूह--उक्त गुण के माधुर्य्यादि का प्रकाश करते हैं । जिस प्रकार शौर्य्यादि आत्मा का ही उत्कर्षाधायक हैं, आकृति नहीं, माधुर्य्यादि गुण भी उस प्रकार रसका ही उत्कर्षाधायक है, आकार रूप शब्दार्थ का नहीं ।

उत्कर्षत्वं गुणत्वमिति मुख्यलक्षणम् ॥ सदैकरूपस्यानन्दस्य रसत्वेनोत्कर्षाय कर्षयोः प्रमाणाभाव इति रस शब्दोऽत्र तदास्वादार्थः। तेन रसाह्लादोत् कर्षकत्वं गुणत्वम् ।.१॥

गुणस्य व्यञ्जका वर्णाः

यथा अयं शब्दार्थव्यतिकरः काव्यतया व्यवहरणीयो रसात्मकत्वात्, इति रसात्मकत्व हेतुमतोरेवशब्दार्थयोः काव्यत्वव्यवहारस्तथाऽयं वर्णसमूहो मधुरं रसादि व्यञ्जकः, सुकुमारादित्वादिति सुकुमारत्वादि हेतुमतामेव वर्णानां रसस्य माधुर्य्यादि-व्यञ्जकत्वे व्यवहारः। तेन समुचितमेव वर्णानां माधुर्य्यादि व्यञ्जकत्वम् ।

ननु उत्कर्षकत्वं गुणत्वमिति चेत्तदालङ्काराणामप्युत् कर्षकत्वं वर्त्तते, तेषामपि गुणत्वमस्तु ? सत्यम्, यथा हारादयो ह्यलङ्काराः कण्ठाद्यङ्गान्येवोपकुर्वन्ति, नात्मानम्, तथा अनुप्रास-स्वभावोक्त्यादयो ऽलङ्काराः शब्दार्थाविव, नतु रसम्। एवं चेत्तदा श्रुतिकटुत्व पुष्टार्थादि-

---

शौर्य्यादि गुणो देहस्य न भवति। तस्य शौर्य्यस्य नानाविध गुणक्रिया विशिष्ट आकारो व्यञ्जक इत्यर्थः। अत इति—रसोत्कर्षजनकतावच्छेदक धर्मत्वं गुणत्वमित्यर्थः ॥१॥

नच गोपीभिः सह विहरति कृष्णः" इत्यत्र शृङ्गाररसात्मकं वर्त्तते, न तत्र काव्यत्व-व्यवहारः। अतोऽत्र व्यभिचारात् कथं रसात्मकस्य हेतुत्वमितिवाच्यम् यतोऽत्र हेतौ काव्यत्व जातिमत्वे इति विशेषणं देयम्, तथा च काव्यत्व जातिमत्त्वे सति रसात्मकत्वाद्गिति हेतु प्रयोगो ज्ञेयः। 'गोपिभिः सह विहरति' इत्यत्र काव्यत्वजाते रभाव देव न व्यभिचार इति भावः।

किन्तु लोक में इस प्रकार अनेक प्रयोग दृष्ट होते हैं कि—"इसका आकार शूर है" कारण, इस में विलक्षण स्थूलत्व दृष्ट होता है। किन्तु यह सद्धेतु नहीं है, कारण, अस्थूलत्व का भी शूरत्व दृष्ट होता है, देखो, अस्थूल सिंह में जो शौर्य्य है, अतिस्थूल मातङ्ग में वह नहीं है। वीर प्रसू रमणी का शिशु एवं युवा पुत्रद्वयके मध्य में भी जो आकार गत शूरत्व सुनने में आता है, वह भी वयः परिणाम के तारतम्य के कारण है। इस प्रकार उक्त हेतु व्यभिचारी हैं, अतः शौर्य्यादि गुण आकार के नहीं हो सकते है, किन्तु आकार उसके व्यञ्जक है। अतएव रस का उत्कर्षा धायकत्व ही गुणत्व है, यही गुण का मुख्य लक्षण है ॥१॥

किन्तु निरन्तर एकरूप जो आनन्द है, वही रस पदार्थ है, एवं उक्त पदार्थ के उत्कर्षापकर्ष के प्रति प्रमाण भी नहीं है, अतएव रस शब्द से यहाँ आस्वाद को जानना होगा। इस प्रकार रसास्वाद का उत्कर्षाधायकत्व ही गुणत्व है, एवं वर्ण समूह ही उक्त गुण के व्यञ्जक हैं।

जिस प्रकार रसात्मकता हेतु शब्दार्थ प्रपञ्च काव्य-रूप में व्यवहरणीय है, अर्थात् रसात्मकता हेतु विशिष्ट शब्दार्थ युगल ही काव्य रूप में व्यवहार हो सकता है, इस प्रकार सुकुमारतादि हेतु वर्ण समूह ही माधुर्य्यादि व्यञ्जक अर्थात् सुकुमारतादि विशिष्ट वर्ण समूह यथा ही रसगत माधुर्य्यादि व्यञ्जकत्व है, इस प्रकार व्यवहार है। अतएव, वर्णावली का ही माधुर्य्यादि व्यञ्जकत्व समुचित है।

उत्कर्षकारित्व ही यदि गुणत्व है, तो अलङ्कार समूह का भी उत्कर्ष कारिता हेतु उसका भी गुणत्व सिद्ध हो ? सत्य है, हो सकता है, किन्तु हारादि अलङ्कार जिस प्रकार कण्ठादि अङ्ग की ही शोभा

दोषाणां शब्दार्थाश्रयत्वेन तदपकर्षकत्वमेवास्तु, कथं रसापकर्षकात्वम्, यन्मूला तेषां दोषता ?

उच्यते—यथैव शौर्य्यादयो गुणास्तथैव कातर्य्यादयो दोषा अप्यात्मन एव धर्मास्तस्यैवोत्कर्ष हेतव उपलभ्यन्ते। एवमेव माधुर्य्यादयो गुणाः श्रुति कट्वादयो दोषा अपि रसस्यैवेति।

देहस्य काणत्वखञ्जत्वादि दोषोऽपि काणोऽयं देह—इति न कश्चिदपि वदति, अपितु काणोऽयं देवदत्त इत्याह्वेव, नतु देवदत्तो देहः—देवदत्तस्य देहोऽयमिति प्रतीतेः, तेनोपचारादेव दोषाणां रसापकर्षकत्वम्, वस्तुतस्तु शब्दार्थयोरेव। एवं तर्हि अलङ्काराणामप्युपचाराद्रसोत्कर्षताऽस्तु, सति तेषामपि गुणत्वेन भूयताम् ? नैवम्, तेषां शब्दार्थावलङ्कृत्यैव उपक्षीणत्वात् कथं रसापेक्षत्वं येनोपचारेण भवितव्यमिति ॥२॥

वर्णा माधुर्य्यादि व्यञ्जकाः, सुकुमारत्वादिति ननु सुकुमारत्वं कोमलत्वम्, तस्य शिथिलत्ववत्। सुकुमारत्वं रञ्जकत्वम्, यथा (काव्यादर्श १।४३) "शिथिलं मालतीमाला

तयोर्देह रूपयोः शब्दार्थयोरपकर्षकत्वमस्तु, यन्मूलारसापकर्षकात्वमूलां तेषां श्रुतिवद्व पुष्टार्थादीनां दोषता। तथा च रसापकर्षकत्वं दोषत्वमिति दोष लक्षणत्वात्तेषां रसापकर्षकत्वा भावेन मास्तु दोषत्वमिति पूर्व पक्षः। ननु सुकुमारत्वं यदि कोमलत्वमुच्यते, तदा वर्णनिष्ठ कोमलत्वं शिथिलत्वमेव भविष्यति, तत्तु कठोरवर्ण भिन्ने सर्वत्रैव वर्त्तते ॥२॥

एवंचेद् यत्र कवितायां लकार बाहुल्यमात्रम्, तत्र माधुर्य्यं नास्ति, किन्तु भवंमते माधुर्य्य व्यञ्जका

सम्पादन करते हैं, आत्मा को शोभा सम्पादन नहीं करते हैं, उस प्रकार स्वभावोक्ति अनुप्रासादि अलङ्कार शब्दार्थ पर ही वैचित्र्य वहन करते हैं, रस को पुष्ट नहीं करते हैं।

किन्तु ऐसा होने पर भी श्रुति कटुता अपुष्टार्थतादि दोष शब्दाश्रित होने के कारण शब्दार्थ का ही अपकर्षक हो सकते हैं। 'रसापकर्षक' कैसे कहा जा सकता है ?

यन्मूलक उन सबकी दोषता है—उसका वर्णन करते हैं। शौर्य्यादि गुण के समान कातर्य्यादि दोष भी आत्मधर्म्म होने के कारण—उभय ही जिस प्रकार उसका उत्कर्ष एवं अपकर्ष का हेतु रूप में उपलब्ध होते हैं। इस प्रकार माधुर्य्यादि गुण एवं श्रुति कटुतादि दोष भी क्रमशः रस का ही उत्कर्ष एवं अपकर्ष के साधक हैं।

देह के काणत्व खञ्जत्वादि दोष होने पर भी, यह देह काण' इस प्रकार कोई नहीं कहता है, देवदत्त काण' इस प्रकार ही कहता है, एवं "देवदत्त का देह' इस प्रकार लोक प्रतीति होने पर भी देवदत्त भी कभी देह नहीं हो सकता है। इस प्रकार उपचार हेतु दोष समूह रसका अपकर्ष कारी हैं, उस प्रकार उल्लेख होता है, वस्तुतः वे शब्दार्थ के ही अपकर्ष सम्पादक हैं। इस प्रकार अलङ्कार की जो रसोत्कर्ष कारिता है, वह भी उपचाराधीन हो, ऐसा होने पर उसका गुणत्व हो सकता है। किन्तु वह वास्तविक नहीं है। अलङ्कार समूह शब्दार्थ युगल को अलङ्कृत करके उपक्षीण होते हैं, सुतरां रसापेक्ष होकर रहने की सम्भावना उनसब में नहीं है। अतः उपचार कैसे हो सकता है ॥२॥

लोललिकलिला यथा" इत्याचार्य्य दण्डिनः।

अत्रापि--लीलालसललिताङ्गी, लघुलघुललनाललाम मौलिमणिः
ललितादिभिरालीभि विलसति ललितस्मित राधा।

तेन सौकुमार्य्यं नाम रञ्जकत्वम्। यदुक्तमन्यैः,—
"कर्त्तारः काव्यशोभाया धर्मा एव गुणाः स्मृताः।
अलङ्कारास्तदुत्कर्ष हेतवः स्युरिति क्रमः॥"

इति, तदपि नातिललितम्। यतः खलु गुणाऽलङ्कारादि मद्वाङ् निर्मिति विशेषस्यैव काव्यत्वाङ्गीकारे न गुणालङ्कारादिभ्योऽन्यः काव्य नामा पदार्थोऽस्ति, नापि काव्यादन्ये गुणालङ्काराः, के कस्य शोभायाः कर्त्तारो भविष्यन्तिः ? ॥३-४॥

बहुतर जकार घटित कोमल वर्णा वर्त्तन्ते। इत्यतो सुकुमारत्वं न कोमलत्वमित्याह—न सुकुमारत्वमिति तस्य कोमलत्वास्य शिथिलत्वरूपत्वात्।

यथा लोलालिभिः कलिला युक्ता मालतीमालेत्यत्र दण्डिनोक्त पद्ये माधुर्य्याभावेऽपि कोमल वर्णा वर्त्तन्ते, एवमत्रापि शृङ्गार वर्णन प्रसङ्गे। ललनाया उत्कृष्ट मुकुटमणिः श्रीराधिका सखिभिः सह लघुलघु यथा स्यात्तथा विलसतीत्यत्र माधुर्य्याभावेऽपि बहुतर लकारघटित कोमलवर्णा वर्त्तन्ते। रञ्जकत्वमिति- चेतसश्चमत्कार कारित्वमित्यर्थः। यथाद्भुतवस्तु दर्शने सति चेतस्य स्फारता जनक चमत्कारो जायते, तथैवाद्भुत सुकुमार वर्णानां श्रवणे सति चित्तस्य स्फारता जनक चमत्कारो भवतीति ज्ञेयम्।

कस्यचिन्मते माधुर्य्यादा गुणाः काव्य पुरुषस्य शोभा कर्त्तारः। अलङ्कारास्तदुत्कर्षहेतवः। तन्मतं दूषयितुमुत्थापयति-यदुक्तमिति। एतन्मतं दूषयति-यत इति। गुणालङ्कार विशिष्टस्यैव तन्मते काव्यत्वाङ्गीकारे गुणालङ्कारावपि काव्यपुरुषान्तर्भूतावेव, तत् कथं गुणस्य काव्य शोभाकरत्वम्, कथं वालङ्कारस्य काव्योत्कर्षत्वम् ॥३-४॥

"सुकुमारतादि निबन्धन वर्ण समूह माधुर्य्यादि गुण का व्यञ्जक होते हैं।" यहाँ सुकुमारता शब्द का अर्थ कोमलता ही नहीं है, कारण, कोमलता— शिथिलता स्वरूप है। जिस प्रकार 'मालती माला विलोल अलिकुल से कलित हुई है।" दण्डयाचार्य्य के उद्धृत कविता में अनेक कोमल वर्ण विद्यमान होने पर भी माधुर्य्य का विकाश नहीं हुआ है, किन्तु शिथिलता दोष हुआ है।

उस प्रकार 'ललना ललाम मौलिमणि स्वरूपा लोलालसललिताक्षी, ललितस्मिता श्रीराधा ललित स्मिता श्रीराधा ललितादि आलि वृन्द के सहित विलास कर रही है॥

इस श्लोक में अनेक कोमल वर्ण विद्यमान होने पर भी माधुर्य्य का उदय नहीं हुआ है। अतएव यहाँ सुकुमारता का अर्थ, चित्तरञ्जकता है। कतिपय व्यक्ति कहते हैं—

काव्य का शोभा कर धर्म ही गुण है, एवं अलङ्कार समूह समस्त उत्कर्ष के हेतु है, यही क्रम है। इस मत भी सुन्दर नहीं है, कारण, गुणालङ्कारशाली वाङ् निर्मिति विशेष को काव्य स्वीकार करने पर गुणालङ्कारादि से भिन्न काव्य नामक पदार्थ का अथवा काव्य से अतिरिक्त गुणालङ्कारादि पदार्थ की सत्ता सिद्ध नहीं होती है, कौन किसकी शोभाकर होगा ? ॥३-४॥

किञ्च, काव्य शोभायाः कर्त्तार इत्येकस्यैव काव्यस्य किं सर्वे गुणाः शोभाकर्त्तारः, किं पृथक् पृथक् ? आद्ये असमग्रगुणयोः पाञ्चाली गौड्योः काव्य शोभाकरत्वानुपपत्तिः। यदि वा पृथगेव तदा (प्रथमकिरणे १६ श्लोके) ऊर्ज्जत् स्फूर्जद् गर्ज्जनैः' इत्यादौ सत्यप्योजोगुणे नान्यशोभा, तेन वर्णा एव माधुर्य्यादि व्यञ्जकाः, माधुर्य्यादयो मधुररसाद्युत्कर्षका इतिस्थितम्।

ते माधुर्य्यादयः पुनः ॥

अथ कति ते इत्याहु—

माधुर्यमपि चौजश्च प्रसादश्चेति ते त्रयः।
केचिद्दशेति ब्रूवत एष्वेवान्तर्भवन्ति ते ॥

ते गुणाः सप्त, एष्वेव माधुर्य्यादिष्वेव। के ते सप्तेति दर्शयति,—

अर्थ व्यक्तिरुदारत्वं श्लेषश्च समता तथा।
कान्तिः प्रौढ़िः समाधिश्च सप्तैते तैः समं दश ॥५-७॥
तैर्माधुर्य्यादिभिः ॥

स्वस्य शोभाजनकत्वाद्य भावात् दोषान्तर माह—किञ्चेति। अथैवस्य काव्य पुरुषस्य सर्वे गुणा एव शोभाकर्त्तारो नान्ये, किंवा गुण जन्य शोभां प्रति रीतेः कारणत्वमिति पृथक् पृथक् कारणमिति पक्षद्वयं क्रमेण दूषयति आद्य इति। गुणभिन्नयोः पाञ्चाली--गौड़ीस्वरूपरीत्योः काव्यशोभा करत्वानुपपत्तिः, नापि द्वितीय पक्ष इत्याह—यदि वेति। पाञ्चाल्यादीनां पृथक् शोभा जनकत्वाङ्गीकारे पाञ्चाल्यादीनामपि गुणत्वापत्तिः। यदि तत्र गुणत्व वारणाय गुणत्वापत्तिः, यदि तत्र गुणत्व वारणाय पाञ्चाल्यादीनामपि गुणत्वापत्तिः। यदि तत्र गुणत्व वारणाय पाञ्चाल्यादि रीति भिन्नत्वे सति काव्य शोभाकरत्वं गुणत्व मित्युच्यते, तदा। ऊर्ज्जत् स्फुर्जत्' इत्यत्र ओजोरूप गुणे अव्याप्तिस्तत्र काव्यशोभा जनकत्वाभावात् माधुर्य्य प्रसाद गुणयोरेव काव्य शोभा जनकत्वम् न तु ओजोगुणस्येति ज्ञेयम्, पुनः स्वमत माह--ते इति। ते सप्त गुणाः ॥५-७॥

और भी कहते हैं—"काव्य का शोभाकर धर्म ही गुण है" इस लक्षण के अनुसार यावतीय गुण को क्या एकमात्र काव्य का शोभाकर समझना होगा? अथवा प्रत्येक गुण ही काव्य का शोभाकर है, इस प्रकार जानना होगा? प्रथम कल्प को स्वीकार करने से असमग्र गुण सम्पन्ना पाञ्चाली गौड़ी रीति का काव्य शोभाकरत्व नहीं होगा। द्वितीय कल्प में "जैलाव मंण्डली समुतद्य विद्युद्दामों से दिग् विगन्त को विद्योतित करके" इत्यादि कविता में ओ जो गुण विद्यमान होने पर भी काव्य की शोभा नहीं हुई है, देखने में आता है। अतएव वर्ण समूह ही माधुर्य्यादि गुणके व्यञ्जक हैं, एवं मधुर रसादि का उत्कर्ष ही माधुर्य्य है, यह स्थिर हुआ।

सम्प्रति माधुर्य्यादि के मध्य में कौन कौन उक्त गुण शब्द वाच्य है, उसका वर्णन करते हैं—माधुर्य्य ओजः एवं प्रसाद ये तीन गुण हैं, कतिपय व्यक्ति--दश गुण का वर्ण करते हैं। किन्तु उक्त तीनके अतिरिक्त जो सात अवशिष्ट हैं, उसका अन्तर्भाव उक्त माधुर्य्यादि गुणत्रय में ही होता है।

सप्तानां लक्षणमाह—

प्रसाद एवौजो मिश्रशैथिल्यात्मा भवेद् यदि।
तदार्थव्यक्तिरिष्यत विकटत्वमुदारता ॥
पदानामेक रूपत्वं सन्ध्यादावस्फुटे सति।
श्लेषो मार्गभिद एव समत्वौज्ज्वल्यमेव हि ॥
कान्तिः साभिप्राय तया समास व्यासयोः सतोः।
वाक्यार्थे पदविन्यासः पदार्थे वाक्यनिर्मितिः ॥
प्रौढ़िरारोहावरोहक्रमः समाधिरिष्यते ॥

तदन्तर्भावे युक्ति वक्ति,—

तेष्वेवान्तर्भवन्त्येक एके वैचित्र्यबोधकाः।
एके दोषपरित्यागाद् गतार्था इति नो दश ॥
अर्थव्यक्तिः प्रसादान्तः प्रौढ़िर्वैचित्र्यबोधिका ॥

ननु गुण इत्यर्थः।

समता तु क्वचिद् दोषः,

समता तु क्वचिद् दोषोऽपि भवति। कुत इत्यत आह,—

वैषम्यं यत्र वाञ्छ्यते।
सजातीय-विजातीय-युगपद् वर्णने सति ॥

सप्तानामिति—परमत सिद्धानां सप्तानां लक्षण मात्रं कृतम्, नतु तेषामुदाहरणम्। अतस्तद् विना लक्षण व्याख्यादि सम्यक्तया न भविष्यतीति ज्ञेयम्।

उक्त सातों के नाम इस प्रकार हैं—अर्थ व्यक्ति, उदारत्व, श्लेष, समता, कान्ति, प्रौढ़ि, एवं समाधि। पूर्वोक्त माधुर्यादि त्रयके सहित मिलित होकर ये समष्टि में दश होते हैं ॥५-७॥

क्रमशः उक्त विषयों के उदाहरण प्रस्तुत करते हैं—प्रसाद गुण यदि ओजोमिश्रित शिथिल्यात्मा होता है तो उसको अर्थ व्यक्ति कहते हैं। विकटत्व का नाम—उदारता है। सन्धि प्रभृति अस्फुट होने में पद समूह का जो एक रूपत्व प्रतीयमान होता है, वही श्लेष है। मार्गभेद का नाम समता है, औज्ज्वल्य ही कान्ति है, साभिप्रायता पूर्वक समास एवं व्यास स्थल में वाक्यार्थ में पद विन्यास, एवं पदार्थ में वाक्य रचना को प्रौढ़ि कहते हैं। आरोह एवं अवरोह का क्रम ही समाधि है। ये सात—जिस प्रकार युक्ति से पूर्वोक्त तीन में अन्तर्भुक्त होते हैं, उसका वर्णन करते हैं।

उसके मध्यमें एक उसके अन्तर्भुक्त है, एक वैचित्र्यमात्र बोधक है, एक दोष परित्याग के द्वारा गतार्थ होता है, इस रीति से इन सबके दशविध भेद की आवश्यकता नहीं होती है।

यत्र परस्पर विसदृशयोर्युगपद् वर्णने सति वैषम्यमभीष्टम्, तत्र समता तु दोषएव, यत्र न तथा तत्र गुणः ।

यथा——ऊर्द्ध्वोर्द्ध्व स्पर्धि–गोवर्द्धन शिखरवरोद्धार सारोद्धुरोऽहं
शङ्के पङ्केजनेत्रे तव कुचमुकुलालोकने जातकम्पः ।
उद्दण्डे कालियस्य स्फुटविकट फणामण्डले ताण्डवाढ्यः
सोऽहं राधेऽभिभूतस्तव तरलितया हन्त वेणी भुजङ्ग्या ॥

इत्यादिष्वसमतैव गुणः ॥८--१५॥

ग्राम्यकष्टत्वादि हानादपारुष्योररीकृतौ
औज्ज्वल्यरूपा या कान्तिः सा माधुर्यान्तरस्थिता ।
अन्ये त्वोजसि वर्त्तन्ते तेन तेन पुनर्दश ॥

अन्ये श्लेष समाध्युदारता ओजस्येवान्तर्भवन्तीत्यर्थः ।

नन्वेवं चेत् क्लिष्टत्वदोषनिरसनेनैव प्रसादगुणस्यादिमाधुर्य्यं एव लब्धेः किं प्रसाद

यत्र न तथेति—न वैषम्यमभीष्ट मित्यर्थः । तत्र समता गुण एव वैषम्यवर्णनमेवाह—ऊर्ध्वोर्ध्वेति । ऊर्ध्वोर्ध्वस्थितान् मेघावीनपि स्पर्धते यो गोवर्धनो गिरिश्रेष्ठ स्तस्योद्धारणे सारोद्धुरः श्रेष्ठ भारवाहकोऽहम्, हे पङ्कजनेत्रे राधे ! तव कुचावलोकनेन जातकम्पः सन् शङ्के शङ्काविशिष्टो भवामीत्यर्थः । तथा तव तरलितया चञ्चलया वेणी रूपभुजङ्ग्याभिभूतः ॥८--१५॥

ग्राम्य कष्टत्वादि दोषाभावादपारुष्यस्याकठोरत्वस्याङ्गीकृतौ या कान्तिः सा माधुर्य्यान्तर्भूता, न तु पृथक् । नैवमिति—यथायं घटः, अयं घटः, इति पृथक् पृथक् व्यवहार एव घट पटयोः पृथक्त्वे प्रमाणम्, तत एव नैकस्मिन्नन्यस्यान्तर्भावः सम्भवति, तथैवायं प्रसाद गुणोऽयं माधुर्य्य गुण इति, पृथक् व्यवहार एव पृथक्त्वे प्रमाणमित्यर्थः । अन्यथा सर्वेषामेव पदार्थानां सर्वेष्वन्तर्भाव प्रसक्तेरनवस्था स्यादिति ज्ञेयम् ।

अर्थ व्यक्ति प्रसाद गुण में अन्तर्भुक्त होता है, प्रौढ़ि केवल वैचित्र्य का बोधक है, सुतरां उसका गुणत्व स्वीकार नहीं किया जा सकता है । मार्ग भेद स्वरूप समता किसी किसी स्थल में दोष भी होता है । किस कारण से होता है—उस को कहते हैं, जहाँ परस्पर विसदृश पदार्थ का युगपद् वर्णन में वैषम्य ही वाञ्छनीय है, वहाँ समता दोषके मध्य में ही परिगणित होती है, तदतिरिक्त स्थल में उसका गुणत्व है । उदाहरण—

मैं ऊर्ध्वोर्ध्ववर्त्ति घनघटास्पर्द्धी गोवर्द्धन गिरि धारण करके धुर्य श्रेष्ठ रूप में ख्यात हूँ । किन्तु हे कमल नयने ! तुम्हारे कुच मुकुल विलोकन से सम्प्रति कम्पित एवं शङ्कित हो रहा हूँ ।

और भी प्रचण्ड कालिय सर्प का समुद्दण्ड स्फुट विकट फणा मण्डलोपरि ताण्डव कार्य्य में भी मेरा पाण्डित्य प्रकटित हुआ है, किन्तु हाय ! वही मैं तुम्हारी वेणी रूप विषधरी को अवलोकन कर अभिभूत हो रहा हूँ । इस श्लोक में असमता ही गुण है ॥८–१५॥

ग्राम्यता क्लिष्टतादि दोषाभाव हेतु अकठोरता का अङ्गीकार स्थल में जो औज्ज्वल्य रूपा कान्ति

गुणस्य पृथङ् निर्देशः ? नैवम्, प्रसादस्य स्वतः सिद्धत्वात् क्वान्तर्भावः ? अन्यथा अनवस्था-प्रसक्तेः, किञ्च, मतान्तरकथनमेवैतत् तेन दशविधत्वं न दुष्टमित्युभयमेवास्माकमभीष्टम् ।१६।

अथ माधुर्य्यादयः के त इत्याह, —

रञ्जकत्वं हि माधुर्यं चेतसो द्रुति कारणम् ।
सम्भोगे विप्रलम्भे च तदेवातिशयोचितम् ॥

च कारात् करुणादौ च ॥१७॥

चेतो विस्तार रूपस्य दीप्तत्वस्य हि कारणम् ।
ओजः स्याद् वीर-बीभत्स-रौद्रेषु क्रमपुष्टिकृत् ॥

दीप्तत्वं शैथिल्याभावो गाढ़तेत्यर्थः । तच्च चेतसो विस्तारहेतु विस्तारकारणं क्रमाद् वीरादिषु पुष्टिमर्हतीत्यर्थः ॥१८॥

श्रुति मात्रेण यत्रार्थः सहसैव प्रकाशते ।
सौरभ्यादिव कस्तूरी प्रसादः सोऽभिधीयते ॥

नन्वेवं चेत् सप्तानां गुणानामपि माधुर्यादिष्वप्यन्तर्भावो न सम्भवति, तेषामपि पृथक् पृथक् व्यवहारा वर्तन्ते एवेत्यत आह—किञ्चेति । उभयमिति त्रिविधत्वं सप्तविधत्वमित्युभयमित्यर्थः ॥१६॥

अथेति—ते माधुर्यादयः के किं स्वरूपा इत्याकाङ्क्षायां तेषां लक्षणमाह—रसनिष्ठमाधुर्यं रञ्जकत्वम्, तदेव किमित्यपेक्षायामाह चेतसो द्रुतिकारणमिति । क्रमपुष्टिकृदित्यस्य व्याख्या क्रमादिति ॥१७—१८॥

का आविर्भाव होता है, वह भी माधुर्य की अन्तर्वर्तिनी है । तद्भिन्न श्लेष समाधि एवं उदारता ओजो गुण में ही अन्तर्भुक्त होती है ।

यहाँ इस प्रकार प्रश्न हो सकता है कि—विलष्टताबोषनिरास द्वारा माधुर्य के मध्य में ही प्रसाद गुण को अन्तर्भुक्त करना समीचीन होने पर उसका पृथक् निर्देश क्या किया जाता है ? किन्तु इस प्रकार तर्क सङ्गत नहीं है । कारण, प्रसाद गुण—एक स्वतः सिद्ध पदार्थ है, उसका अन्तर्भाव किस में होगा ? इस प्रकार स्वीकार न करने पर समस्त पदार्थ का ही अन्तर्भाव समस्त पदार्थ में होगा, इस से अनवस्था दोष होगा । और भी मतान्तर का ही उल्लेख हम करते हैं, उस में गुण का दशविधत्व दुष्ट नहीं है, हमारे पक्ष में उभयमत ही अभीष्ट है ॥१६॥

सम्प्रति माधुर्यादि गुण का वर्णन करते हैं—रञ्जकता ही माधुर्य है, वह चित्त द्रवीभाव के प्रति कारण है, सम्भोग एवं विप्रलम्भ में एवं करुणादि रस में उक्त माधुर्य की विशेष उपयोगिता है । ओजो गुण चित्त विस्तार रूपदीप्तत्व का कारण है । वीर, बीभत्स एवं रौद्र रस में क्रमशः उसकी पुष्टिकारिता है । दीप्तत्व अर्थ में शैथिल्याभाव है, अर्थात् गाढ़ता है, वही चित्त का विस्तार के हेतु है, अर्थात् चित्त विस्फार का कारण है । वीरादि रस में क्रमशः उसकी पुष्टि कारित है, अर्थात् वीर की अपेक्षा बीभत्स, की अपेक्षा रौद्र में उसकी पुष्टि कारिता उत्तरोत्तर अधिक है ॥१७—१८॥

स सर्वेषु रसेष्वेव सर्वस्वपिच रीतिषु उपयुक्तः,

स प्रसाद नामा गुणः।

व्यञ्जकाः स्यु वर्णाश्च रचना अपि ॥

तेषामित्यर्थात् तत्र वर्णानां व्यञ्जकत्वमिदानीं दर्श्यते। रचनाया रीति निरूपणे दर्शयितव्यम् ॥१९--२१॥

स्पर्शाः स्वपञ्चमाधः स्था अटवर्गा लघु रणौ।

माधुर्य्य व्यञ्जका वर्णा नैकरूपाः क्रमेण चेत् ॥

नैकरूपा इति पृथक् पृथग् वर्गजा एव। अट वर्गा इति ट वर्गः केवलो वा स्वपञ्चमाधःस्थो वा ओजस्येव ॥२२॥

उदाहरणम्—विधाय पुष्पावचयं चलन्त्या, मञ्जीरनादो मदखञ्जनाक्ष्याः।

मन्दोऽप्यमन्दं हरिमञ्जनाभं कुञ्जशयं जागरयाञ्चकार ॥

'नैकरूपाः क्रमेण' इति एकरूपत्वे दूषणम् ॥२३॥

सौरभ्यादिति यथा कस्तूरीगन्धो वस्त्रादिभिरावृतोऽपिसहसा कस्तूरीं प्रकाशयति, तद्वदित्यर्थः। तेषां माधुर्य्यादीनाम् ॥१९--२१॥

स्पर्शा इति। कादयो मकार पर्य्यन्ता वर्णाः स्पर्शा इत्यर्थः तत्र स्वस्य कवर्गस्य पञ्चम ङकारस्तस्याधःस्था ङ्क-ङ्ख-ङ्ग-ङ्घ वर्णामाधुर्य्य व्यञ्जका भवन्ति। एवं चवर्गादावपि ज्ञेयम्। अटवर्गा इति--टवर्गास्तु सर्वथैव न माधुर्य्य व्यञ्जकः रणौ रेफणकारौ लघु एव माधुर्य्य व्यञ्जकौ। चेद् यदि ते पञ्चमाधःस्थवर्णा एकरूप न भवन्ति, तदा माधुर्य्य व्यञ्जकाः, यदि च एकस्मिन्नेव काव्ये ङ्क ङ्क ङ्कादि सजातीय वर्णानां धारावाहिकतया निवेश श्चेत्तदा दोषएव उदाहरणे व्यक्तो भविष्यति। तस्मात् पृथग्वर्गजा एव पञ्चमाधःस्थ संयुक्ता वर्णा ग्राह्याः, न त्वेकवर्गजा इत्यर्थः ॥२२॥

विधायेति। पुष्प चयनं कृत्वाचलन्त्यास्तस्या नूपुर नादो मन्दोऽपि श्रीकृष्णममन्दं यथास्यात्तथा जागरयाञ्चकार ॥२३॥

जिस प्रकार कस्तूरी का सौरभ सहसा कस्तूरी को प्रकाश कर देता है,उसी प्रकार जहाँ श्रवण मात्र से ही सहसा अर्थ प्रकाशित हुआ है। उसको प्रसाद गुण कहते हैं। उक्त प्रसाद गुण समस्त रस एवं समस्त रीति के उपयोगी है।

वर्णावली एवं रचना समस्त गुणों की व्यञ्जिका होती है। उसके मध्य में वर्णका व्यञ्जकत्व सम्प्रति प्रदर्शित होता हैं, रचना का व्यञ्जकत्व रीति निरूपण स्थल में प्रदर्शित होगा ॥१९--२१॥

ट वर्ग भिन्न यावतीय स्पर्श वर्ण अर्थात् कराम से मराम पर्य्यन्त वर्ण समूह यदि स्वस्व वर्गीय पञ्चम वर्ण के अधःस्थ होते हैं तो वह भी लघु र एवं ण, ये सब वर्ण माधुर्य्य व्यञ्जक हैं। उक्त पञ्चमाधःस्थ वर्ण यदि धारावाहिक रूपसे पुनः पुनः एकरूप होकर ही सन्निविष्ट होते रहते हैं—तो वह माधुर्य्य व्यञ्जक नहीं होगा। केवल ट वर्ग अथवा स्व पञ्चमाधः स्थ ट वर्ग ओ जो गुण स्थल में हीं प्रशस्त है ॥२२॥

यथा—कान्ते निशान्त एकान्ते पादान्ते क्लान्तिमन्त्तति ।
अञ्चते गञ्जनव्यञ्जी मञ्जरी मञ्जुभिः स्वनैः ॥
इत्यादेः खल्वनुप्रास रीतिरूढ़स्य वर्त्मतः ।
माधुर्य्य बहुलत्वेऽपि गौड़ीयम् रीतिरिष्यते ॥२४--२५॥

किन्तु—जृम्भते तव कञ्जाक्षि कान्तिः काञ्चन बन्धुरा ।
अम्बुदोपरि शम्पेव नन्दनन्दन वक्षसि ॥

इत्यादौ शुष्कमाधुर्य्यम् ॥१६॥

अथौजोव्यञ्जका वर्णा उच्यन्ते,—
योग आद्य तृतीयाभ्यां चेद् द्वितीय--चतुर्थयोः ।
उपर्य्यधो द्वयोर्वापि रेफेण सह चेद् युतिः ॥
शषौ टवर्गश्चानन्त्यो वृत्तिदैर्घ्य तथौजसि ॥

एक वर्णस्य स जातीय वर्णानां निवेशे दोषो यथा—कान्ते—इति । कान्ते श्रीकृष्णे एकान्ते निशान्ते मन्दिरे त्वामन्विष्य पादान्ते कान्ति श्रममन्तन्ति बध्नति सति, अति अदि बन्धने धातु"। पादान्ते श्रमं प्राप्नुवति सतीत्यर्थः। तदा त्वन्मञ्जीर एव अञ्जः शीघ्रं तव गञ्जनस्यात्रैव त्वं वर्त्तसे इत्याक्षेपस्य व्यञ्जी प्रकाशकः । अनुप्रासरीतियुक्तस्यास्य मार्गस्य मधुरवर्ण बहुलत्वेऽपि गौड़ीया रीतिरेवात्र, नतु रसनिष्ठं माधुर्य्यमिति ज्ञेयम् ॥२४--२५॥

हे कञ्जाक्षि ! श्रीकृष्णस्य वक्षसि तव कान्ति र्जृम्भते प्रकाशते मेघोपरि शम्पा विद्युदिव. अत्रेदमेव शुद्धमाधुर्य्यम् । अयमेव अनुप्रास इति गुणालङ्कारयोरविवेको न वाच्यः । वर्णानामन्त्यमूर्ध्वत्वेनैव शृङ्गारोत्कर्षान्माधुर्य्यम् । अनुप्रासस्तु तत्तदनपेक्षोऽपि सिध्यतीत्यन्यो भेदोपलब्धेः ॥२६॥

योग इति । आद्येनाक्षरेण द्वितीयाक्षरस्य योगः, एवं तृतीयाक्षरेण चतुर्थाक्षरस्य योगः, रेफेण सह

उदाहरण प्रस्तुत करते हैं—पुष्प चयन पूर्वक गमनावसर में मदखञ्जनाक्षी के चरण कमल से जो मन्द मन्द मञ्जीरनाद उच्चारित होने लगे, उसने कुञ्जशायी अञ्जनाभ नन्दनन्दन को अमन्द भाव से जागरित करा दिया ।

धारावाहिक रूप से एकरूप होने से जो दोष होता है, उसका उदाहरण—प्रस्तुत करते हैं ॥२३॥

कान्त एकान्त वर्त्ती निशान्त के अभ्यन्तर में तुमको अन्वेषण पूर्वक पादान्त में क्लान्ति अनुभव करते रहने से त्वदीय मञ्जीर तत्क्षण सञ्जात मञ्जुस्वर से सत्वर तुम्हारी गञ्जना व्यञ्जन कर रहा है । इस प्रकार अनुप्रास रीति युक्त मार्ग मे मधुर वर्ण बहुल रूपसे प्रयुक्त होने-पर भी यह गौड़ी रीति ही हुई हैं, अर्थात् इसमें रसनिष्ठ माधुर्य्य उत्पन्न नहीं हुआ है ॥२४--२५॥

किन्तु, "अयि पङ्कज लोचने ! अम्बुदोपरि सौदामिनी के समान नन्दनन्दन के वक्षः स्थल में तुम्हारी काञ्चन बन्धुरा कान्ति कैसे सुन्दर रूपसे विजृम्भित है" इत्यादि श्लोक शुद्ध माधुर्य्य का ही उदाहरण स्थल है ॥२६॥

कक्खटं, रुक्खेला, अच्छं कच्छः, उत्थानं, ककुप्फेनः। एवं रुग्घासः, उज्झितम्, बद्धः, ककुब् भासः, अर्कः, शक्रः, शषौ स्पष्टौ। टवर्ग श्चानन्त्य इति किम्? रुट् रुड् ॥२७--२८॥

उदाहरणम्—ऊर्ध्वोर्ध्वं सर्वमूर्ध्ना मुकुट तटलुठद्रत्नदीप्तिच्छटाभि

श्छन्नं यत् पादपीठं प्रकटितपटिमप्रौढ़ि गर्भैर्महोभिः।

शर्वादे गर्वखर्वीकरणचल भुजादण्डशौटीर्य्य चण्डः

शिष्टाऽभीष्टं कृषीष्ट प्रचुरघनघृणा विक्रमचक्रपाणिः॥

एष ओजोमार्गः॥२९॥

अटवर्गैररेफैश्च क्ख–ग्घाभ्याञ्च विवर्जितैः।

अयुक्तैश्च महाप्राणैर्मध्यतां प्रतिपद्यते॥

मध्यतां मध्यौजस्त्वम्, क्ख--ग्घाभ्यामिति अच्छादि वर्जनं न कार्य्यमित्यर्थः, महाप्राणैरिति ह कारेण सह वर्गचतुर्थैस्तैः; अयुक्तैः केवलैरित्यर्थः। चकारात् क्वचित् संयुक्तैश्च ॥३०॥

वर्णस्योपरि युतिर्योगः, यथार्कः, तथा वर्णस्याधोयोगे शक्रः। उपरि अधोदेशे च योगे रेफेण सह यथा दुर्ग्रहः। अनन्त्य इति – अकार सहित एव टठादयो वर्णा ओजोव्यञ्जकाः, नतु अकार रहिता रुट् रुड् इति वर्णाः ॥२७-२८॥

ऊर्ध्वोर्ध्वं यस्य पादपीठ सर्वेषां देवताराजप्रभृतीनां मूर्ध्ना मुकुट सम्बन्धिरत्नदीप्तिच्छटाभिस्तेजोभिः करणं महादेवादेरपि गर्व खर्वी करणे ख्यातो यो भुजादण्डस्तस्य शौटीर्ये पराक्रमे प्रचण्डश्चक्रपाणिः शिष्टानामभीष्टं कृषीष्ट। कथम्भूतः? प्रचुरमेघतुल्यकृपा विक्रमो यस्य सः। एष मध्यम ओज व्यञ्जक वर्णः ॥२९॥

करुणरसे कस्यचिन्मते चारुः स्यात्, कस्यचिन्मते न ॥३०-३१॥

सम्प्रति ओजो व्यञ्जक वर्णावली का वर्णन करते हैं। वर्ग के आद्य वर्ण के सहित द्वितीय वर्ण के सहित चतुर्थ वर्ण का यदि सम्मिलन होता है, एवं उपरि वा अधोभाग में अथवा उभयत्र ही यदि रेफ के सहित संयोग होता है, तादृश स्थल में, एवं अनन्त्य ट वर्ग, श, ष एवं दीर्घ समास स्थल में ओजो गुण की अभिव्यक्ति होती है। जिस प्रकार कक् खट रुक् खेला, अच्छ, कच्छ, उत्थान, ककुप् फेन रुग्घास उज्झित, बद्ध, ककुब् भास, अर्क, शक्र, दुर्ग्रह। अनन्त्य ट वर्ग अर्थात् अकार युक्त ट वर्ग, उसके विपरीत जिस प्रकार रुट् रुड्, इत्यादि ॥२७-२८॥

ओजो मार्ग का उदाहरण—ऊर्ध्वोर्ध्ववर्त्ती जिनके पाद पीठ देव नृपति साधारण के शिरः शोभि-- मुकुट तट लुठित रत्नदीप्तिच्छटा से आच्छन्न होकर रहता है। जिनकी प्रभूत अनुकम्पा सम्पात से धराधर भी अधरीकृत हुआ है, जो प्रकटित पटुतातिशयशाली तेजः पुञ्ज के द्वारा शर्वादि के गर्व खर्व करण क्षम चञ्चल भुज दण्ड के पराक्रम से प्रचण्ड हुये हैं। वह चक्रपाणि शिष्टजन के अभीष्ट को परिपुष्ट करें ॥२९॥

ट वर्ग एवं रेफ शून्य, क्ख एवं ग्घ विवर्जित एवं असंयुक्त महाप्राण वर्ण मध्यमरूप ओजो गुण का व्यञ्जक होता है। हकार के सहित वर्गस्थ चतुर्थ वर्ण महाप्राण वर्ण, वह असंयुक्त अर्थात् केवल, क्वचित्

शृङ्गारेऽप्येष चारुः स्यात् करुणादौ भवेन्न वा ।
माधुर्य्य व्यञ्जकैर्वर्णैर्युक्तश्चेदतिसुन्दरः ।
गाढ़बन्धः स आख्यातः पाठे वदनपूर्त्तिकृत् ॥३१॥

यथा—कस्तूरी तिलकायितं त्रिजगतो सौभाग्यलक्ष्म्या घन
स्निग्ध श्याममपातयाममधिकश्लाघ्यं मुहुः पातु वः ।
आभीरीस्तनकुम्भकुङ्कुमरसासङ्गेन सौगन्ध्यभाग्
ब्रह्मानन्द महासुधाम्बुधिरहः सन्दोहदोहं महः ॥३२॥

यथा वा—सान्द्रानन्दघनं घनाघनघटास्निग्धज्ज्वलश्यामल
ज्योत्स्नाजालजटालमालयमिवं प्रेम्णां त्रिलोकीश्रियः ।
कृष्णस्याङ्गमनङ्ग सङ्गरलसद् गोपाङ्गनापाङ्गक
व्यासङ्गेन तरङ्गितं मम मनः सङ्गित्वमङ्गीक्रियात् ॥३३॥

ब्रह्मानन्द रूपं महासुधाम्बुधेः सकाश दपि यो रहः सन्दोहो रहस्य प्रेमामृत समूहे तं पूरयति यन्मा हृत्तेजः स्वरूपं वस्तु तद् वो युष्मान् पातु। कथम्भूतम् ? मेघ तुल्य स्निग्ध श्यामं पुनश्चापालयाममत-रसमेक रसमित्यर्थः, पुनश्च त्रिजगतो सौभाग्यसम्पत्तिरूपाया नायिकायाः कस्तूरी तिलकायितम् ॥३२॥

यथा वेति। कन्दर्पयुद्धे लसद् गोपाङ्गनायाः स्निग्धापाङ्ग--व्यसनेन तरङ्गितं स्वच्छं त्रिलोकयाः शोभा रूपस्य श्रीकृष्णस्यसङ्गकर्तृ मम मनः सङ्गित्वमङ्गीक्रियात् मम मनसि सदास्फुरत्वित्यर्थः । कथम्भूतम् ? सान्द्रानन्दनिविड़ं पुनश्च वर्षुकमेघ घटा तुल्य स्निग्ध श्यामल ज्योत्स्ना समूहे जटाल युक्तमित्यर्थः ॥३३॥

संयुक्त होने पर भी ओजो गुण का व्यञ्जक होता है। क् ख एवं ग घ वर्जित अर्थात् अच्छ, कच्छ इत्यादि विवर्जनीय नहीं है, यह मध्य मौजोव्यञ्जक वर्ण शृङ्गार रस में चारुतर होता है। करुणादि रस से उसकी चारुता किसी के मत में है, और किस के मत में नहीं है। माधुर्य व्यञ्जक वर्ण युक्त होने से वह अति सुन्दर होता है, वह गाढ़ बन्ध होने के कारण, आख्यात होता है, एवं उसको पढ़ने से मनभर जाता है ॥३०-३१॥

त्रिजगत् की सौभाग्यलक्ष्मी के कस्तूरीतिलकायित, अम्बुद सदृश स्निग्धश्याम वर्ण, समधिक श्लाघ्य, नित्यनव रसालय वह तेजः पुञ्जमय पदार्थ, जो गोपाङ्गना वृन्द के कुच कुम्भ कुङ्कुम रसके संसर्ग से सौगन्ध्य शाली हो रहे हैं, ब्रह्मानन्द स्वरूप सुधा समुद्र की अतिगूढ़ प्रेमानन्द परम्परा जिनके द्वारा परिपूरित होता है, वह तुम सब की रक्षा सतत करें ॥३२॥

उदाहरणान्तर प्रस्तुत करते हैं—वर्षण शील जलद जाल के स्निग्धोज्ज्वल श्यामल ज्योतिः पुञ्ज के द्वारा जो समुज्ज्वलित है, स्मरसमर शोभित गोपसीमन्तिनी के अपाङ्ग व्यासङ्ग से जो तरङ्गित है, त्रिजगत् के प्रेम निकेतन, सान्द्रानन्द गहन वह श्रीकृष्ण कलेवर निरन्तर मदीय भव चिन्ता जर्जर इस हृदय मन्दिर में परिस्फुरित हो ॥३३॥

प्रसादस्य व्यञ्जिका तु केवलं रचना मता ।
न तत्र वर्ण प्राधान्यं प्रसादो विशदार्थता ॥

सर्वेष्वेव रसेषु प्रसादस्योपयोयुक्तत्वान्न वर्णगतनियमः ॥३४॥

उदाहरणम्—कोपे यथाभिलषितं न तथा प्रसादे,
वक्त्रं विधे सततमातनु मानमस्याः ।
इत्याकलय्य दयितस्य वचोविभङ्गीं
राधा विवर्त्तितविनम्रमुखी बभूव ॥३५॥

यद्यपि गुणपरतन्त्रा, रचनाद्यास्तदपि वक्त्रादेः ।
औचित्यात्तदधीना, भवन्ति तस्माद् गुणोऽपि तदधीनः ॥

तस्माद्धेतोर्वक्त्रादेर्वक्तृवाच्यबोद्धव्यानां तदधीनो वक्त्राद्यधीनः । उद्धते वक्तरि उद्धतमोजः, धीरोदात्ते वक्तरि मध्यममोजः, धीर ललिते वक्तरि माधुर्य्यम्, प्रसादस्तु सर्वत्रिक इति ।३६।

इति श्रीमदलङ्कारकौस्तुभे गुणविवेचनो नाम षष्ठः किरणः ॥६॥

विशदार्थ ताम्र कष्टं विना अर्थबोधकता, प्रसाद स्तस्य व्यञ्जिका रचना एव ।३४।

मान जन्य कोपे यथा तव वक्त्र मूर्ति ललितम्, तथा प्रसादे न । तस्मात् हे विधे ! अस्या मानं सदा विस्तारयेति श्रीकृष्णो वचसो भङ्गीमाकलय्य ॥३५॥

यद्यपीति सूत्रम् औचित्यात्यादिति यथा वक्तुरधीना रचनाद्यास्तद् युक्त पद्येऽपि ओजो माधुर्य्यादि गुणावयोऽपि भवन्तीत्युचितत्वादित्यर्थ ॥३६॥

इति सुबोधिन्यां षष्ठः किरणः ॥६॥

विशदार्थता को ही प्रसाद कहते हैं । समस्त रसों में उसकी उपयोगिता हेतु उस में वर्णगत विशेष नियम नहीं है । केवल रचना ही उक्त प्रसाद गुण की व्यञ्जिका है ॥३४॥

कोप के समय इनके मुख कमल जिस प्रकार सुललित होता है, प्रसाद समय में भी उस प्रकार सुन्दर नहीं होता है । इस हेतु हे विधे ! मेरा सविनय निवेदन, तुमं सतत इन का मान विस्तार करो । दयित के इस प्रकार वचन भङ्गिको को सुनकर रसमयी राधिकाने निज मुख मण्डल को विवर्त्तित एवं विनमित किया ॥३५॥

यद्यपि रचनादि गुण परतन्त्र हैं, तथापि वक्ता,-- वाच्य एवं बोद्धव्य के औचित्यानुसार रचना उस के ही अधीन होती है, अतएव गुण भी वक्ता प्रभृति का अधीन होना उचित है ।

जिस प्रकार उद्धत वक्ता स्थल में उद्धत ओजः, धीरोदात्त वक्ता के स्थल में मध्यम, ओजः एवं धीर ललित वक्ता के स्थल में माधुर्य्य ही विहित है । प्रसाद गुण सर्वत्र ही प्रशस्त है ॥३६॥

इति श्रीमदलङ्कार कौस्तुभे श्रीहरिदास शास्त्रिकृतानुवादे
गुण विवेचनो नाम षष्ठः किरणः ॥६॥

सप्तम किरणः

अथ शब्दालङ्कार–निर्णयः

अथ (प्रथम किरणे प्रथम कारिकायाम्) 'उपमितिमुखोऽलङ्कृति गणः' इति यदुक्तं तत्र मुख–शब्दस्य मुख्यार्थत्वादमुख्यस्य प्राप्तौ प्रथमतोऽमुख्यं शब्दालङ्कारमेवाह,—

एकेनार्थेन यत् प्रोक्तमन्येनार्थेन चान्यथा ।
क्रियते श्लेष काकुभ्यां सा वक्रोक्ति र्भवेद् द्विधा ।
श्लेषोऽपि च भवेद् द्वेधा सभङ्गाभङ्ग भेदतः ।
श्लेषेण काक्वा वा, श्लेषश्च द्विधा,— अभङ्गः, सभङ्गश्चेति ॥१--२॥

अत्राभङ्ग श्लेषेण यथा—

कस्त्वं श्याम हरिर्बभूव,तदिदं वृन्दावनं निर्भृ गं
- हंहो नागरि माधवोऽस्म्यसमये वैशाखमासः कुत ।
मुग्धे विद्धि जनार्दनोऽस्मितदियं योग्या वनेऽवास्थिति
र्बालेऽहं मधुसूदनोऽस्मि विदितं योग्यो द्विरेफो भवान् ॥३॥

अथ शब्दालङ्कारनिर्णयः

अथालङ्कारो द्विविधः—अर्थालङ्कारः शब्दालङ्कार श्चेति । तत्र पूर्वोक्तोपमितिमुखोऽलङ्कृतिगण इत्यत्रोपमिति प्रभृत्यर्थालङ्कारो मुख्यः, वक्रोक्त्या दि– शब्दालङ्कारो गौणः । अत आदौ गौणालङ्कार--मेवाह– अथेत्यादिना । अभिधा वृत्या एकेनार्थेन यद् वस्तु प्रोक्तम् श्लेष काकु रूपाभ्यां व्यञ्जनावृत्तिभ्यां प्रोक्तेनान्येनार्थेन तद् वस्त्वन्यथा क्रियते, तत्रस्थले शब्दनिष्ठवक्रोक्त्यालङ्कारो ज्ञेयः ॥१--२॥

-श्रीराधिका आह—हे श्याम ! त्वं कः ? अभिधावृत्या प्रत्युत्तरमाह— हरिरिति । पुनः श्लेषरूप व्यञ्जनावृत्या हरि- शब्दस्य सिंह परत्वमभिप्रेत्य श्रीराधिका पूर्वार्थमन्यथा करोति— बभूवेति । जनानर्दयतीति श्लेषेण जनपीडकः, अतो वनेऽवस्थिति स्तव योग्यैव । द्विरेफो भ्रमरः श्लेषेण, द्वौ रेफौ

उपमा प्रमुख काव्य पुरुष के अलङ्कार समूह स्वरूप हैं ।' प्रथम किरण में इस प्रकार जो कहा गया है, इस में प्रमुख शब्द की मुख्यार्थता हेतु कतिपय अमुख्य अलङ्कार भी हैं, अतः उक्त शब्द इसका भी बोध होता है । अधुना प्रथमतः उक्त अमुख्य शब्दालङ्कार का विवेचन करते हैं ।

अभिधा वृत्ति के द्वारा एकार्थ में जो वस्तु उक्त होती है, श्लेष एवं काकु के द्वारा यदि तदितर अन्य वस्तु प्रतीत होती है । तो श्लेष मूला एवं काकु मूला--से द्विविध वक्रोक्ति होती है । श्लेष भी सभङ्ग एवं अभङ्ग भेद से द्विविध है ॥१--२॥

उनके मध्य में अभङ्ग श्लेष सम्पादित वक्रोक्ति का उदाहरण— "हे श्याम ! तुम कौन हो !"

सभङ्गो यथा— कान्ते कीर्त्तिरकीर्त्तिरेव वद मे किञ्चिज्जड़ेभ्यः परं
धीरा कापि भवत्यहो कथमहो बुद्धिर्भवेत् पूर्णिमा।
का मेधा तव भूयसी न मदने त्वय्येव मे धारणं
तन्मा मास्पृश न स्पृशेयमिति स श्रीमान् जितो राधया ॥४॥

काक्वा यथा—न वदसि हरिणापि पृच्छ्यमाना, न वत विलोकयसे विलोक्यमाना।
निजमभिमतमोह्यतामिदानीं, विधुवदने समय, स नो न भावी ॥

यत्रेति व्युत्पत्त्या त्वं वर्वरोऽपि यो हि गोपालकः, सहि वर्वरो भवतीति प्रसिद्धे. ॥३॥

'हे कान्ते' श्रीकृष्णेन सम्बोधिता मानिनी 'अहं ते न कान्ता भवामि' इत्यर्थं व्यञ्जयन्ती, 'का अन्ते नाशे सति तिष्ठति' इति प्रश्नोस्योत्तरमाह— कीर्त्तिरकीर्त्तिरेव. मृतस्य जनस्य कीर्त्यकीर्त्ती एव तिष्ठतः, नान्यत् किञ्चिदित्यर्थः, 'किञ्चिन्मे वद' इत्युक्ता सा 'त्वया सह सम्बन्ध एव मम नास्ति, अतएव किं वक्ष्यामि' इतीममर्थं व्यञ्जयन्ती चिद्वस्तु किमिति प्रश्नस्योत्तरमाह—जड़ेभ्यः परम्. जड़भिन्नमित्यर्थः। 'धी—बुद्धिः कथं राका पूर्णिमा भवेत्, का मेधा बुद्धिस्तव' इत्युक्ते: 'कामे कन्दर्पे मम धा धारणमित्युच्यते चेत् मम कन्दर्पे धारणं नास्ति, किन्तु त्वय्येव' इति प्रश्नस्योत्तरं लब्ध्वा यत् किञ्चित् सरसतायां तत्तस्मात् 'मामास्पर्श' इति प्रश्ने 'त्वामहं न स्पृशेयम्' इत्युत्तरं कुर्वत्या राधया जित एव ॥४॥

इदानीं मानस्य दाढर्य रूपं निजमभिमतमोह्यतां क्रियतामित्यर्थः। यस्मिन् समये सङ्केत मुरली

"सुन्दरि! "मैं हरि हूँ" "यह वृन्दावन तो मृग शून्य हो गया है, यहाँ हरिकी सम्भावना कहाँ है?" "अयि नागरि! मैं माधव हूँ" असमय में माधव वा वैशाख मास की सम्भावना कैसे हो सकती है?" "मुग्धे! मैं जनार्दन हूँ" "ऐसा हो सकता है, ऐसा होने पर लोकालय में न रहकर इस वन में रहना ही ठीक है" "बाले! मैं मधुसूदन हूँ" "उचित है—उपयुक्त द्विरेफ ही आय हैं ॥३॥

सभङ्ग श्लेष के द्वारा प्रकाशित वक्रोक्ति का उदाहरण—

'कान्ते' कह कर श्रीकृष्ण सम्बोधन करने से मानिनी राधिका 'का+अन्ते' अर्थात् अन्त का अवसान में कौन अवशिष्ट रहता है, इस अर्थ को लेकर कही थी—कीर्त्ति एवं अकीर्त्ति उभय ही रहती हैं, उत्तर में श्रीकृष्ण बोले—मेरे सम्बन्ध में किञ्चित् कहो, अन्त में कौन रहता है, इस विषय में मैंने कुछ भी नहीं पूछा। राधिकाने 'किञ्चित्' शब्द का 'किं+चित्' चित् कौन पदार्थ—इस अर्थ को लेकर उत्तर दिया—जड़ भिन्न जो वस्तु वही चित् है।

श्रीकृष्ण, उनके इस प्रकार कथन वैचित्र्य से चमत्कृत होकर कहे थे—'धीरा कापि भवत्यहो' तुम अति धीरा वा पण्डिता हो। राधा—उक्त 'धीरा कापि' वाक्य का अर्थान्तर को लेकर बोली, धी अर्थात् बुद्धि कैसे राका अर्थात् पूर्णिमा हो सकती है? श्रीकृष्ण,—पुनर्वार चमत्कृत होकर कहे थे—'का मेधा तव भूयसी' अर्थात् तुम्हारी मेधा कैसी विपुला है? राधिका उक्त 'का मेधा तव' इत्यादि वाक्य का ही अर्थान्तर करके बोली—काममें मेरी धारणा नहीं है, तुम्हारे में ही मेरी धारणा है। इस प्रकार उत्तर से सन्तुष्ट होकर श्रीकृष्ण कहे थे—"तन्मामास्पृश" अर्थात् तुम मुझको स्पर्श करो। राधा उस वाक्य का ही 'मा' अर्थात् मुझ को स्पर्श न करो। इस प्रकार अर्थ करके बोली, तब तुम को स्पर्श नहीं करूँगी। इस प्रकार वाक् वैदग्ध्य से श्रीकृष्ण श्रीराधिका के द्वारा बारम्बार पराजित हो गये ॥४॥

अपितु भाव्येव; यदा तु भविष्यति, तदा वैकल्यञ्च द्रक्ष्याम इति भावः ॥५॥

अनुप्रास्यत इत्यर्थेऽनुप्रासो वर्ण साम्यतः ।

स जातीयं वर्णमनु सजातीयवर्णान्तरं प्रकर्षेणास्यत इति व्युत्पत्तिः ।६।

स च द्वेधा छेकवृत्तिभेदात्,

छेकानुप्रासो वृत्त्यनुप्रासश्चेति स द्वेधा ॥७॥

छेकः सकृत्तया ।

एक वारानुन्यासेन छेकः स्यात् ॥८॥

यथा—धाम श्याममिदं श्रीदं जगतोऽविरतोदयम् ।

ध्येयं गेयञ्च सर्वेषां दृशोः प्रेम यशोमयम् ॥

अत्र मकारादीनां सकृदनुन्यासश्च ॥९॥

माधुर्य्य व्यञ्जकत्वेन स एव ह्युपनागरः ॥

स एव वर्ण विन्यासः ॥१०॥

ध्वनि भविष्यति, स समयो नोऽस्माकं न भावी ? अपितु भविष्यत्येव । तदा स्वयमेव मानं विहाय व्याकुला भूत्वा तन्निकटे गमिष्यसीत्यपि तव वैकल्यं द्रक्ष्यामः ॥५॥

अनुप्रास रूप शब्दालङ्कार माह—अन्विति । अनुपश्चात् प्रास्यते प्रकर्षेणास्यते क्षिप्यते इति व्युत्पत्त्या यत्र सजातीय वर्णस्य पश्चात् सजातीय वर्ण प्रक्षेप स्तत्रानुप्रासोऽलङ्कारो ज्ञेयः। सकृत्तया सकृत्तेन। तथा च यत्र सजातीय वर्ण द्वयस्य सकृत् प्रयोगः, तत्र छेकानुप्रासो ज्ञेयः ॥६-८॥

इदं श्यामं धाम श्रीकृष्णाख्यो देहो जगतः श्रीदं शोभादायकमित्यर्थः, सर्वेषां दृशोः प्रेम प्रेमास्पदमित्यर्थः । यशोमयं—यशः स्वरूपम् । आधिक्य विवक्षया धर्मनिर्देशः । अयं साक्षात् पाण्डित्यमितिवत् । अत्र मकार द्वयोर्यकार द्वयोश्च सकृदेव पाठः ॥९॥

काकु के द्वारा प्रकाशित अर्थ का उदाहरण—

सखी वृन्दा बोली थीं, राधे ! श्रीहरि जिज्ञासा करने पर भी कुछ भी नहीं कहती हो, कृष्ण--निरीक्षण करने पर भी एकवार दृष्टि पात नहीं करती हो, इस विषय में हम सब क्या कहें । अपना अनुभव को कहो, किन्तु हे विधु वदने ! हम सब को वह समय क्या नहीं मिलेगा ? यहाँ काकु लभ्य अर्थ यह है कि हमारा वह समय अवश्य ही आयेगा, एवं उस समय हम सब तुम्हारी विकलता को देखेंगे ॥५॥

अनु पश्चात् प्रास प्रकृष्ट रूप से निक्षेप—स्थापन, अर्थात् जहाँ सजातीय वर्ण के पश्चात् सजातीय वर्णान्तर का स्थापन किया जाता है, इस प्रकार व्युत्पत्ति के द्वारा अनुप्रास पद निष्पन्न हुआ है। छेकानुप्रास एवं वृत्त्यनुप्रास भेद से अनुप्रासालङ्कार द्विविध हैं । उक्त रीति से एकवार मात्र विन्यास होने पर उसको छेकानुप्रास कहते हैं ॥६-८॥

उदाहरण—त्रिभुवन की सौन्दर्य्य सम्पादक सतत समुदित यह श्यामधाम ध्येय, गेय, यशोमय एवं निखिल नेत्र का प्रेम निलय है । यहाँ मकार द्वय एवं यकार द्वय का एक वार ही पाठ हुआ है ॥९॥

यथा—अनङ्ग भङ्गलारम्भे सम्भेदः स्वेद कम्पयोः ।
शङ्के पङ्केरुहदृशो न रस्यानन्दमत्तता ॥११॥
एकस्यात्यथवाऽनेकस्याम्रेडिततया यदि ।
न्यासः स्याद् वृत्यनुप्रासः ॥१२॥
यथा—धामश्यामलमुद्दाम कामकोटि मनोहरम् ।
ध्येयं गेयं समास्थेयं समानेयञ्च मानसे ॥१३॥
अनेकस्य यथा—विविध बधूबधसाधो, विरम रमानाथ नाथ्यतां नाथ ।
कैतव विज्ञ समज्ञां, तव विज्ञातु न विज्ञाऽहम् ॥१४॥
एष च द्विविधो भवेत् ॥
माधुर्योजोऽनुकूलत्वात्, ॥१५--१६॥

छेकानुप्रासस्यैव माधुर्य्य व्यञ्जक--वर्ण घटितत्वेनोपनागर इति संज्ञा भवेति ॥१०॥

श्रीकृष्णेन सह स्वयूथेश्वर्याः सम्भोगं गवाक्ष द्वारा पश्यन्ती काचित् सखी अन्यां सखीं प्रत्याह--कमलदृशोऽस्याः सम्भोगस्यारम्भे एव स्वेद कम्पयोः सम्भेद रूपो विघ्नो जातः । अतो विघ्नवशाद् वैपरीत्यादि घटित सम्पूर्ण सम्भोगोऽपि न भविष्यतीति । अतएव या आनन्दस्य मत्तता अतिशयः सा रस्या नेत्यहं शङ्के ॥११॥

एकवर्णस्यानेक वर्णस्य वा आम्रेडिततया द्वि स्त्रिरुक्ततया यदि न्यासः स्यात् । पूर्वोदाहरणे मकार बकारयोः सकृन्निवेशः, अत्रोदाहरणे मकाराणां यकाराणां पुनः पुन रुक्तिरिति ज्ञेयम् ॥१२॥

समास्थेयं सम्यग् विश्वसनीयमित्यर्थः ॥१३॥

काचित् मानिनी प्रार्थनां कुर्वन्तं श्रीकृष्णमाह—विविधेति हे देव मनुष्यादि बधूबधे साधो त्वं विरम । अथानन्तरं न नाथ्यतां न याच्ञा क्रियताम् । हे कैतवविज्ञ ! तव समज्ञां कीर्त्तिं विज्ञातुमहं न विज्ञा ॥१४॥

एष वृत्यनुप्रासः ॥१५--१६॥

माधुर्य्य व्यञ्जक वर्णघटित होने से वही उपनागर नाम से अभिहित होता है ॥१०॥

अनङ्ग देव के मङ्गलमय आरम्भ में ही जब स्वेद एवं कम्प का सम्भेद को देख रही हूँ । तब सरोरुहाक्षी की यह आनन्द मत्तता सुन्दर रसावह नहीं होगी, यह प्रतीत होता है ॥११॥

एक वर्ण अथवा अनेक वर्ण का यदि पुनः पुनः विन्यास होता है, तो उसको वृत्यनुप्रास कहते हैं ॥१२॥

एक वर्णका उदाहरण—यह श्याम काम, उद्दाम कामकोटि के समान कमनीय एवं हृदय में सतत ध्येय, गेय, समास्थेय एवं समानेय है ॥१३॥

अनेक वर्णों का उदाहरण–तुम विविध बधूओंका बध करने में सुदक्ष हो । हे रमानाथ ! क्यों अनाथ के समान अयथोचित प्रार्थना कर रहे हो, निवृत्त हो जाओ, हे कैतव विज्ञ ! मैं तुम्हारे यश को जानने के निमित्त अभिज्ञा नहीं हूँ ॥१४॥

क्रमेणोदाहरणे—अनङ्ग सङ्गरासङ्गे भङ्गिमेव स सङ्गमः ।
सङ्गीतरङ्गो तन्वङ्गी सङ्गी रासङ्गतो हरिः ॥१७॥
उद्दण्डकामकण्डूलबाहुमण्डलचण्डिमा ।
श्रीखण्डपिण्डहिण्डीर पुण्डरीक यशा हरिः ॥१८॥

चकारात् पदावयजोऽपि च ।

यथा—उद्दाम माधवी दामकण्ठ उत्कण्ठया हरिः ।
राधां नाति दुराराधां ससार रससारवित् ॥१९॥

एवमोजस्यपि 'षष्ठ किरणे २९ श्लोकः' 'ऊर्ध्वोर्ध्व सर्वमूर्ध्नाम्' इत्यादि ।

कोमलोलाट इष्यते ।

कोमलवर्णानुप्रासो लाटानुप्रासः ।

उदाहरणम्—(षष्ठ किरणे तृतीयः श्लोकः) 'लीलारस ललिताङ्गी लघु लघु ललनाललाम मौलिमणिः' इत्यादि ।

एष कैश्चिच्छिथिल इत्युच्यते ॥२०॥
तात्पर्य्य मात्रभेदे स्याल्लाट इत्युच्यतेऽपरै ॥

रासं गतः स हरिः, कन्दर्पयुद्धा सङ्गे जङ्गमो भङ्गिमा इव । काम कण्डुया विशिष्ट—बाहु मण्डलस्य चण्डिमा यस्य, श्रीखण्डपिण्ड श्चन्दनपिण्डः, हिण्डीरः फेनः, पुण्डरीकः—श्वेतकमलम्, एषामिव श्वेतयशो यस्य ॥१९-२०॥

माधुर्य्य एवं ओजो गुणकी अनुकूलता हेतु भेद के कारण--यह अनुप्रास द्विविध हैं ॥१५--१६॥

प्रथमोक्त का उदाहरण—रास सङ्गत श्रीहरि, कृशाङ्गी वृन्द को सङ्गिनी करके सङ्गीत तरङ्ग में रङ्गमय हुए हैं। प्रतीत होता है, अनङ्ग संग्राम के प्रसङ्ग में भङ्गिमाने ही जैसे जङ्गम मूर्त्ति को धारण किया है ॥१७॥

द्वितीय का उदाहरण—भगवान् वैकुण्ठ नाथ काम कण्डूल उद्दण्ड बाहु मण्डल में प्रचण्ड हुये हैं, तदीय यशः पुञ्ज भी श्रीखण्ड पिण्ड, हिण्डीर (फेन) एवं पुण्डरीक के समान धवलिमा को धारण किया है ॥१८॥

उक्त अनुप्रासः पदावयव घटित भी होता है। उदाहरण—रससारविद् दामोदर उद्दाम माधवी दाम कण्ठ में धारण पूर्वक उत्कण्ठित हृदय में दुराराधा श्रीराधा के अनुसरण किये थे ॥१९॥

ओजो गुण के स्थल में भी इस प्रकार जानना होगा।

उदाहरण—ऊर्ध्वोर्ध्ववर्त्ति जिनके पादपीठ इत्यादि श्लोक है। कोमल वर्णघटित अनुप्रास को लाटानुप्रास कहते हैं। उदाहरण—ललनालल म मौलिमणि स्वरूपा लीला लसल लताङ्गीललितस्मिता श्रीराधा इत्यादि पूर्वोक्त श्लोक है। शिथिल बन्ध हेतु—कतिपय व्यक्ति इस को शिथिल कहते हैं ॥२०॥

शब्दार्थयोरभेदेऽपि तात्पर्य्यमात्रभिन्नत्वेलाटो विदग्धस्तस्य प्रियत्वात् लाटानुप्रास इत्यपरैरुच्यते ॥२१॥

पदस्याप्येषः,

एष लाटानुप्रासः। पदस्यापि, अपि शब्दात् पदांशानां पदाना मपि ॥२२॥

क्रमेणोदाहरणानि—कृष्णत्वेन सखि प्रादुर्भावो मन्ये मनोजनेः।

मनोजनेः पुनरियद् वैदग्धी वैदुषी कुतः ॥२३॥

रत्नानि रत्नाकर एव सन्ति, पुष्पाणि पुष्पाकर एवधत्ते।

गुणो गुणज्ञे लभते प्रकाशं, यशो यशोदा सुत सेवयैव ॥२४॥

पदानां यथा—येषां न वृन्दावन चन्द्रलीला, हृद्यस्ति तेषामपरैर्गुणैः किम्?

येषान्तु वृन्दावन चन्द्र लीला, हृद्यस्ति तेषामपरै र्गुणैः किम्? ॥२५॥

तत्रैव वृत्तावन्यत्र वा पुनः।

वृत्त्यवृत्त्योश्च वा नाम्नः सारूप्येस्यादथापरः ॥

तत्रैव वा समासे ऽन्यत्र वा ऽसमासे, समासासमासयो र्वा, नाम्न एव, नतु पदस्य, सारूप्य सत्यपरो लाटानुप्रासः ॥२६॥

एष लकारघटितानुप्रासः। लकार बाहुल्येन शिथिल बन्धाच्छिथिल उच्यते। इतीदं पद्यं पूर्वमेवावरत्वेनोक्तम्। तस्य लाटस्यास्य पदानामनेकेषामपि ॥२१-२२॥

मनोजनेः कन्दर्पस्य कृष्णत्वेन प्रादुर्भावोऽहं मन्ये। हे सखि! कन्दर्पस्यापि पुनः कृष्णस्येव इयद् वैदग्धीनां वैदुषी पाण्डित्यं कुतः? अत्रेक पदस्यानुप्रासः। अस्यैव भिन्नार्थत्वे यमको भवतीति ज्ञेयम् ॥२३॥

पदांशानामुदाहृणमाह—रत्नाकरानीति। रत्नाकरे समुद्रे, पुष्पाकर उपवनादिः ॥२४-२५-२६॥

शब्द एवं अर्थ का भेद विद्यमान न होने पर भी जहाँ केवल तात्पर्य्य का भेद होता है, कोई कोई उस प्रकार कहते हैं। लाट अर्थात् अविदग्ध जन प्रिय होने के कारण—इस का नाम लाटानुप्रास है। एक पद में, पदांश में एवं बहु पद में भी होता है ॥२१--२२॥

क्रमपूर्वक उदाहरण—हे सखि! बोध होता है कि—कृष्ण स्वरूप में ही मनोभवका आविर्भाव हुआ है। अन्यथा मनोभव का इस प्रकार वैदग्धी विज्ञता कैसे सम्भव हो सकता है ॥२३॥

रत्नाकर में ही रत्न विराजित है, पुष्पाकर ही पुष्प समूह को धारण करता है। गुणज्ञ समाज में ही गुण समूह प्रकाशित होते हैं। यशोराशि भी यशोदाकिशोर की सेवा से ही सुलभ होती है ॥२४॥

जिसके हृदय में वृन्दावन चन्द्र की लीला विलास नहीं करती है। उसको अपर गुणों से क्या प्रयोजन है? किन्तु जिसके हृदय में वृन्दावन चन्द्र की लीला विराजित है, उसको अपर गुण से क्या प्रयोजन है? ॥२५॥

समास वा असमास में अथवा समासासमासस्थल में नाम वा प्रातिपदिक की एकरूपता होने पर

उदाहरणम्—हिम किरण किरण मधुरा, राका राकामृतांशुमुख भवतः।
विरहे विरहे मूर्च्छा, सख्यस्तां केवलं दहति ॥२७॥

नेह—सुहिम हिमकर मधुरा मधुराकारा निशा निशातेयं।
तव रुचिर चिरविलम्बे प्रदहति तां कृष्ण कृष्णवर्त्मेव ॥

इदन्तु यमकान्तर्गतमेव, भिन्नभिन्नार्थकत्वात् । तदेवं वर्णितश्छेक वृत्तिपदावयवैक-पदनाम सारूप्यात् षट् प्रकारोऽनुप्रासः ॥२८॥

यमकं त्वर्थभिन्नानां पदादीनां समाकृतिः ।
क्वचिन्निरर्थकानाञ्च सार्थानर्थवतां क्वचित् ॥

परस्परमर्थगत भेदवतां पदादीनां नाम—पद—पदावयव वाक्यानां समा आकृतिः सारूप्य यमकम् ॥२९॥

एतच्च पादजत्वेन नवधा,

एतत् यमकम् ॥३०॥

नाम्नः प्रातिपदिकस्य समान रूपत्वेन तुनामविभक्ति घटित पदस्य । राकामृतांशुः पूर्णिमा चन्द्रः, तत्तुल्यमुखेति श्रीकृष्ण सम्बोधनम् । तव विरहे मूर्च्छारूप सख्याश्च विरहे राका पूर्णिमा तां दहति ॥२७॥

राकाकथम्भूता ? हिमकिरणश्चन्द्रस्य किरणेन मधुरा इयं मधुराकाया वसन्त कालीन पूर्णिमाया निशा निशाता विरहिण्या दुःखदायकत्वेन तीक्ष्णा हे कृष्ण ! हे रुचिर कृष्ण वर्त्मा अग्निरिवं तां दहति । निशाकथम्भूता ? सुमहिम चन्द्रेण मधुरा मधुरेत्यादि पदानां भिन्नाभिन्नार्थत्वाविदमुदाहरणं यमकान्तर्गतमिति ज्ञेयम् । अतोऽत्रोदाहरणे यमकत्वमनुप्रासत्वमुभयमपि वर्त्तते । एवमिति छेकानुप्रास एकः, वृत्त्यनुप्रासो द्वितीयः, लाटानुप्रासश्चतुर्विधः । एवं क्रमेण षट् प्रकारोऽनुप्रासः ॥२८—२९—३०॥

अपर प्रकार लाटानुप्रास होता है ॥२६॥

उदाहरण—हे पूर्णिमा चन्द्र वदन ! हिमकर किरण समूह से माधुर्यमयी यह पूर्णिमा तुम्हारे विरह में एवं मूर्च्छारूपा सखी के विरह में उस कामिनी को दग्ध कर रही है ॥२७॥

सु महिम—हिमकर मण्डल में सुमधुरा यह मधुराकार निशा निशात होकर तुम्हारे सुचिर विलम्ब हेतु, हे रुचिर—श्रीकृष्ण ! कृष्णवर्त्म-अग्नि के समान निरन्तर उसको दग्ध कर रही है ।

भिन्न अर्थ होने के कारण यह पद्य यमक का ही अन्तर्गत है, इस प्रकार छेकानुप्रास, वृत्यनुप्रास एवं पदावयव, एकपद, अनेकपद एवं नाम सारूप्य भेद से चतुर्विध लाटानुप्रास, समष्टि में षड्विध अनुप्रास का वर्णन हुआ ॥२८॥

परस्पर अर्थगत भेद विशिष्ट पद, पदावयव एवं वाक्य का समान रूप होने से यमकालङ्कार होता है। क्वचित् निरर्थक पदादि, कहीं तो कियदंश में निरर्थक एवं कियदंश में सार्थक, उक्त पदादि स्थल में भी यमक होता है ॥२९॥

यह यमक पाद घटित होकर नवधा होते हैं ॥३०॥

प्रथमस्य तु ।

द्वितीयेन तृतीयेन चतुर्थेनेति तत्त्रिधा ॥३१॥

द्वितीयस्तु तृतीयेन चतुर्थेनेति च द्विधा ।

तृतीयस्तु चतुर्थेनेत्येक एवेति षड्भिदः ॥३२॥

प्रथमस्त्रिष्वपीत्यन्त इति सप्त द्वयं पुनः ।

प्रथमस्तु चतुर्थेन द्वितीयस्तत्परेण च ।

प्रथमस्तु द्वितीयेन तृतीयस्तत् परेण च ॥

प्रथमो द्वितीयेन तृतीयेन चतुर्थेनेति त्रयोभेदाः । द्वितीयस्तृतीनयेचतुर्थेनेति च द्वौ । तृतीयश्चतुर्थेनेत्येकः । प्रथमस्त्रिष्वपीत्येकः । प्रथमश्चतुर्थेन द्वितीयस्तृतीयेनेत्येकः । प्रथमो द्वितीयेन तृतीयश्चतुर्थेनेत्येकः—एव नव ॥३३॥

अर्ध श्लोके श्लोकयोश्चावृत्या द्वेधा भवेदथ ।

तेनैकादश भेदाः स्युः पद भागे च पूर्ववत् ।

नवधेति भिदा ज्ञेया विंशतिर्यमकोद्भवाः ॥

पादजत्वमेवाह—प्रथमस्येति । प्रथम चरणस्य द्वितीय चरणेन सह समानरूपत्वे एको यमकः, त्रिविधोऽपिभेदोज्ञेयः । प्रथम चरणं त्रिष्वपि चरणेषु वर्त्तते इत्येको भेदः । तेन सप्तभेदा भवन्ति । पुन भेदद्वयं भवति । तदेवाह—प्रथम चरणश्चतुर्थ चरणेन सह, द्वितीय चरणस्तृतीय चरणेन सहैकस्मिन्नेव पद्ये समानश्चेदेको भेदः । तथा प्रथम चरणो द्वितीय चरणो द्वितीय चरणेन सह. तृतीय चरणस्तु तत्परेण चरणेन सह, एकस्मिन्नेव पद्ये समानश्चेद् द्वितीयो भेदः, एवञ्च पूर्वैः सह नवधा भेदो भवति । एतत् सूत्रस्य विवरण माह—प्रथमद्वितीयेनेत्यादि ॥३१-३३॥

अर्ध श्लोक श्लोकयोश्चावृत्या पादस्य चरणस्यत्रिखण्डत्वे त्रिंशद् भेदा इत्यस्यार्थोऽग्रे उदाहरणे

परस्पर अर्थगत भेद विशिष्ट पद, पदावयव एवं वाक्य के समान रूप होने से यमकालङ्कार होता है । क्वचित् निरर्थक पदादि, कहीं पर कियदंश में निरर्थक—एवं कियदंश में सार्थक, उक्त पदादि स्थल में भी यमक होता है ।

यह यमक पाद घटित होकर नवधा होते हैं । प्रथम पाद का द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ—इन तीनों के सहित समानता के कारण त्रिविध भेद होते हैं । द्वितीय पाद का तृतीय एवं चतुर्थ—इन दो पाद के सहित द्विभेद होते हैं । तृतीय पाद का केवल चतुर्थ पाद के सहित होकर एक भेद होता है । इस प्रकार षड् भेद होते हैं ।

प्रथम चरण की समानता चरण त्रय में वर्त्तमान होने पर उस में एक रूप भेद होकर सप्तविध भेद सिद्ध होता है । प्रथम चरण--चतुर्थ चरण के सहित एवं द्वितीय चरण तृतीय चरण के सहित समान होने से एक भेद होता है । प्रथम चरण—द्वितीय चरण के सहित एवं तृतीय चरण चतुर्थ चरण के सहित समान होने से एकभेद होता है । इस रीति से नव भेद होते हैं ॥३१-३३॥

अर्ध श्लोक वृत्या च पुनरेकादश । पुन पादस्यभागे च यद्‌यमकं तत् पूर्ववन्नवधेति विंशतिर्भेदाः ॥३४॥

पादस्य तु त्रिखण्डत्वे त्रिंशद् भेदाः प्रकीर्त्तिताः ।
चतुः खण्डत्वे पुनः श्चत्वारिंशद् भवेद् भिदाः ॥"३५॥

दिङ्‌मात्र मुदाह्रियते—

सुरतरुरेष नतानां, सुरतरुचि र्गोपतरुणीनाम् ।
त्रिभुवनजनकमनीयो, जयतादाभीरराज--युवराजः ॥३६॥

सुरसार्थ भूषित पदै र्ब्रह्मादिभिरधिकभक्तिसन्नम्रैः ।
सुरसार्थं भूषित पदैः स्तवैः स्तुतः केशिहा जयति ॥३७॥

मन्मथनमदन्तरया, कुटिलोऽञ्जन कालकूटाक्तः ।
प्रियसख कटाक्षविशिखो मन्मथनमदं स राधया ससृजे ॥३८॥

जयति व्रजपतितनयो, नमदनमत्तुल्यकारुण्यः ।
न मदनमत्तुल्यहृता, काऽपि विना येन मां तुदसि ॥३९॥

व्यक्ति भविष्यति ॥३४--३५॥

नतानां भक्तानां सुरतरुः कल्पवृक्षः, गोपरमणीनां सुरते रुचिर्यस्तथाभूतः ॥३६॥

सुराणां सार्थः समूहस्तेन भूषितौ पादौ येषां तै र्ब्रह्मादिभिः सुरसो योऽर्थस्तेन भूषितानि पादानि येषु तैः स्तवैः स्तुतः श्रीकृष्णः ॥३७॥

मन्मथेन कामेनाभिलाषेण नमत् नम्रम् अन्तरं यस्याः, तया राधया मम मथने मदो गर्वो यतस्तद् यथास्यात्तथा, स कटाक्ष रूपो वाणः ससृजे ॥३८॥

नमति नम्रे अनमति अनम्रे तुल्यं कारुण्यं यस्य सः । यद्वा, नमति नम्रे, अनमत् सुदृढ़ तुल्यमेकरसं

अर्ध श्लोक की आवृत्ति एवं सम्पूर्ण श्लोक की आवृत्ति द्वारा द्विधा भिन्न होकर एकादश प्रकार होते हैं। एवं पदांश में पूर्वोल्लिखित नव भेद सिद्ध होते है, अतः विंशति प्रकार भेद होते हैं । समष्टि में विंशति प्रकार यमक के भेद होते हैं ॥३४॥

पाद की द्विखण्डता स्थल में त्रिंशत् भेद एवं चतुः खण्डना स्थलमें चत्वारिंशत् भेद कीर्त्तित हुये हैं।३५।

मूल श्लोक में प्रदत्त उदाहरण—समूह का उल्लेख करते हैं—प्रणत जन सुरतरुस्वरूप, गोपतरुणी-सुरत रुचिशाली, त्रिभुवन जन--कमनीय, आभीर राज युवराज की जय हो ॥३६॥

सुरसार्थ भूषित पद, भक्तिभरावनत पद्मासनादि कर्त्तृक सुरसार्थभूषित पद स्तव समूह से जो सतत स्तुत होते रहते हैं, इस प्रकार केशिनिसूदन की जय हो ॥३७॥

हे सखे ! मन्मथ—नमदन्तःकरणा श्रीराधा कर्त्तृक मन्मथन मद के सहित अञ्जन रूप कालकूट दिग्ध—अतिकुटिल--कटाक्षवाण मेरे प्रति विमुक्त हुआ है ॥३८॥

राधासुकुमार तनु—र्मदनबधानादुपैष्यति ग्लानिम् ।
बद्धोऽयमञ्जलिरिते, मदनबधार्थं न तां वितुदेः ॥४०॥
व्रजपतिनन्दन नन्दय, नन्दय वृषभानुनन्दिनी हृदयम् ।
मदन मदनोज्ज्वलमतुलं, मदमदौजः प्रसादमाधुर्य्यम् ॥४१॥
काननं जयति यत्र सदा सत्, कानं नन्दति यदेत्य मुखश्रीः ।
का न नन्दतनयस्य मनोज्ञा, काननं धयति वा न हि तस्य ॥४२॥

यथा वा—नवपयोधर कान्त विरम्यतां, न वप योधरसं हृदि मान्मथम् ।
नवपयोधरकान्त स वै भवान्, नवपयोऽधरपः प्रतियोषिताम् ॥४३॥

कारुण्य यस्य सः । येन व्रजपति तनयेन विना हे मदन ! त्वं मां तुदसि, अतएव मत्तुल्या हता दुःखिता कापि न ॥३९॥

ममानवधानात् हे मदन ! तां बधार्थं त्वं न वितुदेः ॥४०॥

नन्दय नन्दयेति वीप्सा, मदन मत्ततयोज्ज्वलं मदेन गर्व्वेण नमन्ति, मदाधिक्यात् गुणानि ओजः प्रसाद माधुर्य्याणि यत्र तद् हृदयम्,, ओजो बलम् ॥४१॥

काननं वृन्दावनं जयति, सदा सद् वर्त्तमानं नित्यमित्यर्थः । यत् काननमेत्य प्राप्य का मुख श्रीर्न नन्दति, न वर्धते, अपि तु वर्धत एव सर्वैव सुखसम्पत्तिः । का वा गोपी नन्दतनयस्य न मनोज्ञा, अपितु सर्वैव । न केवलं मनोज्ञा, अपितु का वा नन्दतनयस्याननं न धयति, अपि तु सर्वैव ॥४२॥

हे नवपयोधर कान्त ! हे नवमेघ श्याम ! मान्मथं योऽधरसं हृदि न वप, न रोपय इत्यर्थः । नवपयोधरा कान्ता यस्य हे तादृश ! नवा नवीनास्तासां प प्राण शोषण यतः 'पै ओ वै शोषणे' हे सञ्जीवन शोषकेत्यर्थः । यस्त्वं प्रतियोषितां मद्विपक्ष रमणीनामधरपः, अधरं पिबसीति ॥४३॥

व्रजराज कुमार की जय हो, विनत एवं उद्धत उभय विध जनके प्रति ही आप करुण हैं, मैं उनकी विरह भागिनी हो गई हूँ. मेरे तुल्य हतभागिनी और कौन है ? हे मदन ! तुम भी उपयुक्त अवसर प्राप्त कर मुझ को निपीड़न कर रहे हो ॥३९॥

राधा—अति सुकुमाराङ्गी मेरा अनवधान में ही वह ग्लानि प्राप्त कर रही है, हे मदन ! तुम्हारे समीप में यह अञ्जलि बन्धन कर रहा हूँ । तुम और उसको खरतर शर के प्रहार से बध न करो ॥४०॥

हे व्रजेन्द्र नन्दन ! वृषभानुनन्दिनी के उस मदनमदोज्ज्वल अतुल हृदय है, जहाँ मदाधिक्य से ओजः प्रसाद माधुर्य्य अधरीकृत होता है, उसको तुम अमन्द भावसे आनन्दित करो ।४१॥

सतत विद्यमान् उस वृन्दावन की जय हो, जिसको प्राप्त करने से समस्त सुख सम्पत्ति सम्वर्द्धित होती हैं, वहाँ कौन गोपाङ्गना नन्दनन्दन को मनोज्ञा नहीं है, किसने वा उनका मुखचन्द्र को चुम्बन नहीं किया है ॥४२॥

उदाहरणान्तर—हे पयोधर कान्त ! तुम्हारी नव पयोधर कान्ता सुखी रहे, मेरे हृदय में योधरस आरोपण की आवश्यकता नहीं है, विरत होओ । तुम मादृश नवीना के प्राण शोषण में एवं विपक्षरमणी

कामन्दधाना हृदयेऽनुरागं स्मरालसाङ्गी विद्रुनोति बाला ।
स्मरालसाङ्गी कुरुतां मुकुन्द, कामन्दधाना न भवेद् विना त्वाम् ॥४४॥

समस्त कल्याण गुणैक वारिधे, समस्तवास्ते कतमस्त्रिलोक्याम् ।
नमामि मे माधव संप्रसीद, न मानिने घ्नन्तु दुरन्त तापाः ॥४५॥

यथा वा—सदा नन्दमयं वपुस्ते, सदा सदासीनिकरः पुरश्च ।
महो महोद्दामरसस्तथायं, महो महो भूरि तवैव कृष्णः ॥

पादजं नवधा यमकं दर्शितम् ॥४६॥

अथ पादभागजानि दर्श्यन्ते—

कलहं कलहंसानां कलहं क—लं—हंसकाः ।
अभ्यस्यन्तीव गोपीनां चरणाम्भोजवासिनः ॥४७॥

कामं यथेष्टं हृदयेऽनुरागं दधाना बाला दुनोति । अतस्तां स्मर, अङ्गी कुरु च । हे अलस ! त्वां विना का मन्दधाना न भवेत्, अपि तु सर्वैव, धानं धारणम्, मन्दं धारणं यस्याः, दुःस्थितेत्यर्थः ॥४४॥

त्रिलोक्यां तव समः कतम आस्ते, मे मह्यं प्रसीद, इमे दुरन्ततापा मां न घ्नन्तु, न खण्डयन्तु ॥४५॥

हे कृष्ण ! तव निश्चितमाश्चर्यं भूरि प्रचुरं महस्तेजोऽस्ति न केवलमिदमेव, अपितु तवायं मह उत्सव एवं महानुद्दामरसश्चेत् पुनरपि तव दासदासी निकरः सह वर्त्तमानं पुरमस्ति, सदा कालत्रयेऽपि चिदानन्दमयं नित्यानन्दस्वरूपं वपुर्विग्रहं इत्यादि, अतस्तव समः कुत्रापि नास्तीत्यर्थः ॥४६॥

गोपीनां कलहंसकाः कं सुखं लान्तीति तथाभूता हंसकाः पादकटकाः कलहंसानां कादम्बानां कलहमभ्यस्यन्तीव, ते यथा परस्परं कहलायन्ते, तथा कलहायन्ते इव । कीदृशम् ? कलमव्यक्तमधुरध्वनि जिहीते प्राप्नोतीति तथा तद्धन्तीति वा, हन्तारमित्यर्थः ॥३७॥

के अधर पान में विशेष दक्ष हो, यह मैं जान गई हूँ ॥४३॥

स्मरालसाङ्गी श्रीराधा हृदये प्रचुर अनुराग धारण कर क्लेश भोग कर रही है । हे अलस शिरोमणे मुकुन्द ! तुम उसका स्मरण कर ग्रहण करो, तुम को प्राप्त न कर कौन कामिनी दुःस्थिता नहीं होती है ? ॥४४॥

हे माधव ! तुम समस्त कल्याण गुणों का एक समुद्र स्वरूप हो त्रिलोकी के मध्य में समान कौन है, तुमको मैं नमस्कार करता हूँ । तुम मेरे प्रति प्रसन्न हो, ये दुरन्त ताप समूह जैसे मुझको व्यथा प्रदान करें ॥४५॥

हे कृष्ण ! तुम्हारा शरीर सदासदानन्दमय है, पुर भी सदास दासी निकर---अर्थात् दास दासी निकर के सहित वर्त्तमान है । उत्सव भी अति उद्दाम रसमय, एवं तेज भी अति प्रचुर है । रस का अनुभव मैं कर रही हूँ ।

पद घटित नवधा यमक का प्रदर्शन हुआ ॥४६॥

पाद भाग घटित यमक का प्रदर्शन कर रहे हैं— गोपी वृन्दों के चरण कमल व्यापी कलध्वनिमय

मधुरा मधुराकोयाँ रजनी सा यदजनि ।
मधु–राम–धुरा कासां तदा नासीद्धरेः पुरः ॥४८॥
साध्वसाध्वध्य दत्ताङ्घ्रि गुरूणामपि सन्निधौ
कृष्णं वीक्ष्योत्सुका सासीत् साध्वसाध्वविचारतः ॥४९॥
काञ्चीदाम्नो रवस्तस्या रणतोऽरणतोऽतनोः ।
रण–तोरणतो भूरिश्रिणः कृष्ण–मनोऽहरत् ॥५०॥
दृशोरगोचरेणैव हरिणा हरिणाक्षि ते । कपोलभित्तिर्मानेभहरिणा हरिणाकृतिः ॥५१॥
अगोचरे सति हरौ वहत्येष मनो मम । मदनो मदनोदेनाऽमदनोमदनोजसा ॥५२॥
सदासि दासीनिकरैः परिच्छदैः, सदा सदानन्दविलासविग्रहः ।

मधुराकायाश्चैत्र पौर्णमास्या मधुरा रात्रिर्यदा अजनि, तदा हरेरग्रे कासां पीयमाने मधुभी रामधुरा रमणातिशयो नासीत् ॥४८॥

साध्वसाध्वनि साध्वस पथे न कदापि दत्तो अङ्घ्री यया सा गुरूणामप्यग्रे उत्सुका आसीत् । साधु च असाधु च तयोरविचारतः ॥४९॥

काञ्चीदाम्नः कथम्भूतस्य ? अरणतो गमनतो हेतो रणतः शब्दायमानस्य अतनोः कन्दर्पस्य रणतो-रणतोरण सम्बन्धिन स्तोरणाद् वन्दन मालायाः सकाशादपि भूरिश्रिणः भूयसी श्रीर्यस्य तस्य काञ्चीदाम्नो रवः श्रीकृष्णस्य मनोऽहरत् । न पुंसकाद् ह्रस्वोनुभागमश्च ॥५०॥

दृशोरगोचरत्वेनैव सता हरिणा श्रीकृष्णेन तव कपोलभित्ति हरिणाकृतिः पाण्डुच्छविरभूत् । कीदृशेन ? तव मान एव इभो हस्ती तस्य हरिणा तस्य हरिणा सिंहेन ॥५१॥

मदनो मनोवहति । केन ? मदनोदेन मत्तता खण्डनेन कीदृशः ? मदनोजसा ममाबल्येण (दुर्बलत्वेन) अमदनोऽहर्षणः मदिहर्षे ॥५२॥

हंसक (नूपुर)–समूह–कलहंसकुल–के परस्पर–कलह–जैसे–अभ्यास–कर रहे–हैं ॥४७॥

मधु राकाकी मधुरा रजनीके समागममें हरिके सम्मुख भागमें कौन रमणी मधुपानसे अतिरमणीया नहीं हुई ? ॥४८॥

श्रीकृष्ण—दृष्टि गोचर होने से साहसवती श्रीमती राधिका साधु असाधु विचार रहिता होकर गुरु जन वृन्दके सन्निधान में ही निरतिशय उत्कण्ठिता हो गई ॥४९॥

गमन के समय में मधुर ध्वनि कारी अतनु का रण तोरण से भी प्रचुर कान्तिधारी तदीय काञ्ची कलाप की कलध्वनि ने श्रीहरि के अन्तः करण को हरण किया ॥५०॥

अयि हरिणाक्षि ! मानमतङ्ग ज के केशरि स्वरूप वह श्रीहरि नयन युगल के अगोचरीभूत होने पर भी तुम्हारी यह कपोलभित्ति हरिणकान्ति से मण्डित हो गई ॥५१॥

श्रीकृष्ण—दृष्टि के बहिर्भूत होने से मेरी विकलता को देखकर मदन मदीय विनोदन कार्य्य में तत्पर नहीं होता है, किन्तु प्रभूत मत्तता को खण्डन पूर्वक चित्त को दग्ध करने में प्रवृत्त होता है ॥५२॥

स दासदाक्षिण्य कृपादिभिर्गुणैः, सदासदारो विललास माधवः ॥५३॥

केशिनाकेशि नाथेन, कामिनाऽकामि नारदः ।
कामिना कामि ना वा श्रीः, केशिना केशिनाशिना ॥५४॥

रत्याऽविरत्या विवृता नवीनै, रत्याविरत्यैविमनोजरागैः ।
रासेऽचरा सेचनकै विलासै, रासे च रासे चतुरामृगाक्षी ॥५५॥

एवमष्टादश— मनोजहार प्रतिमा समाना, सरस्वती ते मदसुस्वरूपे ।
मनोजहार प्रति मा समाना, सरस्वती ते मदसु–स्वरूपे ॥५६॥

परिच्छदैः सद सदासत् आनन्द मयो विलासो विग्रहश्च यस्य सः, स माधवः, दा दानम्, आसो दीप्तिर्दाक्षिण्यञ्च तदादिभिर्गुणैः सन् आस् उपवेशो येषां ते दारा यस्य सः ॥५३॥

केशिनाशिना कृष्णेन का वा श्रीर्ना आमि न प्रापि, अपितु सर्वैवेत्यर्थः । अम् गतौ । अमा नो ना प्रतिषेधे' कामिना अभिलाषवता केशिना प्रकृष्ट केशेन, को ब्रह्मा तस्य ईश्वरेण वा, केशि कस्य जलस्य इट् ईश्वरो वरुणस्तस्मिन्, तथा नाकेशि इन्द्रे च न आदरोऽकामि, न चक्रे—इत्यर्थः । कुतः ? नाथेन सर्वेश्वरेण, कं सुखममितुं प्राप्तुं शीलं यस्य तेन, पूर्णसुखेनेत्यर्थः ॥५४॥

सा मृगाक्षी विलासैः कर्त्तृभिः, आसे "अस दीप्त्याधानयोः" आदधे इत्यर्थः । कीदृशैः ? आसेचनकैः "तदासेचनकं तृप्ते नास्त्यन्तो यस्य दर्शनात् ।" त्वा कीदृशी ? रासे अचला अचञ्चला,—रासे रस समूहे च चतुरा । अविरत्या—विरति रहितया रत्या प्रीत्या विवृता विशेषेण वृता । तथैव अत्याविः, अतिप्रकटं यथा स्यात्तथा नवीनैर्मनोजरागैः कर्त्तृभिः, अत्यावि अतिशयेन ररक्षे ॥५५॥

हे मदसुस्वरूपे मत् प्राण तुल्ये ते तव सरस्वती वाणी मे मनोजहार । कीदृशी ? मामां प्रतिसमाना-सादरा, पुनः-कीदृशी ? मनोजस्य हार प्रतिमा मुक्ताहार तुल्या हृदय धारणार्हेत्यर्थः । समाना अवक्रा मदस्य मत्तताया यत् सुष्ठु स्वरूपं तस्मिन् सरस्वति समुद्रे इते सङ्गते, हे मूर्त्त मत्तता समुद्र प्रविष्टे–इत्यर्थः ॥५६॥

स दास दासी निकर समग्र परिच्छेद से परिवेष्टित, सदा सदानन्द विलासमय विग्रह दया दान दीप्ति दाक्षिण्यादि गुण गण विभूषित, सदार वह दामोदर कैसे सुन्दर विराजित हैं ॥५३॥

केशी—क--ब्रह्मा एवं ईश महादेव जहाँ निज अंश में विराजित हैं, एवं ना केशि—स्वर्गाधिपति--नाथ, का भी, वह कृष्ण आदर नहीं चाहते हैं, गोकुल-कामिनी कामुक, केशिनाशी, सुकेशधारी वह केशव कौन सम्पद के अधिकारी नहीं हैं ? अर्थात् पूर्ण हैं ॥५४॥

